

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



10 अडानी की झोली में आएगी दिग्गज ग्रुप की कंपनी, 5000 करोड़......

दिल्ली विधानसभा चुनावों में हमें केजरीवाल की मदद करनी चाहिए..... 12

वर्ष : 15 | अंक : 261 | नई दिल्ली, गुरूवार, 16 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर मुकदमा चलाने के लिए ईडी को मंजूरी दी

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ शराब घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग में कथित संलिप्तता के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार, साथ ही आप के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ भी मुकदमा चलाने को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 2021-22 शराब घोटाला मामले से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग के लिए ईडी को केजरीवाल पर पीएमएलए के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। बाद में केजरीवाल के नेतृत्व वाली तत्कालीन आप सरकार ने इस नीति को खत्म कर दिया था। यह कदम नवंबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए उस फैसले के बाद उठाया गया, जिसमें कहा था कि ईडी को भी मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 197 (1) (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218) के तहत मुकदमा चलाने के



लिए सीबीआई की तरह पहले मंजूरी लेनी होगी। दिल्ली में एक विशेष पीएमएलए अदालत ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप तय करने की प्रक्रिया को तब रोक दिया था, जब उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में यह चुनौती दी थी कि पीएमएलए के तहत अभियोजन की मंजूरी के बिना आरोप पत्र पर संज्ञान नहीं लिया जा सकता। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पिछले महीने पूर्व सीएम केजरीवाल पर मुकदमा चलाने के लिए एजेंसी को मंजूरी दे दी थी। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत चार्जशीट दाखिल करने वाली सीबीआई को अगस्त 2024 में शराब नीति से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में जरूरी स्वीकृति मिल गई थी। ईडी ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था और चार्जशीट में उनका नाम दर्ज किया। केजरीवाल वर्तमान में जमानत पर बाहर हैं। चार्जशीट में ईडी ने दावा किया कि उन्होंने गोवा चुनाव में अभियान के लिए कुछ शराब व्यापारियों को फायदा पहुंचाने के लिए रिश्वत ली थी। जांच एजेंसी ने कहा था कि केजरीवाल राष्ट्रीय संयोजक और आप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे धन और उत्पन्न धन के लिए जिम्मेदार थे। केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर 'साउथ ग्रुप' नामक एक कार्टेल से रिश्वत लेने का आरोप है, जो राष्ट्रीय राजधानी में शराब की बिक्री और वितरण को नियंत्रित करता था। आरोप है कि ग्रुप ने कथित तौर पर 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार द्वारा तैयार की गई आबकारी नीति से फायदा उठाया। केजरीवाल और सिसोदिया दोनों फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने अपने खिलाफ लगे आरोपों को खारिज किया है और भाजपा पर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को परेशान करने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। दोनों नेता अब दिल्ली में 5 फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा है कि वह बुधवार को नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 80,405

चांदी 1,1000

सेंसेक्स 80,220

निफ्टी 24,472

## संक्षिप्त खबरें

### जयशंकर ने स्पेन के राजा और राष्ट्रपति सांचेज से की मुलाकात



मैड्रिड/नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 13-14 जनवरी तक स्पेन की आधिकारिक यात्रा की और इस दौरान उन्होंने किंग फिलिप (षष्टम) और राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज से मुलाकात की। विदेश मंत्री के रूप में डॉ. जयशंकर की मैड्रिड की यह पहली यात्रा थी। यहां जारी एक बयान में कहा गया कि राजा और राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान और बातचीत पर संतोष व्यक्त किया तथा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए पिछले साल श्री सांचेज की भारत यात्रा से बनी अनुकूल स्थिति का लाभ उठाने पर सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्री ने अपने समकक्ष, विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस के साथ बैठक की और द्विपक्षीय सहयोग के संपूर्ण आयाम तथा आपसी हित के क्षेत्रीय एवं वैश्विक मामलों की समीक्षा की। मंत्रियों ने व्यापार और अर्थव्यवस्था, रक्षा और सुरक्षा, पर्यटन, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

# सैन्य सामर्थ्य अधिक सक्षम बनाना भारत की प्राथमिकता, मकसद विस्तारवाद नहीं विकासवाद: मोदी

मुंबई, एजेंसी

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य अधिक सक्षम और आधुनिक होना उसकी प्राथमिकताओं में से एक है लेकिन इसका मकसद विस्तारवाद नहीं बल्कि विकासवाद की भावना है। मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के तीन अग्रणी युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत पूरे विश्व और खासकर ह्यग्लोबल साउथ्ह्व में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। मोदी ने आज के दिन को भारत की समुद्री विरासत, नौसेना के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए ह्यबहुत बड़ाह्व करार देते हुए कहा, ह्यह्ययह पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर (विध्वंसक), एक फ्रिगेट और एक पनडुब्बी को एक साथ नौसेना के बेड़े में शामिल किया



जा रहा है। गर्व की बात है कि ये तीनों मेड इन इंडिया हैं। फ्रिगेट, युद्ध के लिए इस्तेमाल होने वाले जहाज होते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य और दृष्टिकोण दिया था और आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नौसेना को सशक्त करने की तरफ एक बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा, 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य भी अधिक सक्षम और आधुनिक हो, यह देश की प्राथमिकताओं में से एक है। जल हो, थल हो, नभ हो, गहरे समुद्र हों या फिर असीम अंतरिक्ष हो, हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है। इसके लिए निरंतर सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, आज भारत पूरे विश्व और खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। भारत विस्तारवाद नहीं, बल्कि विकासवाद की भावना से काम करता है। ह्यग्लोबल साउथ्ह्व शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में पहले उत्तरदाता के रूप में उभरा है और पिछले कुछ महीनों में भारतीय नौसेना ने हजारों लोगों की जान बचाई है और लाखों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कार्गो को सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा, इससे दुनिया भर में भारत के प्रति भरोसा बढ़ा है। आईएनएस नीलगिरि परियोजना 17ए स्टील्थ फ्रिगेट श्रेणी का शीर्ष जहाज है जो शिवालिक श्रेणी के युद्धपोतों में महत्वपूर्ण उन्नयन को दर्शाता है। भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किए गए और मजगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में निर्मित आईएनएस नीलगिरि में उन्नत विशेषताएं हैं। यह आधुनिक विमानन सुविधाओं से परिपूर्ण है तथा एमएच-60 आर समेत विभिन्न प्रकार के हेलीकॉप्टर का परिचालन कर सकता है। परियोजना 15 बी स्टील्थ विध्वंसक श्रेणी का चौथा और अंतिम युद्धपोत आईएनएस सूरत कोलकाता श्रेणी के विध्वंसक पोतों की अगली पीढ़ी का सदस्य है। इसके डिजाइन और क्षमता में सुधार किए गए हैं और यह नौसेना के सतह पर रहने वाले बेड़े का महत्वपूर्ण सदस्य है। इसे भी आईएनएस नीलगिरि की तरह वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है और एमडीएल में इसका विनिर्माण किया गया है। आईएनएस वाघशीर स्कॉर्पीन श्रेणी की परियोजना 75 के तहत छठा और अंतिम युद्धपोत है। यह बहुभूमिका वाला डीजल-विद्युत संचालित पोत है। तीनों युद्धपोतों का डिजाइन और निर्माण पूरी तरह भारत में हुआ है और इससे देश की रक्षा उत्पादन क्षेत्र में बढ़ती दक्षता रेखांकित होती है।

# आरएसएस की विचारधारा में नहीं, कांग्रेस की सोच में है देश की समृद्धि: खरगे-राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस के नये मुख्यालय को धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की नींव पर आधारित सतत समावेशी विकास का प्रतीक बताया और कहा है कि यह भवन हमारे मूल्यों को प्रतिबंधित करती रहेगी। श्री खरगे तथा श्री गांधी ने बुधवार को नये कांग्रेस मुख्यालय भवन के उद्घाटन के दौरान समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर हमला किया और कहा कि इस संगठन के प्रमुख मोहन भागवत लोकतंत्र और संविधान विरोधी बयान देते हैं, लेकिन वे भूल जाते हैं कि इस देश कि बुनियाद सद्भाव शांति और एकता की नींव पर आधारित है तथा उस विचार की संवाहक है जिसे महात्मा बुद्ध, गुरु नानक और भगवान कृष्ण ने प्रतिपादित किया है। श्री खरगे ने कहा, कांग्रेस पार्टी का नया मुख्यालय 'इंदिरा भवन' लोकतंत्र, राष्ट्रवाद, धर्मनिरपेक्षता, समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की नींव पर बनाया गया है। कांग्रेस के 140 साल पुराने गौरवशाली इतिहास का प्रतीक, यहाँ की दीवारें सत्य, अहिंसा, त्याग, संघर्ष और देशभक्ति की महान गाथा बयां करती हैं। श्री गांधी ने कहा, हम अपने नए मुख्यालय का उद्घाटन बहुत ही महत्वपूर्ण समय पर कर रहे हैं। यह बहुत ही प्रतीकात्मक है। यह इमारत कोई साधारण इमारत नहीं है। यह हमारे देश की मिट्टी से निकली है और यह लाखों लोगों की कड़ी मेहनत और बलिदान का परिणाम है। कांग्रेस पार्टी हमेशा विशेष मूल्यों के लिए खड़ी रही है, और हम उन मूल्यों को इस इमारत में प्रतिबिंबित देख सकते हैं। स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्ष का फल हमारा संविधान था। उन्होंने कहा, ये इमारत हमारे कार्यकताओं के खून से, हमारे हर एक नेता के खून से बनी है। इसमें आप सभी शामिल हैं जो कांग्रेस पार्टी के विचार का बचाव कर रहे हैं। यहां हर कोई कांग्रेस के विचारों का बचाव करते हुए गंभीर हमले का सामना कर रहा है लेकिन ये लोग भाजपा और आरएसएस के सामने आत्मसमर्पण नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास करने वाले लोग डरते नहीं हैं। उसी तरह से यह इमारत हमारे देश की मिट्टी से, हमारे नेताओं और हमारे कार्यकताओं के खून से निकली है। इस इमारत के पीछे का विचार भी हमारे देश के कोने-कोने तक पहुँचना चाहिए। इस इमारत के अंदर जो विचार हैं, वे हमारे देश के कोने-कोने तमिलनाडु, कश्मीर, पूर्वोत्तर, गुजरात, अंडमान और लक्षद्वीप तक आदि जगह तक पहुंचे। हमारे देश के हर कोने तक इस इमारत से निकले इस विचार का प्रचार-प्रसार होना चाहिए। आरएसएस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कल कहा कि भारत को 1947 में सच्ची आजादी नहीं मिली, बल्कि राम मंदिर के निर्माण के समय मिली। उन्होंने कहा था कि संविधान हमारी स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं है। हमारी विचारधारा आरएसएस की विचारधारा की तरह कल नहीं आई, बल्कि हजारों साल पुरानी है और तब से आरएसएस की विचारधारा से लड़ती आ रही है। हमारे अपने प्रतीक हैं। हमारे पास शिव हैं, हमारे पास बुद्ध हैं, हमारे पास गुरु नानक हैं, हमारे पास कबीर हैं और हमारे पास महात्मा गांधी हैं। ये सभी प्रतीक हैं जिन्होंने देश को सही रास्ता दिखाया है। सवाल है कि क्या गुरु नानक, बुद्ध, भगवान कृष्ण आरएसएस की विचारधारा से थे। इनमें एक भी नहीं है क्योंकि इनमें से हर एक ने समानता और भाईचारे के लिए लड़ाई लड़ी।

# राहुल गांधी जो भी कहते हैं, वह भारत को तोड़ने की दिशा में होता है: नड्डा

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बुधवार को कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की इस टिप्पणी से कांग्रेस का घिनौना सच सामने आ गया है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि हम अब भाजपा, आरएसएस और इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) से लड़ रहे हैंह्व। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी ने जो कुछ भी किया या कहा है, वह भारत को तोड़ने और समाज को विभाजित करने की दिशा में होता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा और आश्चर्य जताया कि फिर वह अक्सर भारतीय संविधान की प्रति अपने हाथ में लेकर क्यों घूमते हैं। राहुल ने राष्ट्रीय राजधानी के कोटला रोड पर 9ए स्थित कांग्रेस के नए मुख्यालय के उद्घाटन के बाद पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए कहा, यह मत सोचिए कि हम निष्पक्ष लड़ाई लड़ रहे हैं। इसमें कोई निष्पक्षता नहीं है। यदि आप मानते हैं कि हम भाजपा नामक एक राजनीतिक संगठन से लड़ रहे हैं या हम आरएसएस नामक एक राजनीतिक संगठन से लड़ रहे हैं तो आप नहीं समझ पाए हैं कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा, भाजपा और आरएसएस ने हमारे देश के प्रत्येक संस्थान पर कब्जा कर लिया है। अब हम सिर्फ भाजपा नामक राजनीतिक संगठन और आरएसएस से नहीं, बल्कि इंडियन स्टेट से भी लड़ रहे हैं। राहुल गांधी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नड्डा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर आरोप लगाया कि यह कोई रहस्य नहीं है कि राहुल गांधी और उनके परिवेशी तंत्र के शहरी नक्सलियों और डीप स्टेट के साथ गहरे संबंध हैं जो भारत को ह्यबदनाम, अपमानित और खारिज करना चाहते हैं। डीप स्टेट ऐसे समूह को कहा जाता है जो गोपनीय तरीके से अपने विशेष हितों को पूरा करने के लिए, खासकर लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों को अस्थिर करने के लिए काम करते हैं। नड्डा ने दावा किया कि राहुल गांधी ने जो कुछ भी किया या कहा है वह भारत को तोड़ने और हमारे समाज को विभाजित करने की दिशा में होता है। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा, ह्यह्यअब और कुछ छिपा नहीं है, कांग्रेस का घिनौना सच अब उनके अपने ही नेता द्वारा उजागर कर दिया गया है। उन्होंने कहा, मैं राहुल गांधी को बधाई देता हूं कि उन्होंने साफ तौर पर वह कह दिया, जो देश जानता है- कि वह भारत के खिलाफ लड़ रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का उन सभी ताकतों को प्रोत्साहित करने का इतिहास रहा है जो कमजोर भारत चाहते हैं। नड्डा ने कहा, सत्ता के लालच का मतलब देश की अखंडता से समझौता करना और लोगों के भरोसे को धोखा देना है।

# सोनिया गांधी ने कांग्रेस के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' का किया उद्घाटन

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को पार्टी के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' का उद्घाटन किया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी और पार्टी के अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहे। कांग्रेस के नए मुख्यालय का नया पता 'इंदिरा गांधी भवन' 9ए, कोटला रोड होगा। यह दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय से करीब 500 मीटर दूर है। इस भवन का निर्माण सोनिया गांधी के पार्टी अध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान शुरू हुआ था। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हम बहुत महत्वपूर्ण समय पर अपने नए मुख्यालय का उद्घाटन कर रहे हैं। यह इमारत कोई आम नहीं है। यह हमारे देश की मिट्टी से निकली है, करोड़ों लोगों की मेहनत और त्याग का परिणाम है। यह पार्टी हमेशा मूल्यों के एक विशेष समूह के लिए खड़ी रही है, और हम उन मूल्यों को इस इमारत में देख सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन का प्रतिफल हमारा संविधान है, जिसकी कल मोहन भागवत ने परोक्ष रूप से आलोचना की जब उन्होंने कहा कि संविधान हमारी स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं है। मोहन भागवत हर दो-तीन दिन में देश को यह बताने का साहस करते हैं कि वे स्वतंत्रता आंदोलन और संविधान के बारे में क्या सोचते हैं। उन्होंने कल जो कहा वह देशद्रोह है क्योंकि वह बता रहे हैं कि संविधान अमान्य है, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई अमान्य थी। उन्होंने सार्वजनिक रूप से यह बात कहने का दुस्साहस किया है। उनका यह बयान हर एक भारतीय का अपमान है और अब समय आ गया है कि हम इस बकवास को सुनना बंद कर दें।

# मतदाता सूची में नामों के दोहराव संबंधी याचिका पर विचार करें: दिल्ली उच्च न्यायालय ने ईसी से कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को निर्वाचन आयोग (ईसी) से कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी की मतदाता सूची में नामों के कथित दोहराव पर चिंता जताने वाली याचिका पर उचित स्तर पर विचार करे और ऐसे तकनीकी उपकरण अपनाए जिससे इस तरह के दोहराव को खत्म करने में मदद मिले। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि जब तक आयोग उनकी याचिका पर विचार करेगा, तब तक दिल्ली विधानसभा चुनाव समाप्त हो चुके होंगे। इस पर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, हर चुनाव से पहले ऐसे मामले आते हैं। पीठ में न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला भी शामिल थे। पीठ ने कहा, मतदाता सूची में संशोधन की एक प्रक्रिया है। इस स्तर पर ऐसा नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता ने कहा कि इस मुद्दे से पूर्व मुख्यमंत्री भी व्यथित हैं। निर्वाचन आयोग की ओर से पेश हुए अधिवक्ता सिद्धांत कुमार ने कहा कि याचिका में कथित दोहराव का एक भी उदाहरण नहीं दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि आयोग ने मतदाता सूचियों के संशोधन के लिए आवश्यक प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है और यहां तक कि उच्चतम न्यायालय ने भी इस मुद्दे पर विचार किया है। अदालत ने निर्वाचन आयोग के वकील से कहा, उन्होंने कहा कि दो उपकरण हैं। अगर आपको लगता है कि आपके द्वारा इस्तेमाल किए गए उपकरण बेहतर हैं, तो यह ठीक है। आपको कुछ भी करने की जरूरत नहीं है। अगर आपको पता चलता है कि ये उपकरण बेहतर हैं, तो इस पर विचार करें। हम आपसे केवल यह कह रहे हैं कि आप अपने विवेक का इस्तेमाल बंद नहीं करें। अदालत ने आदेश दिया, इसके मद्देनजर, हम प्रतिवादियों (निर्वाचन आयोग और दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी) को याचिका में दिए गए कथनों पर उचित चरण में विचार करने का निर्देश देकर याचिका का निपटारा करना उचित समझते हैं। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि अगर आयोग को ऐसे तकनीकी उपकरण मिलते हैं जो नामों के दोहराव को हटाने में आयोग की सहायता करेंगे, तो उन्हें अपनाया जाएगा। याचिकाकर्ता राष्ट्रवादी आदर्श महासंघ (एक राजनीतिक दल) ने अपनी जनहित याचिका में आरोप लगाया कि दिल्ली की मतदाता सूची में कई मतदाताओं के नामों का दोहराव हुआ है और प्रविष्टि में शामिल ऐसे नामों को हटाने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाए गए हैं। याचिका में कहा गया है कि कुछ ऐसे तकनीकी उपकरण हैं जिनका उपयोग दोहराव का पता लगाने के लिए किया जा सकता है। इसलिए याचिका में निर्वाचन अधिकारियों को ऐसे उपकरणों को अपनाने एवं ऐसी प्रविष्टियों को हटाने के लिए निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया है।

**विकसित भारत** | जनरल द्विवेदी ने पुणे में सेना दिवस परेड की सलामी लेकर सैनिकों में भरा जोश ......

# नए युग की दहलीज पर खड़ा देश 'विकसित भारत' लक्ष्य की ओर बढ़ा: सेनाध्यक्ष

- मार्चिंग दस्तों के माथे पर पसीने की बूंदें और आंखों में अनुभव की चमक दिखाई दी

पुणे, एजेंसी




पुणे। थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को पुणे में सेना दिवस परेड की सलामी ली। उन्होंने देश की सीमाओं पर तैनात जवानों पर भरोसा जताते हुए कहा कि आज हमारा देश एक नए युग की दहलीज पर खड़ा है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। परेड में विभिन्न मार्चिंग दस्तों और हथियारों के जरिए सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया गया। सेना दिवस परेड 1949 में फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा की भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ के रूप में नियुक्ति की याद दिलाती है, जो भारत के स्वतंत्रता के बाद के सैन्य नेतृत्व का प्रतीक है। थल सेनाध्यक्ष ने कहा कि हमारे देश को प्रगति और विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए एक स्थिर और सुरक्षित वातावरण की आवश्यकता है, जिसमें भारतीय सेना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुझे विश्वास है कि हम भारतीय सेना को एक आधुनिक, चुस्त, प्रौद्योगिकी सक्षम और भविष्य के लिए तैयार बल बनाने के लिए प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि उत्तरी सीमाओं पर स्थिति स्थिर पर संवेदनशील भी है। हमारी सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और सक्षम है। उत्तरी सीमाओं पर आधुनिक उपकरण और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। पश्चिमी सीमाओं की नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम लागू है, लेकिन घुसपैठ की कोशिश जारी है। जम्मू-कश्मीर के आंतरिक क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप हिंसा में काफी कमी आई है। पिछले साल संसद, विधानसभा चुनाव और अमरनाथ यात्रा का शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होना सुरक्षा स्थिति में सुधार को दशार्ता है। थल सेनाध्यक्ष ने आर्मी डे परेड में सेना पदक (वीरता) और अन्य पुरस्कार प्रदान किए। परेड में मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री, मद्रास रेजिमेंट, मराठा लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंट, रेजिमेंट आफ आर्टिलरी, मिलिट्री पाइप्स एंड ड्रम बैंड, बाम्बे इंजीनियर ग्रुप, आर्मी आर्डिनेंस कार्प्स और एनसीसी के दस्तों ने मार्च करके सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया। मार्चिंग दस्तों के माथे पर पसीना और आंखों में अनुभव की चमक दिखाई दी। मार्चिंग दस्तों पर आर्मी एविएशन के हेलीकॉप्टरों ने पुष्पों की बारिश करके पूरे माहौल को देशभक्ति के जोश से भर दिया। सेना दिवस परेड में पहली बार ऐतिहासिक रूप से नेपाली आर्मी बैंड की टुकड़ी ने भाग लिया, जो भारतीय और नेपाली सेना के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई। इस टुकड़ी में तीन महिला सैनिकों सहित 33 सदस्य शामिल रहे, जिसमें ब्रास और पाइप बैंड ने अनूठी सांस्कृतिक और संगीतमय झलक जोड़ी। नेपाली आर्मी बैंड ने भारत और नेपाल के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों को दशार्ने वाली संगीत परंपराओं का मिश्रण पेश किया। यह दोनों देशों के बीच बढ़ते सैन्य और राजनयिक संबंधों का प्रमाण है। महिला सशक्तीकरण और उत्कृष्टता के एक महत्वपूर्ण प्रदर्शन में पहली बार अग्निवीर महिला मार्चिंग टुकड़ी ने भारतीय सेना में महिलाओं की उल्लेखनीय यात्रा को आगे बढ़ाया। 'नारी शक्ति' की थीम के अनुरूप अग्निवीर महिला मार्चिंग टुकड़ी ने महिला सैन्य पुलिस की ताकत, अनुशासन और समर्पण का प्रदर्शन किया। कैप्टन संध्या राव एच की कुशल कमान के तहत यह टुकड़ी भारतीय सेना में महिलाओं के नेतृत्व और प्रतिबद्धता का उदाहरण है। अग्निवीर महिला मार्चिंग टुकड़ी की भागीदारी भारतीय सेना के लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और अपने रैंकों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए चल रहे प्रयासों का प्रमाण है। परेड के दौरान आर्मी एविएशन के चेतक हेलीकॉप्टरों ने नए फार्मेशन में उड़ान भरी। भारतीय सेना ने टी-90 टैंक भीष्म, के-9 वज्र, बीएमपी सारथ, लाइट स्ट्राइक व्हीकल, स्पेशलिस्ट मोबिलिटी व्हीकल बजरंग, पिनाका मल्टीपल लांचर सिस्टम, मोबाइल संचार नोड, ड्रोन जैमर प्रणाली, ब्रिजिंग सिस्टम का प्रदर्शन करके अपनी ताकत दिखाई। परेड में कई झांकियों का भी प्रदर्शन किया गया। मिशन ओलंपिक की झांकी ने खेलों के प्रति सेना की प्रतिबद्धता को उजागर किया। पूर्व सैनिकों की सेना के प्रति 'सर्वदा प्रतिबद्धता ' को दशार्ती झांकी पेश की गई। कार्बन तटस्थता प्रयासों को दशार्ती झांकी ने पर्यावरण का संदेश दिया।

# रं कल्याण संस्था और रं यूथ फोरम की ओर से किया गया संवाद कार्यक्रम

**युवाओं ने बताए सफलता के मंत्र**

**पिथौरागढ़, एजेंसी।**
रं कल्याण संस्था और रं यूथ फोरम की ओर से आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं ने स्थानीय युवाओं को परिश्रम और सफलता के मंत्र बताए।

रं कल्याण संस्था और रं यूथ फोरम की ओर से आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं ने स्थानीय युवाओं को परिश्रम और सफलता के मंत्र बताए।

रं कल्याण संस्था के केंद्रीय मुख्य संरक्षक नृप सिंह नपलच्याल ने कहा कि अब युवाओं को स्वामी विवेकानंद के कहे शब्द उठो जागो और लक्ष्य को प्राप्त करो सूत्र के तहत कार्य करना चाहिए और स्वयं के आत्मविश्वास को बढ़ाना चाहिए। 18 से 30 वर्ष के 12 वर्ष युवाओं के लिए स्वर्णिम होते हैं। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई भी शॉर्टकट नहीं होता है। वरिष्ठ उप महालेखा निरीक्षक पद में तैनात आईएएस अधिकारी लोकेश दताल ने कहा कि युवाओं को दसवीं या 12वीं कक्षा से ही अपना लक्ष्य तय कर लेना चाहिए। जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शैलजा पुनेठा ने कहा कि देश में हरित क्रांति के रूप में कृषि से भी रोजगार पाया जा सकता है।

भीमताल शीतल जल अनुसंधान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रवि पतियाल ने कहा कि नीली क्रांति के रूप में मत्स्य पालन से बड़ी संख्या में लोग रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद सिंह ह्यांकी ने कहा कि पर्यटन और स्वरोजगार में युवाओं के लिए अपार संभावना है। संस्था के पदाधिकारियों ने सभी को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन गिरधर सिंह रौतेला और करन थापा ने किया। युवा समन्वयक राजेंद्र नबियाल ने युवाओं से सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्य में जुटने का आह्वान किया। दीपक रोंकली ने सहयोग के लिए युवाओं का आभार जताया।

यहां अजय नबियाल, चंद्र सिंह नपलच्याल, बिशन सिंह बौनाल, नारायण नपलच्याल, शांति नबियाल, अमृता ह्यांकी,रमेश पतियाल, दीपक रोंकली, अशोक नबियाल, राम सिंह सौनाल, महिमन सिंह ह्यांकी, राम सिंह ह्यांकी, अरविंद खैर, खुशाल गर्खाल, डॉ. किशोर सिर्खाल, मोहन दताल, प्रेम गर्ब्याल, बृजेश नबियाल, गुड्डू नपलच्याल, निहारिका गर्ब्याल सहित कई युवा मौजूद रहे।



# पहाड़ से आती केमू बस में टूटी मिली कमानी, की गई सीज

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
मरचूला और भीमताल जैसे बस हादसों के बावजूद बस संचालक अब भी लापरवाही करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सोमवार को परिवहन विभाग के निरीक्षण में पहाड़ से आती एक केमू बस की कमानी तक टूटी मिली। इस पर बस सीज कर दी गई। इसके अलावा 11 अन्य बसों के चालान हुए और नौ बसों का फिटनेस सर्टिफिकेट रद्द किया गया।परिवहन विभाग ने सोमवार को केमू और रोडवेज बसों की जांच के लिए निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान विभाग ने काठगोदाम में केमू की बसों की जांच की। वहीं हल्द्वानी डिपो के वर्कशॉप में रोडवेज बसों की जांच की गई। एआरटीओ प्रशासन बिपिन सिंह ने बताया कि वर्कशॉप में रोजाना करीब 15 बसों का निरीक्षण किया जा रहा है। रोड पर जाने से पहले ही इनकी कमियां दुरुस्त करवाई जा रही हैं। हर बस की रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाएगी। केमू की नौ बसों का चालान किया गया। वर्कशॉप में निरीक्षण के दौरान परिवहन विभाग ने 10 रोडवेज बसों की जांच की। विभाग ने फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, टायर समेत सभी चीजों की जांच की। एआरटीओ ने बताया कि ज्यादातर बसों में जीपीएस एक्टिव नहीं मिला। जिम्मेदारों को बताया गया है कि बसों के संचालन से पहले जीपीएस आवश्यक रुप से एक्टिव किया जाए। इसके अलावा टूटे शीशे, खराब सीटें, खराब स्पीड गर्वनर, इमरजेंसी दरवाजे आदि को दुरुस्त करने के लिए परिवहन निगम को कहा गया।

## निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदान केंद्रों

**लालकुआं, एजेंसी।**
नगर पंचायत लालकुआं निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर तुषार सैनी ने सोमवार को राजस्व विभाग एवं नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत में सात मतदान केंद्रों के आठ मतदेय स्थलों पर मतदान होगा। निरीक्षण के दौरान मोहित बोरा रजिस्ट्रार कानूनगो, भुवन चंद्र जोशी वरिष्ठ सहायक, कृष्ण कुमार कर संग्रहकर्ता, सोनू भारती कनिष्ठ सहायक आदि थे।

## संक्षिप्त समाचार

### गुणवत्ता के साथ समय से करें जेजेएम के काम -सीडीओ

**भीमताल, एजेंसी।** सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने सोमवार को विकास भवन में जल जीवन मिशन योजना के कार्यों की समीक्षा बैठक की। हल्द्वानी क्षेत्र में योजना के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता नहीं होने और काम पूरा नहीं करने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। सीडीओ ने विभागीय अधिकारियों को जेजेएम योजना के निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ मार्च से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही नैनीताल क्षेत्र में निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर सीडीओ ने जल्द काम पूरा करने को कहा। सीडीओ ने बताया कि जेजेएम योजना के निर्माण कार्यों के लिए थर्ड पार्टी की ओर से जांच की गई थी। उन्होंने कहा कि अधिकांश ग्राम पंचायतों के प्रधानों की ओर निर्माण कार्य पूरा होने की सहमति दी है। शेष कार्यों को जल्द पूरा करने को कहा गया है। उन्होंने 15 दिन में प्रगति रिपोर्ट देने को कहा है। विकास भवन परिसर में सोमवार को सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने जलसंरक्षण को लेकर सारा और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। सीडीओ ने बताया कि जलसंरक्षण के लिए जिले में काम किया जा रहा है। इसके लिए कैंची धाम, घोड़ाखाल सैनिक स्कूल और भालूगाड में अमृत सरोवर बनाए जाएंगे। इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से प्रस्ताव तैयार कर देने को कहा है। बताया कि अमृत सरोवर में 50 प्रतिशत धनराशि विभागीय मदों से और 50 प्रतिशत सारा के माध्यम से दी जाएगी।

### 13सीपीटी27 पी- चंपावत जिला मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकालती पुलिस। पुलिस विभाग

**डीडीहाट, एजेंसी।** निकाय चुनाव को देखते हुए पुलिस और एसएसबी ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला। थानाध्यक्ष सुरेश कंबोज ने लोगों से निकाय चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। वहीं एसडीएम खुशबू पांडे ने प्रत्याशियों के साथ बैठक की। कहा निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का सभी प्रत्याशियों को पालन करना होगा। यदि गाइडलाइन का उल्लंघन हुआ तो कार्रवाई होगी।

### मुवानी-हल्द्वानी केमू बस का शुरू हुआ संचालन

**मुवानी, एजेंसी।** आखिरकार मुवानी- हल्द्वानी केमू बस का संचालन दोबारा शुरू हो गया है। बस संचालन शुरू होने से हल्द्वानी के लिए आवाजाही सुगम होगी। बस सेवा शुरू होने से रामगंगा घाटी की बड़ी आबादी को राहत मिली है। मुवानी से हल्द्वानी के लिए पहले नियमित केमू बस सेवा संचालित होती थी। दीपावली पर्व के बाद बस के नियमित संचालन में लगातार रुकावट आ रही थी। पिछले माह हल्द्वानी- अल्मोड़ा हाईवे पर पहाड़ी दरकने पर बस का संचालन बंद हो गया था।

### जंगली सूअर, बंदर, लंगूर कर रहे फसल नष्ट

**गंगोलीहाट, एजेंसी।** गंगोलीहाट के रावल गांव, हनेरा, खतेड़ा, लाली, कुंजनपुर, कोठरा, भाटगांव सहित कई गांव के लोग जंगली जानवरों से परेशान हैं। रात के समय जंगली सूअर फसलों और बंदर, लंगूर सब्जियों की क्यारियों को नष्ट कर रहे हैं। इस वजह से लोगों ने सब्जियों का उत्पादन करना बंद कर दिया हैं। बंदर और लंगूर मकान की छतों पर चढ़कर उत्पाद मचा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले कई वर्षों से मौसमी सब्जियां नहीं उगा पा रहे हैं। जंगली जानवर खेत नष्ट कर रहे हैं।

### पिथौरागढ़ से प्रयागराज के लिए कुंभ स्पेशल बस सेवा शुरू की जाए

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** प्रयागराज में इस वर्ष विशेष महाकुंभ हो रहा है। सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने पिथौरागढ़ से प्रयागराज के लिए कुंभ स्पेशल बस सेवा संचालित किए जाने की मांग की है। सोसायटी के सुनील वर्मा ने परिवहन विभाग के क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक को भेजे पत्र में कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 144 वर्ष के बाद विशेष महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। इस महाकुंभ में सीमांत जिले से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज जाएंगे। वर्तमान में प्रयागराज के लिए बस सेवा नहीं होने से लोगों को अलग-अलग वाहनों से सफर करना पड़ता है।

# 36 संवेदनशील, 24 अति संवेदनशील बूथों पर कड़ी सुरक्षा के बीच होगा मतदान

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** सीमांत जिले के छह निकायों में 36 बूथ संवेदनशील और 24 बूथ अति संवेदनशील घोषित किए गए हैं। इन बूथों पर कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान होगा। 88 बूथों पर मतदान संपन्न कराने के लिए 120 रिजर्व सहित 120 पोलिंग पार्टियां बनेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद गोस्वामी ने कहा कि इस बार जिले के छह निकायों में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। 61,121 मतदाता मतदान कर अपने नगर की सरकार चुनेंगे। 30,952 महिला जबकि 30,461 पुरुष मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने बताया कि छह निकायों में 24 मतदान केंद्रों के 36 बूथ संवेदनशील और 13 मतदान केंद्रों के 24 बूथ अति संवेदनशील श्रेणी में शामिल हैं। इनमें शांतिपूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। बताया कि छह निकायों में 88 बूथों पर मतदान के लिए रिजर्व सहित 120 पोलिंग पार्टियां बनेंगी। 16 जनवरी को सभी मतदान कर्मियों को अंतिम प्रशिक्षण दिया जाएगा। कहा निष्पक्ष और निर्विवाद मतदान संपन्न कराने के लिए निर्वाचन विभाग गंभीर है। इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि नगर निकाय चुनाव के सफल संचालन के लिए मतगणना कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद गोस्वामी की उपस्थिति में सुबह 10ः30 बजे से होगा। रेंडमाइजेशन जिला सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कांफ्रेंस हाल में किया जाना जाएगा। उपजिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निकाय ने प्रभारी अधिकारी, कार्मिक, प्रभारी अधिकारी, मतदान, मतगणना, कंप्यूटराइजेशन और प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण को समय पर उपस्थित होने को कहा है। एसपी अजय गणपति के निर्देशानुसार सीओ वंदना वर्मा ने जिले की पुलिस की ओर से बनाए गए डिजिटल वालंटियर के साथ ऑनलाइन गोष्ठी की। इस दौरान सोशल मीडिया में भ्रामक खबरों का खंडन करने पर चर्चा हुई।

मंगलवार को सीओ ने नगर निकाय स्थानीय सामान्य निर्वाचन को लेकर सोशल मीडिया पर किए जा रहे प्रचार-प्रसार और स्थानीय स्तर पर हो रही अनैतिक गतिविधियों के बारे में चर्चा की गई। उन्होंने सभी डिजिटल वालंटियर को सोशल मीडिया में एक्टिव रहने, नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर सोशल मीडिया में भ्रामक सूचना फैलाने वाले व्यक्तियों की सूचना देने, गलत खबरों का खंडन करने, क्षेत्र में होने वाली अनैतिक गतिविधियों की सूचना जिले में पुलिस को दिए जाने वाले संबंधित अपील की गई।

# कांग्रेस मेयर उम्मीदवार ने किया जनसंपर्क

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
कांग्रेस के मेयर उम्मीदवार ललित जोशी ने मंगलवार को रानीबाग सहित अन्य स्थानों पर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में निगम के नए क्षेत्र विकास से वंचित है।

माघ मास भाईचारे, सामूहिकता और सादगी का प्रतीक है, जो समाज में स्नेह और सहयोग का संदेश देता है। इसके पश्चात ललित जोशी ने उत्तरायणी मेले की शोभायात्रा में भाग लिया। उन्होंने घुघुतिया त्यौहार की बधाई देते हुए कहा कि त्यौहार हमारी सांस्कृतिक पहचान है। इसे संजोना और संवारना हमारी जिम्मेदारी है।

कांग्रेस के शासन में इस क्षेत्र का समग्र विकास हुआ था, लेकिन आज यह क्षेत्र नगर निगम में शामिल होने के बावजूद विकास से वंचित है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए समग्र कार्य किए जाएंगे।



इस अभियान में विधायक सुमित हृदयेश, जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया, पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश नैनवाल, आनंद कुरजवाल, रमा पांडेय, राहुल सोनकर, संजय साह, नवल बिष्ट, पवन साह, दीपक तिवारी और मोहन बुलाकोटी समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 452 ग्राम अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार, केस दर्ज

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** पुलिस ने अफीम के साथ रामपुर के एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया गया है। एसएसपी के निर्देश पर जिलेभर में पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। पुलिस ने अफीम के साथ रामपुर के एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार सोमवार शाम एएनटीएफ में तैनात एसआई कौशल भाकुनी टीम के साथ पाम सिटी तिराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच बिलासपुर से बाइक पर आ रहे युवक को पुलिसकर्मियों ने रुकने का इशारा किया था। इस पर युवक बाइक मोड़कर वापस जाने की कोशिश करने लगा लेकिन सड़क टूटी होने के कारण बाइक रपट गई। इस पर पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। उसने अपना नाम गुरचरन सिंह उर्फ मिन्टू निवासी ग्राम टैमरा थाना बिलासपुर रामपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से मोबाइल और 340 रुपये बरामद हुए। बाइक के हैंडिल पर लटके कपड़े के बैग को खोलकर देखा तो उसमें से 452 ग्राम अफीम मिली।

# नशे के छह तस्करों पर लगा गैंगस्टर, एसएसपी के निर्देश पर अलग-अलग कोतवाली में दर्ज किए गए मामले

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो गिरोह के छह सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए हैं। कोतवाली अल्मोड़ा और भतरौजखान में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। अल्मोड़ा में पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो गिरोह के छह सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज किए हैं। कोतवाली अल्मोड़ा और भतरौजखान में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पिछले दिनों अल्मोड़ा कोतवाली पुलिस की ओर से दो युवकों गौरव सिंह बिष्ट और दीपक सिंह बिष्ट निवासी अल्मोड़ा को कार से स्मैक की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने कोतवाली पुलिस को गैंगस्टर अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। वहीं भतरौंजखान पुलिस ने पिछले बीते 26 दिसंबर को चार आरोपियों जावेद हसन, मो. हसनैन, दिवावर हुसैन और आसिफ निवासी रामपुर उत्तर प्रदेश को 75 किलो गांजा सहित गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।




# अशोक सिंघल सेवाधाम वात्सल्य वाटिका में नव निर्मित भवन का उद्घाटन

**हरिद्वार, एजेंसी।**
हरिद्वार के अशोक सिंघल सेवाधाम वात्सल्य वाटिका में मंगलवार को नव निर्मित भवन का उद्घाटन किया गया। मकर संक्रांति के दिन ही वात्सल्य वाटिका की स्थापना अशोक सिंघल ने की थी। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिद्वार विश्वविद्यालय के कुलपति सत्येंद्र गुप्ता ने तथा संचालन प्रधानाचार्य उदय राज सिंह चौहान ने किया। मुख्य अतिथि अर्चना जैन (डायरेक्टर, एकम्स ग्रुप, सिडकुल हरिद्वार) और नितिन गौतम (अध्यक्ष, गंगा सभा), साध्वी गंगा दास, डॉ नरेश मोहन सदस्य प्रबंध समिति वात्सल्य वाटिका, अमित कुमार संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर बहादराबाद और आसपास के 15 गांवों से संस्कार शालाओं के बच्चों ने देशभक्ति गीत, प्रेरणादायक नाटक, लोकगीत और तात्कालिक विषयों पर मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। वात्सल्य वाटिका के बच्चों ने ताइक्कांडो और योग का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि अर्चना जैन ने संस्कारशाला योजना को ग्रामीण बच्चों के संस्कार विकास के लिए एक उत्कृष्ट पहल बताया। प्रांत सेवा प्रमुख अनिल भारतीय ने कहा कि ÷सच्चा त्याग वही है जो दुख मानकर नहीं, बल्कि सेवा भाव से किया जाता है।÷ वात्सल्य वाटिका के प्रबंधक प्रदीप मिश्रा ने ÷नर सेवा ही नारायण सेवा÷ के महत्व को बताया और वात्सल्य वाटिका के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी।



## प्रत्याशियों के खर्च पर नजर रखने को व्यय प्रेक्षकों की हुई तैनाती

**हल्द्वानी, एजेंसी।** राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के खर्च पर नजर रखने के लिए व्यय प्रेक्षकों की तैनाती कर दी है। नोडल अधिकारी (प्रोटोकॉल प्रेक्षक) ऋचा सिंह ने बताया कि नगर निकाय चुनाव को संपन्न कराने के लिए राज्य कर विभाग के संयुक्त आयुक्त ऑडिट रोहित श्रीवास्तव को रामनगर, नैनीताल, भवाली, भीमताल एवं नगर पालिका कालाढूंगी का व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है। इसी तरह उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय देहरादून के वित्त नियंत्रक नरेंद्र सिंह को नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम एवं नगर पंचायत लालकुआं का व्यय प्रेक्षक बनाया गया है।

## पाषाण देवी मंदिर पहुंची बाबा नीब करौरी की मूर्ति, प्राण प्रतिष्ठा 21 को

**नैनीताल, एजेंसी।** ठंडी सड़क में स्थित मां पाषाण देवी मंदिर में जल्द ही बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन भी हो सकेंगे। मंदिर समिति की ओर से यहां 21 जनवरी को बाबा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।ठंडी सड़क स्थित मां पाषाण देवी मंदिर का 19वां वार्षिकोत्सव 19 से 21 जनवरी तक मनाया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी जगदीश भट्ट ने बताया कि इस वर्ष मंदिर में बाबा नीब करौरी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर मालपुए का भोग लगाया जाएगा। मूर्ति को राजस्थान से बनवाया गया है, जिसका वजन करीब डेढ़ क्विंटल है।

## निराश्रित मवेशियों को प्लॉट में घेरकर किया बंद

**हल्द्वानी, एजेंसी।** रामपुर रोड में गन्ना सेंटर के समीप बैड़ा पोखरा क्षेत्र के काश्तकार निराश्रित मवेशियों से परेशान हैं। पिछले कई दिनों से फसलों को नष्ट कर रहे कई ऐसे कई मवेशियों को ग्रामीणों ने एक प्लॉट में बंद कर दिया। अब ग्रामीण इन मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था भी कर रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई माह से बैड़ा पोखरा समेत आसपास के गांवों में निराश्रित मवेशियों का आतंक छाया हुआ है। वे जहां तहां फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। साथ ही सड़कों के किनारे हादसों का कारण भी बन रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार को उन्होंने 20 से अधिक मवेशियों को एक प्लॉट में बंद कर दिया है।

# डांठ चौराहे पर महात्मा गांधी की नई प्रतिमा स्थापित

**नैनीताल, एजेंसी।**
तल्लीताल डांठ चौराहे पर महात्मा गांधी की नई प्रतिमा स्थापित कर दी गई है। फिलहाल यह प्रतिमा ट्रायल के तौर पर लगाई गई है और जल्द ही इसका भव्य अनावरण किया जाएगा। लोनिवि की ओर से दिल्ली से मंगाई गई इस अष्टधातु की प्रतिमा में महात्मा गांधी को सूत कातते हुए दिखाया गया है।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व नगर में इसी स्थान पर सड़क किनारे महात्मा गांधी की खड़ी प्रतिमा है, जिसे यहां से हटाये जाने और नयी प्रतिमा को सड़क के घुमाव के बीच लगाये जाने की योजना है।

सात कुन्तल वजनी नयी प्रतिमा अपने प्रभावशाली आकार के कारण आकर्षण का केंद्र बन रही है। उम्मीद की जा रही है यह न केवल नैनीताल की सुंदरता को बढ़ाएगी, बल्कि नैनी झील के पार्श्व के साथ लोगों के लिये सेल्फी लेने का एक नया आकर्षण भी बनेगी और महात्मा गांधी के विचारों, खासकर उनके हमेशा कर्तव्यशील रहने के साथ उनकी सादगी और स्वदेशी अपनाने के संदेश को भी आमजन तक पहुंचाएगी। भियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि फिलहाल प्रतिमा परीक्षण के लिए स्थापित की गई है। प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद इसे स्थायी रूप से स्थापित कर इसका ऑपचारिक अनावरण किया जाएगा।





# मैराथन में मीनाक्षी, रघुवेंद्र और अंकित सबसे तेज दौड़े

**नैनीताल, एजेंसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नैनीताल इकाई की ओर से स्वामी विवेकानंद की जयंती पर डीएसए मैदान में मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें 50 के अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।जीवंती भट्ट की ओर से अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित कर ट्रॉफी दी गई। बालिका वर्ग में मीनाक्षी फर्त्याल प्रथम, बबिता बिष्ट द्वितीय, अंकिता गड़िया तृतीय, जबकि बालक वर्ग में रघुवेंद्र सिंह बिष्ट पहले, कृष्णा बिष्ट दूसरे व गोकुल बगडवाल तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा बाल्य वर्ग में अंकित बिष्ट प्रथम, कुनाल प्रताप सिंह कार्की द्वितीय व योगेश आर्या तृतीय रहें।

## लालकुआं में हादसे में युवक की मौत

**लालकुआं, एजेंसी।** राजमार्ग पर तेज रफ्तार वाहन ने एक अज्ञात व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के शव को हल्द्वानी मोर्चरी भिजवा दिया है। सोमवार तड़के बच्चीधर्मा क्षेत्र में तड़के करीब 4ः30 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई।
मौके पर पहुंची पुलिस ने उजाला होने पर उसकी शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

# समाचार पत्रों ने की न्यूज प्रिंट पर से जीएसटी हटाने की मांग

## समाचार पत्रों के समक्ष अस्तित्व के संकट को लेकर नई दिल्ली में होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

प्रात : किरण संवाददाता




रांची । पूरे देश में समाचार पत्रों के समक्ष गहराते संकट और मौजूदा समस्याओं को दूर करने के लिए नवगठित अखिल भारतीय समाचार पत्र प्रकाशक - संपादक संघ की आज यहां रांची प्रेस क्लब में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में अखबारी कागज (न्यूज प्रिंट) को पूरी तरह जीएसटी से मुक्त करने की मांग की गई । इस मांग को लेकर संघ आगामी फरवरी माह में नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मेलन आयोजित करेगा और केन्द्र सरकार से इस समस्या का हल निकालने का आग्रह करेगा ।

बैठक में उपस्थित बिहार , झारखंड , नई दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों के चार दर्जन से अधिक समाचार पत्रों के प्रकाशकों - संपादकों ने कहा कि आज देश के समाचार पत्र कई कठिनाइयों के दौर से गुजर रहे हैं और इन्हें दूर करने के लिए संघ निरंतर प्रयास करेगा । बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार समाचार पत्र प्रकाशक - संपादक संघ की ओर से समाचार पत्रों खासकर अखबारी कागज (न्यूज प्रिंट) को जीएसटी से मुक्त करने और प्रिंट मीडिया के विज्ञापनों पर लगने वाले जीएसटी को पूरी तरह समाप्त करने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा । संघ की बैठक में इस मुद्दे पर सर्वसम्मति बनी कि यदि अखबारी कागज (न्यूज प्रिंट ) पर जीएसटी को तत्काल वापस नहीं लिया जाता है तब तक प्रसार जांच की नई पॉलिसी को स्थगित रखने के साथ-साथ सरकार इसकी समीक्षा के लिए एक आयोग का गठन करे और आयोग समाचार पत्रों के समक्ष सरकार के स्तर पर उत्पन्न कठिनाइयों को दूर करने के संबंध में गहन अध्ययन कर एक प्रतिवेदन केंद्र सरकार को समर्पित करें ।

बैठक में प्रकाशकों ने एक स्वर से कहा कि आज हिंदी समेत सभी भाषाई अखबारों के समक्ष अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है और इससे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा खतरा दिख रहा है । उन्होंने कहा कि यदि देश में बड़े पैमाने पर समाचार पत्रों के समक्ष बंदी की स्थिति उत्पन्न हुई तो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से समाचार पत्रों से जुड़े एक करोड़ परिवार यानि करीब 5 करोड़ लोग प्रभावित तथा बेरोजगार हो जाएंगे । बेरोजगार होने वाले में प्रखंड, अनुमंडल, जिला तथा राज्य स्तर पर कार्यरत पत्रकारों के अलावा अखबार के वितरण कार्य में लगे हॉकर तथा एजेंट भी शामिल होंगे । इससे देश की अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा और पूरे देश के समक्ष बेरोजगारी को लेकर अलग तरह का बड़ा संकट उत्पन्न हो जाएगा । इसके साथ 6 वर्षों से विज्ञापन दर को संशोधित करने के मामले को लंबित रखे जाने के समाधान किए जाने पर जोर दिया गया । संघ की ओर से कहा गया है कि अखबारी कागज, स्याही , मुद्रण में प्रयुक्त होने वाली अन्य सामग्रियों पर जीएसटी लागू किए जाने से अखबार प्रकाशन की लागत में काफी वृद्धि हुई है जबकि दूसरी ओर डीएवीपी का विज्ञापन दर पिछले 6 वर्षों से संशोधित नहीं किया गया है । गौरतलब है कि डीएवीपी ( अब केंद्रीय संचार ब्यूरो ) की ओर से प्रत्येक 3 वर्ष पर विज्ञापन दर संशोधित करने की परंपरा रही है ।

बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 10 फरवरी को नई दिल्ली के प्रेस क्लब ऑफ इंडिया या कांस्टीट्यूशन क्लब में समाचार पत्र प्रकाशकों - संपादकों का एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें समाचार पत्र उद्योग की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा होगी और इस सिलसिले में समस्याओं के समाधान के लिए संघ का शिष्टमंडल प्रधानमंत्री , केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, सूचना एवं प्रसारण सचिव , केंद्रीय संचार ब्यूरो और प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो के महानिदेशक तथा भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक से मिलकर समाचार पत्र उद्योग के समक्ष उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए विचार - विमर्श और आग्रह करेगा । बैठक में सभी प्रकाशकों और संपादकों की आशंका थी कि यदि समाचार पत्र उद्योग पर गहराते संकट को दूर करने के लिए अपेक्षित कदम नहीं उठाए गये तो लोकतंत्र के चौथा स्तंभ का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा ।

बैठक में कमल किशोर, रजत गुप्ता, अशोक कुमार, प्रेम शंकर, विनय कुमार, श्रीराम अम्बष्ट, विनय वर्मा, राहुल सिंह, रोहित दत, देवन राय, संजय पोद्दार, नित्यानंद शुक्ला , एस एम खुर्शीद, सम्पूणानंद भारती, सौरभ सिंह, अविनाश चन्द्र ठाकुर, नवल सिंह, मधुकर सिंह, मो रहमतुल्लाह, संतोष पाठक, मुस्तकीम आलम, अनश रहनुमा समेत बड़ी संख्या में प्रकाशक - सम्पादक उपस्थित थे।

## घने कोहरे की चादर में लिपटा दिल्ली-एनसीआर, विजिबिलिटी शून्य, आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली एनसीआर समेत पूरा उत्तर भारत घने कोहरे की चपेट में है। राष्ट्रीय राजधानी में विजिबिलिटी बेहद कम है। मौसम विभाग ने घना कोहरा और बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली एनसीआर में घना कोहरा छाया रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से आसमान में भी बादल छाए रहेंगे और हल्की बूंदाबादी भी हो सकती है। वहीं, अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रह सकता है। दिल्ली में घने कोहरे की वजह से ट्रेन और बस सेवा पर असर पड़ रहा है। ट्रेन अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। वहीं, सड़कों पर भी गाड़ियां रेंग रही हैं।

मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर बादल गरजने के साथ ही बिजली गिरने की भी आशंका जताई है।

मौसम विभाग का कहना है कि सुबह के समय 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। हवा की गति धीरे-धीरे दोपहर में 6 से 8 किमी प्रति घंटे तक बढ़ जाएगी। वहीं, दिल्ली के अलावा नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद भी कोहरे की चादर में लिपटा हुआ है। इससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 0 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में 1-4 डिग्री सेल्सियस, उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कई हिस्सों में 4-10 डिग्री सेल्सियस, पूर्व और पश्चिम भारत के कई हिस्सों में तापमान 10-16 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। इसके अलावा, पिछले 24 घंटों के दौरान, मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 1-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।

उधर, मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ इलाकों के तापमान में 1-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 : महरौली सीट का क्या कहता है इतिहास? त्रिकोणीय मुकाबले ने बढ़ाया रोमांच

प्रात : किरण संवाददाता




नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। 70 सदस्यीय विधानसभा वाली दिल्ली में इस बार लड़ाई रोमांचक हो गई है। हाईप्रोफाइल सीटों में गिनी जानी वाली इनमें महरौली से इस बार आप पर हैट्रिक का दबाव होगा। दरअसल, महरौली सीट दक्षिण दिल्ली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है। यह इलाका साइबर सिटी गुरुग्राम और वसंत कुंज के पास पड़ता है। इसके अलावा यहां लाडोसराय, कुसुमपुर पहाड़ी, साकेत और जेएनयू भी आता है। यहां आवासीय कॉलोनियों के साथ-साथ झुग्गी-झोपड़ियां भी मौजूद हैं।

यह जगह ऐतिहासिक नजरिए से भी काफी महत्वपूर्ण है। महरौली गुलाम वंश की राजधानी रही है। यहां कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा बनवाई गई कुतुब मीनार मौजूद है, जो यूनेस्को विश्व धरोहर की सूची में शामिल है। इसके अलावा 13वीं शताब्दी के सूफी संत ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी की दरगाह भी यहीं मौजूद है। साथ ही अहिंसा स्थल भी मौजूद है, जो एक जैन मंदिर है। साल 1993 से 2020 तक हुए विधानसभा चुनाव के दौरान यहां कांग्रेस, बीजेपी और आप तीनों दलों के विधायक जीतते आए हैं। बीजेपी ने 1993, 1998 और 2013 में जीत दर्ज की। वहीं, कांग्रेस ने 2003 और 2008 में जीत हासिल की। साल 2015 और 2020 में लगातार दो बार यह सीट आप के पास रही है।

महरौली से आम आदमी पार्टी के मौजूदा विधायक नरेश यादव हैं, जिन्हें पार्टी ने 2025 विधानसभा चुनाव में फिर टिकट दिया था, हालांकि, बाद में उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। वह कुरान की बेअदबी से संबंधित एक मामले के चलते विवादों में रहे थे। इसके बाद पार्टी ने महेंद्र चौधरी को मैदान में उतारा। महेंद्र चौधरी की पत्नी महरौली से पार्षद हैं। वहीं, भाजपा ने गजेंद्र यादव को टिकट दिया है, जबकि कांग्रेस ने पुष्पा सिंह पर दांव चला है। वर्तमान विधायक नरेश यादव के हटने के बाद यहां मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

साल 2020 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो इस सीट पर आप के नरेश यादव ने बाजी मारी थी। नरेश यादव को 62,417 वोट मिले और उनका वोट शेयर 54.27 फीसद था। वहीं, भाजपा की कुसुम खत्री 44,256 वोट के साथ दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्हें 38.48 फीसद वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के महेंदर चौधरी को 6.04 फीसद वोट शेयर के साथ 6,952 मत मिले थे। महरौली सीट की जातिगत आंकड़ों पर नजर डालें तो यहां जाट और मुस्लिम मतदाता अहम भूमिका में हैं। यहां जाट वोटर 16 फीसद, मुस्लिम 6.9 फीसद, ईसाई 1.7 फीसद और जैन 0.6 फीसद है। महरौली विधानसभा में कुल मतदाता 2,16, 404 हैं। यहां पुरुष मतदाता 1,18,855, महिला मतदाता 97,536 और 13 थर्ड जेंडर वोटर हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस ने जारी की दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की चौथी सूची

नई दिल्ली। कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 16 उम्मीदवारों की चौथी सूची आज जारी कर दी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने वरिष्ठ नेता कृष्णा तीरथ को पटेल नगर सुरक्षित सीट से उम्मीदवार बनाया है जबकि घोंडा सीट से भीष्म शर्मा को टिकट दिया गया है। गोकुलपुर सु सीट से प्रमोद जयंत का नाम काटकर ईश्वर बागड़ी को पार्टी का नया उम्मीदवार बनाया है।

पार्टी उम्मीदवारों की सूची किस प्रकार है

1 मुंडका से धरम पाल लकडा
2 किरारी से राजेश गुप्ता
3 मॉडल टाउन से कुंवर करण सिंह
4 पटेल नगर सु श्रीमती कृष्णा तीरथ
5 हरी नगर से प्रेम शर्मा
6 जनकपुरी से श्रीमती हरबानी कौर
7 विकासपुरी से एडवोकेट जितेंद्र सोलंकी
8 नजफगढ़ से सुश्री सुषमा यादव
9 पालम से मांगेराम
10 आरके पुरम से विशेष टोकस
11 ओखला से सुश्री अरीबा खान
12 विश्वास नगर से राजीव चौधरी
13 गांधीनगर से कमल अरोड़ा
14 शाहदरा से जगत सिंह
15 घोंडा से भीष्म शर्मा
16 गोकुलपुरी सु से ईश्वर बागड़ी

### प्रवेश वर्मा, रमेश बिधूड़ी, और सतीश उपाध्याय ने दाखिल किया नामांकन

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रवेश वर्मा, रमेश बिधूड़ी और सतीश उपाध्याय ने नामांकन दाखिल किया। प्रवेश वर्मा ने नई दिल्ली विधानसभा सीट, रमेश बिधूड़ी ने कालकाजी विधानसभा सीट और सतीश उपाध्याय ने मालवीय नगर से अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पहले प्रवेश वर्मा ने आज मंदिर मार्ग पर वाल्मीकि मंदिर में पूजा कर महर्षि वाल्मीकि जी का आशीर्वाद लिया और एनडीएमसी के सफाईकर्मियों को अपने हाथों से जूते पहनाकर आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी ने भी नामांकन दाखिल कर दिया। उन्होंने कालकाजी विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पहले उन्होंने पार्टी कार्यालय में पूजा अर्चना की। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने कहा कि मैंने कालकाजी विधानसभा सीट से नामांकन भर दिया है। अब यहां की जनता को नई उम्मीद मिली है। उन्हें पूरा भरोसा है कि आम आदमी पार्टी के शासनकाल में जिस तरह नर्क का जीवन वे जी रहे थे, उन्हें अब इससे छुटकारा मिलेगा। अब यहां की जनता को पानी और कूड़े के ढेर से छुटकारा मिलेगा। अब यहां विकास होगा। जैसा हमने संगम विहार और तुगलकाबाद में करके दिखाया है। अब उसी तरह का विकास आने वाले दिनों में कालकाजी में भी देखने को मिलेगा। कालकाजी के लोगों को अब आपदा से छुटकारा मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल षड्यंत्रकारी हैं।


## घने कोहरे की चादर में लिपटा दिल्ली-एनसीआर, विजिबिलिटी शून्य, आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर समेत पूरा उत्तर भारत घने कोहरे की चपेट में है। राष्ट्रीय राजधानी में विजिबिलिटी बेहद कम है। मौसम विभाग ने घना कोहरा और बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली एनसीआर में घना कोहरा छाया रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से आसमान में भी बादल छाए रहेंगे और हल्की बूंदाबादी भी हो सकती है। वहीं, अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

दिल्ली में घने कोहरे की वजह से ट्रेन और बस सेवा पर असर पड़ रहा है। ट्रेन अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। वहीं, सड़कों पर भी गाड़ियां रेंग रही हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर बादल गरजने के साथ ही बिजली गिरने की भी आशंका जताई है।

मौसम विभाग का कहना है कि सुबह के समय 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। हवा की गति धीरे-धीरे दोपहर में 6 से 8 किमी प्रति घंटे तक बढ़ जाएगी। वहीं, दिल्ली के अलावा नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद भी कोहरे की चादर में लिपटा हुआ है। इससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 0 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में 1-4 डिग्री सेल्सियस, उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कई हिस्सों में 4-10 डिग्री सेल्सियस, पूर्व और पश्चिम भारत के कई हिस्सों में तापमान 10-16 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। इसके अलावा, पिछले 24 घंटों के दौरान, मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 1-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। उधर, मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ इलाकों के तापमान में 1-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।


### ऋतुराज झा पर पूनावाला की टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन करेगी आम आदमी पार्टी

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने बुधवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक समाचार चैनल पर उनकी पार्टी के विधायक ऋतुराज झा को अपशब्द कहे जिसके विरोध में उनकी पार्टी दिल्ली भर में प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शन बृहस्पतिवार को किया जाएगा। आप सांसद ने दावा किया कि पूर्वांचल से संबंध से रखने झा को पूनावाला ने मंगलवार को एक राष्ट्रीय समाचार चैनल पर अपशब्द कहे। सिंह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, झा मैथिल ब्राह्मण हैं। झा को मंगलवार को भाजपा प्रवक्ता ने राष्ट्रीय समाचार चैनल पर अपशब्द कहे। मैं भाजपा सांसद मनोज तिवारी से पूछना चाहता हूं कि मैथिल ब्राह्मण विधायक को गाली दी गई है आप कहां हैं? आप कुछ क्यों नहीं बोल रहे हैं? उन्होंने कहा, हम बृहस्पतिवार को दिल्लीभर में विरोध प्रदर्शन करेंगे। आज से पूर्वांचली इलाकों में मेरी बैठकें शुरू हो रही हैं। मैं उन्हें इस अपमान के बारे में बताऊंगा।

## घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से दिल्ली हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानों में देरी

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से बुधवार सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानों के परिचालन में देरी हुई। एक अधिकारी ने बताया कि अब तक किसी भी उड़ान के मार्ग परिवर्तन या रद्द किए जाने की सूचना नहीं है। इंडिगो ने सुबह आठ बजकर 18 मिनट पर एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली में कम दृश्यता और कोहरे के कारण कुछ देरी हो सकती है। हम मौसम पर करीब से नजर रख रहे हैं और आपको सुरक्षित एवं सुचारू रूप से आपके गंतव्य तक पहुंचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

दिल्ली हवाई अड्डा के संचालक डायल ने कहा कि हवाई अड्डे पर विमानों का उतरना और उड़ान भरना जारी है, लेकिन सीएटी तीन के अनुपालन दायरे से बाहर उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। सीएटी तीन की सुविधा कम दृश्यता की स्थिति में उड़ान संचालन की अनुमति देती है। फ्लाइटराडार24 डॉट कॉम पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, बुधवार को 100 से अधिक उड़ानें देरी से संचालित हुईं।

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन लिमिटेड (डायल) ने सुबह सात बजकर 35 मिनट पर एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान की अद्यतन जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। किसी भी असुविधा के लिए हमें गहरा खेद है। राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) प्रतिदिन लगभग 1,300 उड़ानों का संचालन करता है।

## भाजपा की रणनीति सिर्फ पैसे और जूते-चप्पल बांटने तक ही सीमित : संदीप पाठक

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संदीप पाठक के मुताबिक भाजपा के पास दिल्ली के लोगों के विकास के लिए कोई विजन नहीं है। यह पार्टी सिर्फ बेबुनियादी बातें करती है, जिनका लोगों के हितों से कोई सरोकार नहीं है। संदीप पाठक ने कहा, भाजपा के पास विजन नहीं है। इसके इतर हमारी पार्टी के पास दिल्ली के विकास के लिए एक विजन है। हम समाज के हर व्यक्ति का विकास चाहते हैं। भाजपा की रणनीति सिर्फ पैसे और जूते-चप्पल बांटने तक सीमित रह गई है। भाजपा का विजन यही है कि वे सोने की चेन और पैसे बांटकर चुनाव जीतें। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार बीजेपी का प्रदर्शन और भी खराब रहेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा ने अपने नेताओं के घरों पर फर्जी वोटिंग के लिए कई वोट जुड़वाए हैं, जिसमें 30-35 वोट सिर्फ प्रवेश शर्मा के घर पर जुड़े हैं। चुनाव में बीजेपी ने वोटर मैनिपुलेशन के लिए झुग्गी-बस्तियों और सर्वेंट क्वार्टरों में भी फर्जी वोट बनवाए हैं। भाजपा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी फर्जी वोट बनवाकर चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है। उनका कहना है कि चुनाव आयोग के डेटा से यह साबित हो रहा है कि कई जगहों पर अप्रत्याशित वोट जोड़े गए हैं। पाठक ने आप के विजन को और स्पष्ट किया। बोले, हमारा विजन महिला सशक्तिकरण है। हम हर महिला को 2100 प्रति माह देने का वादा करते हैं और बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना लेकर आएंगे, जिसमें वे प्राइवेट और सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज करा सकेंगे। इसके बीच गृह मंत्रालय ने ईडी को अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने की अनुमति दे दी है। साथ ही, उनकी सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं।

### मटियाला में आप, भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर

नई दिल्ली । दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) एक बार फिर सत्ता हासिल करने का प्रयास कर रही है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लंबे इंतजार के बाद जीत का डंका बजाने की ताक में है। इस चुनाव में मटियाला विधानसभा सीट कई मायनों में बहुत अहम है। इस बार यहां तगड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। मटियाला विधानसभा क्षेत्र दिल्ली की 70 विधानसभा क्षेत्रों में से एक है। यह सीट पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट का हिस्सा है। मटियाला विधानसभा क्षेत्र साल 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आया। 2020 दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार गुलाब सिंह यादव ने यहां से जीत दर्ज की थी। उन्हें कुल 139,010 वोट मिले थे। जबकि भाजपा उम्मीदवार राजेश गहलोत को 110,935 और कांग्रेस उम्मीदवार सुमेश शौकीन को 7,317 वोट मिले थे।

## केजरीवाल ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए निकाली पदयात्रा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा चुनावों के लिए नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए बुधवार को पार्टी कार्यालय से पदयात्रा शुरू की। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी पत्नी सुनीता के साथ सुबह हनुमान मंदिर और वाल्मीकि मंदिर में पूजा-अर्चना की और फिर वह नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए नई दिल्ली जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय को रवाना हुए।

केजरीवाल ने वाल्मीकि मंदिर में दर्शन करने के बाद कहा, मैंने और मेरे परिवार ने भगवान वाल्मीकि का आशीर्वाद लिया है। इसके बाद मैं हनुमान मंदिर जाकर बजरंगबली का आशीर्वाद लूंगा और आज अपना नामांकन दाखिल करूंगा। मुझे उन लोगों के बारे में कुछ नहीं कहना है जो सोचते हैं कि वे एक जोड़ी जूते से दिल्लीवासियों को खरीद सकते हैं।

खालिस्तानी समर्थक एक संगठन से अपनी जान को खतरा होने की खबरों पर आप नेता ने कहा कि ईश्वर उनके साथ है।

उन्होंने प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पत्रकारों से कहा, ह्यजाको राखे साइयां मार सके न कोय। भगवान मेरे साथ हैं। जब तक व्यक्ति की जीवनरेखा है, तब तक वह जीवित रहता है। जिस दिन किसी की जीवनरेखा समाप्त हो जाती है, भगवान उसे बुला लेते हैं।

वर्ष 2013 से नई दिल्ली विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे केजरीवाल का मुकाबला इस बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के परवेश वर्मा और कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित से है। दिल्ली में 70 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए पांच फरवरी को मतदान होना है और आठ फरवरी को यहां मतगणना होगी।

## भाजपा ने फिर पूर्वांचल समाज के लोगों को गाली देकर अपमानित किया, गुरुवार को दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन करेगी आप- संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी ने भाजपा प्रवक्ता द्वारा पूर्वांचल समाज से आने वाले विधायक ऋतुराज झा को सरेआम गाली देकर अपमानित करने पर कड़ी आपत्ति की जताई है। आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा ने एक बार पूर्वांचल समाज के लोगों को गाली देकर अपमानित किया है। आम आदमी पार्टी गुरुवार को इसके खिलाफ दिल्ली में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन करेगी। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पुनावाला ने एक राष्ट्रीय न्यूज चैनल पर मैथिल ब्राह्मण ऋतुराज झा को गाली दी। अब भाजपा के सांसद मनोज तिवारी और गिरिराज सिंह चुप क्यों हैं? दरअसल, पूर्वाचलियों को गाली देने और अपमानित करने का भाजपा ने अभियान चला रखा है। कुछ दिन पहले संसद में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पूर्वांचलियों को बांग्लादेशी, रोहिंग्या कहकर अपमानित किया। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के रहने वाले भाजपा समेत सभी दलों के नेताओं को भी सामने आकर इसके खिलाफ बोलना चाहिए। बुधवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और विधायक ऋतुराज झा ने पार्टी मुख्यालय पर संयुक्त प्रेसवार्ता की। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा ने पूर्वांचलियों को गाली देने, धमकाने और रोहिंग्या कहकर अपमानित करने का अभियान चला रखा है। हमने देखा कि देश की संसद में भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पूर्वांचल, यूपी बिहार के लोगों को रोहिंग्या और बांगलादेशी कहा। आज पूर्वांचल समाज के लोग अपने ही देश में बांग्लादेशी हो गए। पूरे दिल्ली में अभियान चलाकर यूपी, बिहार, झारखंड के लोगों को रोहिंग्या और बांग्लादेशी कहकर उनके वोट कटवाए गए। यूपी, बिहार के लोगों को गाली देने का भाजपा का पुराना इतिहास है। ये लोग कहते थे कि इनकी हैसियत केवल दरी बिछाने की है। दिल्ली में छठ घाट बनाने के लिए हम संघर्ष करने पड़ते थे। अब सारी सीमाएं पार करते हुए भाजपा के प्रवक्ता ने पूरे देश के सामने राष्ट्रीय चैनल पर आप के विधायक ऋतुराज झा को गाली दी। भाजपा के प्रवक्ता ने इतनी गंदी गाली दी कि उस शब्द का प्रयोग भी नहीं किया जा सकता। ये भाजपा का चरित्र है। संजय सिंह ने कहा कि ऋतुराज झा मैथिली ब्राह्मण समाज से आते हैं। मैथिली भाषा का एक अलग स्थान है। यूपी, बिहार, पूर्वांचल के लोग अपने परिश्रम से दिल्ली को बनाते हैं और भाजपा के नेता इन्हीं लोगों को गाली दे रहे हैं। मैं भाजपा नेता मनोज तिवारी से पूछता हूं कि मैथिली-ब्राह्मण समाज के एक निर्वाचित विधायक को गाली दी गई है और वो कहां छिपे हैं? मनोज तिवारी इस पर कुछ क्यों नहीं बोलते? अब उनके मन में पूर्वांचल का सम्मान कहां गया? भाजपा सांसद गिरिराज सिंह बताएं कि बिहार से आने वाले दिल्ली के एक विधायक को जिसने अपनी मेहनत से अपना स्थान बनाया, उन्हें राष्ट्रीय टीवी चैनल पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गाली दी, गिरिराज सिंह इसपर चुप क्यों हैं?

संजय सिंह ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड पार्टी के नेता और राज्यसभा सदस्य संजया झा से भी मैं अपील करता हूं कि वो इस मामले में बोलें। भाजपा में जितने यूपी, बिहार, पूर्वांचल के नेता हैं यह उनके लिए परीक्षा की घड़ी है। कम से कम वो इतनी बड़े अपमान के विरोध में एक शब्द तो बोलें। अपने मुंह से थोड़ी तो आवाज निकालें। यह बात ठीक नहीं है। हम लोग यहां आकर मेहनत करते हैं। क्या हम लोग अपना खून-पसीना बहाकर दिल्ली और देश के बड़े-बड़े शहरों को इसलिए बनाते हैं कि भाजपा के नेता हमें गाली दें

## दिल्ली ने ओढ़ी घने कोहरे की चादर, विमानों और रेलगाड़ियों के परिचालन में देरी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में बुधवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता कम हो जाने के कारण 100 से अधिक उड़ानों और 26 रेलगाड़ियों का परिचालन बाधित हुआ। दिल्ली में न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.4 डिग्री सेल्सियस कम है। सुबह यहां बेहद ठिठुरन रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सुबह करीब साढ़े पांच बजे सफदरजंग में मध्यम कोहरे और हल्की हवा के बीच न्यूनतम दृश्यता 200 मीटर और पालम में घने कोहरे और धीमी हवा के बीच न्यूनतम दृश्यता 150 मीटर दर्ज की। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर सभी रनवे कैट-तृतीय स्थितियों के तहत संचालित हो रहे हैं, जिसमें ह्यरनवे विजुअल रेंज (आरवीआर)ह्न 75 से 300 मीटर के बीच है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) ने कहा कि हवाई अड्डे पर विमानों की आवाजाही जारी है, लेकिन जो उड़ानें कैट तृतीय-के अनुरूप नहीं है, उनपर असर पड़ सकता है। कैट तृतीय सुविधा, विमानों को कम दृश्यता की स्थिति में भी उड़ान भरने की अनुमति देती है। फ्लाइटरडार24.कॉम पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, बुधवार को कोहरे की वजह से 100 से अधिक उड़ानों के परिचालन में देरी हुईं।

डीआईएएल ने सुबह सात बजकर 35 मिनट पर एक पोस्ट में कहा, ह्ययात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान की अद्यतन जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और राजधानी के कई इलाकों में घना कोहरा छाने की खबर है। ह्यऑरेंज अलर्टह्न उस समय जारी किया जाता है, जब मौसम खराब होने के कारण रेल और सड़क सेवाएं बाधित हो सकती हैं। आईएमडी ने लोगों से कोहरे के दौरान वाहन चलाते या यात्रा करते समय सावधानी बरतने, बेहतर दृश्यता के लिए फॉग लाइट का उपयोग सुनिश्चित करने, असुविधाओं से बचने के लिए एयरलाइन, रेलवे अधिकारियों और राज्य परिवहन सेवाओं के साथ समन्वय करके समय-सारिणी के बारे में अद्यतन जानकारी लेते रहने को कहा है। आईएमडी के अनुसार, दिनभर आसमान में बादल छाए रहने और कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है।

# केजरीवाल ने महिला शक्ति के साथ पदयात्रा कर नई दिल्ली से किया नामांकन

## केजरीवाल परिवार के साथ वाल्मीकि मंदिर व प्राचीन हनुमान मंदिर जाकर दिल्ली की समृद्धि, शांति व खुशहाली के लिए प्रार्थना की

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को नई दिल्ली विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। नामांकन से पहले, वह अपने परिवार के साथ वाल्मीकि मंदिर और प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचे और शीश झुकाकर भगवान से आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली की समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसके बाद वह आप मुख्यालय पहुंचे और वहां से पूरी दिल्ली से भारी तादात में आईं माताओं-बहनों के साथ करीब डेढ़ किलोमीटर की पदयात्रा कर नामांकन दाखिल करने पहुंचे। पदयात्रा में ह्यफिर लाएंगे केजरीवालह्न गाने पर महिलाएं जमकर डांस कीं और अरविंद केजरीवाल को जीत का आशीर्वाद दिया।

अरविंद केजरीवाल ने नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा कि दिल्ली की जनता इस बार काम की राजनीति को चुनेगी। पिछले 10 वर्षों में दिल्ली की जनता ने जो प्यार और आशीर्वाद दिया, उसने मुझे पूरी लगन और सेवाभाव से काम करने की शक्ति और प्रेरणा दी है। इस अवसर पर अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल और बेटा-बेटी के साथ उनकी बहन भी मौजूद रहीं। साथ ही आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन और सांसद डॉ. संदीप पाठक, दिल्ली की पूर्व मेयर शैली ओबेरॉय, विधायक राखी बिड़लान, प्रीति मेनन, पार्षद सारिका चौधरी समेत अन्य वरिष्ठ नेता व बड़ी तादात में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पिछले 10 साल में हमने क्या किया और अगले 5 साल में क्या करेंगे, हम इस पर चुनाव लड़ रहे- केजरीवाल

नामांकन के उपरांत अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से कहा कि आप सभी काम के लिए वोट दीजिएगा। एक तरफ काम करने वाली पार्टी है और एक तरफ गाली-गलौज करने वाली पार्टी है। गालियां देने से कोई फायदा नहीं होता है। गालियां देने से कोई तरक्की और विकास नहीं होता है। हम इस बात पर चुनाव लड़ रहे हैं कि हमने पिछले 10 साल में क्या काम किया, आगे पांच साल में क्या काम करेंगे और हमारा दिल्ली का विजन क्या है? हम इन चीजों पर चुनाव लड़ रहे हैं। दूसरी तरफ, भाजपा सुबह से शाम तक केवल हमें गालियां देती है। इसलिए दिल्ली की जनता से हमारी अपील है कि आप शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क समेत अन्य कामों के लिए वोट दीजिए। हमने कई सारे काम किए हैं और अभी कई सारे काम करने हैं। मैं पूरी उम्मीद करता हूं कि लोग जमकर काम के लिए वोट देंगे। हमारे पास दिल्ली के लिए एक विजन है, लेकिन भाजपा के पास न सीएम चेहरा है और ना ही लीडरशिप है- केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि 2015 और 2020 में दिल्ली की जनता ने हमारे ऊपर विश्वास किया और आम आदमी पार्टी को भारी बहुमत दिया। इस बार भी मैं उम्मीद करता हूं कि 2015 और 2020 की तरह ही दिल्ली के लोग विश्वास के साथ हमें वोट देंगे और उतना ही भारी बहुमत देंगे। हम एक पॉजिटिव कैंपेन चला रहे हैं। हम लोगों को बता रहे हैं कि पिछले 10 साल में हमने स्कूल, अस्पताल अच्छे किए। इलाज फ्री किया, मोहल्ला क्लीनिक बनाए। सड़कें ठीक कीं। बिजली 24 घंटे की, बिजली फ्री कर दी। पानी ठीक कर रहे हैं। महिलाओं के लिए बसों का किराया मुफ्त किया। अब महिला सम्मान योजना के तहत दिल्ली की हर महिला को 2100-2100 रुपए हर महीना देंगे। संजीवनी योजना लागू करके 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का सारा इलाज फ्री कराएंगे। हमारे पास दिल्ली के लिए एक विजन है, लेकिन भाजपा के पास न कोई सीएम चेहरा है और न कोई लीडरशिप है और ना तो भाजपा यह बता रही है कि वह दिल्ली के लिए क्या करेगी? भाजपा यह भी नहीं बता रही है कि पिछले 10 साल में उन्होंने क्या किया। भाजपा वाले 24 घंटे सिर्फ मुझे गालियां देते रहते हैं। मुझे गालियां देने से दिल्ली और देश की तरक्की नहीं होगी। दिल्ली की जनता देख रही है और उसी हिसाब से वोट देगी।

भाजपा को लगता है कि दिल्लीवालों को एक जोड़ी जूते से खरीदा जा सकता है, ये दिल्ली की जनता का अपमान है- केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रवेश वर्मा लोगों में जूते बांट रहे हैं, जैकेट और पैसे बांट रहे हैं। उनको यह लगता है कि दिल्ली की जनता को एक जोड़ी जूते देकर खरीदा जा सकता है। यह दिल्ली की जनता का अपमान है। दिल्ली की जनता को आप एक जोड़ी जूते से खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली की जनता को 1100 रुपए में खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली की जनता 1100 रुपए में बिकने वाली नहीं है। जब आप 10 कुछ काम नहीं करें और चुनाव से एक महीने पहले आकर खुलेआम कहें कि मैं तो पैसे से जनता को खरीद लूंगा, तो फिर जनता देख रही है और वह जवाब देगी नामांकन के बाद अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि आज मैंने दिल्ली से अपना नामांकन दाखिल किया। पिछले 10 वर्षों में दिल्ली की जनता ने जो प्यार और आशीर्वाद दिया, उससे मुझे पूरी लगन और सेवाभाव से काम करने की शक्ति और प्रेरणा दी है। मुझे पूरा विश्वास है कि दिल्ली की जनता इस बार भी काम की राजनीति को चुनेगी।

पूरी दिल्ली से ढेरों माताएं-बहनें अपना आशीर्वाद देने के लिए आईं- केजरीवाल

वहीं, नामांकन से पहले अरविंद केजरीवाल ने पार्टी मुख्यालय से दिल्ली की माताओं-बहनों के साथ पदयात्रा करने के दौरान कहा कि पूरी दिल्ली के कोने-कोने से आज ढेरों माताएं और बहनें मुझे अपना आशीर्वाद देने के लिए आई हुई हैं। ये मेरे साथ मेरा नामांकन भरवाने के लिए भी जाएंगी। हम लोग पैदल चलकर नामांकन भरने जाएंगे। मुझे दिल्ली की सभी माताओं और बहनों का बहुत ज्यादा प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। मेरा सभी माताओं और बहनों से अनुरोध है कि हमें अपना आशीर्वाद दें और भगवान से प्रार्थना करें कि दिल्ली में एक बार फिर आम आदमी पार्टी की सरकार बने और हम लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क के क्षेत्र और महिलाओं को महिला सम्मान योजना के तहत 2100-2100 दिलवाने के लिए काम कर सकें। दिल्ली में काम करने वाली सरकार बने।

दिल्ली के लोग इस बार भी आम आदमी पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाएंगे- केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के ढाई करोड़ जनता से अपील करते हुए कहा कि आज आपका भाई और बेटा नामांकन करने जा रहा है। इसलिए सभी लोग अपनी शुभकामनाएं और आशीर्वाद भेजें। ताकि जिस तरह दिल्ली के लोगों ने 2015 और 2020 में आम आदमी पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलवाई थी, उसी तरह से जीत 2025 में भी हो। मैं दिल्ली के सभी लोगों को धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने इतना प्यार और आशीर्वाद दिया। मैं उन माताओं-बहनों का खास धन्यवाद करता हूं जो आज इतने कोहरे और ठंड में अपने घर के कामों को छोड़कर मेरे साथ नामांकन भरने जाने के लिए एकत्रित हुई हैं।

# पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मेगा रोड शो कर शकूरबस्ती से किया नामांकन

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन ने बुधवार को शकूरबस्ती विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने सांसद संजय सिंह और पूर्व सांसद डॉ. सुशील गुप्ता के साथ भव्य नामांकन रोड शो किया। शकूरबस्ती के सरस्वती विहार से जैन मंदिर तक हुए मेगा रोड शो में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। समर्थकों ने फिर लाएंगे केजरीवाल गाने पर खूब डांस भी किया। सत्येंद्र जैन ने एक्स पर कहा कि आज मैंने अपना नामांकन दाखिल किया। जो प्यार मुझे नामांकन रैली में मिला, जो उत्साह अपने विधानसभा क्षेत्र शकूरबस्ती की सड़कों पर दिखा, वो दशार्ता है कि इलाके के लोग अपने इस बेटे को एक बार फिर अपना आशीर्वाद जरूर देंगे। नामांकन कराने पहुंचे मेरे भाई संजय सिंह और डॉ. सुशील गुप्ता का बहुत-बहुत धन्यवाद।

इस दौरान सांसद संजय सिंह ने कहा कि मुझे जनता का उत्साह को देखकर पूरा भरोसा हो गया है कि शकूरबस्ती विधानसभा से सत्येंद्र जैन प्रचंड मतों के अंतर से जीतने जा रहे हैं। इनकी जीत को कोई रोक नहीं सकता। कितनी भी यातनाएं दे दो, कितना भी परेशान कर लो अरविंद केजरीवाल, सत्येंद्र जैन और आम आदमी पार्टी का एक ही नारा है- वो परेशान करते रहे, हम काम करते रहे।

संजय सिंह ने आगे कहा कि सत्येंद्र जैन ने अरविंद केजरीवाल की टीम के रूप में दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक बनाने का काम किया। पूरी दुनिया में उन मोहल्ला क्लीनिक की तारीफ हो रही है। सत्येंद्र जैन ने पूरे देश को फ्री बिजली का मॉडल दिखाने का काम किया है। अब जनता की जिम्मेदारी है कि पूरे सूद और ब्याज समेत सत्येंद्र जैन के खाते में इतने वोट दे देना कि विरोधियों का मुंह अपने आप बंद हो जाएं। संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को जनता को सावधान किया है कि ये पैसे, साड़ी और तमाम चीजें लोगों को बांटेंगे। वह जनता का पैसा है जिसे इन्होंने भ्रष्टाचार से लूटा है। इसलिए इनसे अपना पैसा वापस ले लेना, लेकिन बटन झाड़ू का दबाना है। झाड़ू बहुत काम की चीज है। घर की सफाई के लिए झाड़ू चाहिए, मोहल्ले की सफाई के लिए झाड़ू चाहिए, दिल्ली की सफाई के लिए झाड़ू चाहिए और देश की सफाई करने के लिए भी झाड़ू चाहिए। भाजपाइयों का भूत उतारने के लिए भी झाड़ू ही चाहिए।

नामांकन रोड शो में खूब मिला समर्थकों का प्यार

शकूरबस्ती से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सत्येंद्र जैन ने नामांकन करने से पहले रोड शो किया। इस दौरान राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ. सुशील गुप्ता समेत पार्टी के अन्य नेता शामिल हुए। नामांकन रोड शो सरस्वती मंदिर के गुरुद्वारा ई-ब्लॉक से शुरू हुआ, जो श्री शिव मंदिर, सी ब्लॉक सरस्वती विहार गेट, श्री सरस्वती मंदिर सी ब्लॉक होते हुए सरस्वती विहार के जैन मंदिर पर जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान बड़ी तादात में समर्थकों ने हिस्सा लिया और सत्येंद्र जैन को अपना प्यार और आशीर्वाद दिया।

## अरविंद केजरीवाल झूठे वादे करने में माहिर हैं : हरदीप सिंह पुरी

नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम एवम् प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सिर्फ झूठे वादे करने में माहिर हैं जो कभी पूरा भी नहीं कर पाए हैं। पुरी ने यह भी आरोप लगाया कि केजरीवाल के विज्ञापनों से ऐसा लग रहा है जैसे दिल्ली नहीं, बल्कि पंजाब का चुनाव हो रहा हो। उन्होंने कहा कि इस बार अरविंद केजरीवाल के लिए अपनी सरकार बचाना मुश्किल है। केंद्रीय मंत्री बोले, अरविंद केजरीवाल पिछले 10 सालों से सत्ता में हैं और इन दस सालों में उन्होंने एक नहीं, बल्कि अनेकों वादे किए हैं। अरविंद केजरीवाल ने क्या कहा था कि अगर यमुना साफ नहीं हुई, तो मैं वोट मांगने नहीं आऊंगा। मैं दिल्ली में वर्ल्ड क्लास शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था करा दूंगा, लेकिन आज तक इन्होंने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने महिलाओं को एक हजार रुपये देने का ऐलान किया था। लेकिन, उनके इस वादे को 36 महीने हो गए। अभी तक उन्होंने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल से कुछ भी पूछो तो वो सिर्फ इतना ही कहते हैं कि मुझे एलजी साहब काम नहीं करने दे रहे हैं। अरे कोरोना काल के दौरान तो एलजी साहब आपको काम करने से रोक नहीं पाए। आपने उन दिनों में शीशमहल बनवा लिया। अरविंद केजरीवाल के झूठ की फैक्ट्री की सफाई हो जाएगी।

## नामांकन के लिए परिवार समेत घर से निकले केजरीवाल, पहले पहुंचे मंदिर




नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल बुधवार को अपने नामांकन के लिए परिवार समेत घर से निकले और सबसे पहले वह वाल्मीकि मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने दर्शन किया और उसके बाद हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। इसके बाद वह सीधे पार्टी कार्यालय जाएंगे जहां से वह अपना नामांकन भरने के लिए आगे बढ़ेंगे।

हनुमान मंदिर में दर्शन करने के बाद बाहर निकले अरविंद केजरीवाल ने कहा, मैं सबसे पहले वाल्मीकि मंदिर गया था और उसके बाद अब हनुमान जी के मंदिर आया हूं। यहां से आशीर्वाद लेने के बाद मैं आप पार्टी कार्यालय जाऊंगा। उसके बाद फिर मैं नॉमिनेशन फाइल करने जाऊंगा।

इस दौरान उन्होंने बताया, मैं अपनी पत्नी, अपने बेटे और बेटी और अपनी बहन के साथ यहां पर आया हूं। अपने ऊपर किसी हमले की आशंका के सवाल पर उन्होंने कहा जाको राखे साइयां मार सके ना कोई। उन्होंने कहा, जिसकी हनुमान जी रक्षा करते हैं, उसे कोई नहीं मार सकता।

अरविंद केजरीवाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी कई तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, आज नामांकन से पहले वाल्मीकि मंदिर और प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचकर प्रभु जी के चरणों में शीश झुकाकर उनका आशीर्वाद लिया और दिल्ली की समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। प्रभु के आशीर्वाद से हम जनता के हित में ईमानदारी और सेवा की राजनीति को आगे बढ़ाएंगे। गौरतलब है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी की कालकाजी से प्रत्याशी आतिशी ने भी मंगलवार को अपना नामांकन किया था। बुधवार को भी अरविंद केजरीवाल के अलावा सत्येंद्र जैन और पार्टी के इमरान हुसैन अपना नामांकन करेंगे। आम आदमी पार्टी के सभी प्रत्याशी अपने-अपने विधानसभा इलाकों में रैली निकाल कर नामांकन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए पहुंच रहे हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में कोहरे का कहर, 7 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



राष्ट्रीय राजधानी और आस-पास के इलाकों में बुधवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिसके कारण विजिबिलिटी बेहद कम रही। कोहरे का पूरा असर यातायात व्यवस्था पर देखने को मिला। कोहरे के चलते सात उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि 184 देरी से उड़ान भर रही हैं। इसके अलावा, दिल्ली आने वाली 26 ट्रेनें देरी से चल रही हैं, जबकि छह ट्रेनों के शेड्यूल में बदलाव किया गया है।

घने कोहरे के कारण कई इलाकों में विजिबिलिटी का स्तर शून्य के करीब पहुंच गया, जिससे हवाई, सड़क और रेल यातायात बाधित हुआ।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने राष्ट्रीय राजधानी में घने कोहरे की चेतावनी जारी की थी।

घने कोहरे के कारण दिल्ली और एनसीआर के अन्य शहरों में आवागमन मुश्किल हो गया, जिससे वाहनों की रफ्तार थम गई है। सुबह 7:30 बजे के आसपास एक बयान में, दिल्ली हवाई अड्डे ने यात्रियों से अपनी उड़ान की स्थिति के बारे में जानकारी रखने का आग्रह किया। दिल्ली हवाई अड्डे ने बार-बार जारी किए गए परामर्श में कहा, ह्लहालांकि लैंडिंग और टेक-ऑफ जारी है, लेकिन जो उड़ानें कैट कक्क (श्रेणी कक्कइंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम) मानकों को पूरा नहीं करती हैं, उनमें देरी हो सकती है। हम यात्रियों को सलाह देते हैं कि वे नवीनतम अपडेट के लिए अपनी एयरलाइन से संपर्क करें। हमें किसी भी असुविधा के लिए खेद है। इंडिगो और स्पाइसजेट ने भी यात्रियों को चेतावनी जारी की, जिसमें उन्हें हवाई यात्रा को प्रभावित करने वाले घने कोहरे के कारण अपनी उड़ान के शेड्यूल पर नजर रखने का आग्रह किया। आईएमडी ने दिन के लिए न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक गिरने का अनुमान लगाया। इस बीच, अधिकतम तापमान 19 डिग्री के आसपास पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग ने पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहने की भी चेतावनी दी है। आईएमडी ने शाम और रात के दौरान और कोहरा छाए रहने का अनुमान लगाया है, साथ ही पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहने की उम्मीद है। दिन या रात में हल्की बारिश की भी संभावना है, जिससे मौसम की स्थिति और जटिल हो जाएगी। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी में औसत वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी हुई है। उत्तर भारत में घना कोहरा और शीत लहर बार-बार आ रही है, जिससे सर्दी पहले के मुकाबले और अधिक बढ़ गई है। लोगों को यात्रा करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

# आप ने दो सीटों पर बदले उम्मीदवार

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने सभी 70 सीटों पर सबसे पहले उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया। हालांकि, अब पार्टी ने नामांकन की आखिरी तारीख से ठीक दो दिन पहले दो सीटों पर कैंडिडेट बदल दिए हैं। दिल्ली की नरेला विधानसभा सीट से पार्टी ने शरद चौहान को और हरी नगर सीट से सुरेंद्र सेतिया को उम्मीदवार बनाया है। जानिए पार्टी ने किसका टिकट काट कर नए उम्मीदवारों को चुनावी रण में उतारा है।

नरेला से दिनेश भारद्वाज और हरिनगर राजकुमारी ढिल्लो का कटा टिकट

इससे पहले नरेला से दिनेश भारद्वाज और हरिनगर से राजकुमारी ढिल्लो को टिकट दिया था। हालांकि, अब उनकी उम्मीदवारी छिन गई है। खास बात ये है कि आम आदमी पार्टी ने हरिनगर सीट पर अपनी मौजूदा विधायक का ही टिकट काट दिया। राजकुमारी ढिल्लो अभी हरिनगर से विधायक हैं। हालांकि, नामांकन की लास्ट डेट से ठीक दो दिन पहले पार्टी ने अपना उम्मीदवार बदल दिया।

आम आदमी पार्टी ने इसलिए बदले कैंडिडेट

ऐसी चर्चा थी कि सुरेंद्र सेतिया को कांग्रेस पार्टी भी अपने पाले में लाने की कोशिश कर रही थी। लेकिन सेतिया आप से ही टिकट की कोशिश में जुटे थे। सुरेंद्र सेतिया निगम पार्षद रह चुके हैं और अब उनकी पत्नी पार्षद हैं और वेस्ट दिल्ली कारपोरेशन में डिप्टी चेयरमैन हैं। सेतिया, राजकुमारी ढिल्लो के भी एंटी हैं। अब ऐसा न हो जाए कि ढिल्लो कांग्रेस चली जाएं और कांग्रेस भी अपना उम्मीदवार बदल ले। दिल्ली में 17 फरवरी है नामांकन की आखिरी डेट दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी की कोशिश हैट्रिक लगाने पर है। 2015 और 2020 की तरह पार्टी को उम्मीद है कि इस बार भी दिल्ली की जनता उनके सपोर्ट में नजर आएगी। ऐसे में पार्टी सभी रणनीतिक दांव पेंच आजमा रही है। अभी दिल्ली चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। 17 जनवरी नॉमिनेशन की आखिरी डेट है इससे ठीक दो दिन पहले आप ने घोषित उम्मीदवारों की नए कैंडिडेट्स पर दांव लगाया है। दिल्ली चुनाव में 5 फरवरी को वोटिंग है और 8 फरवरी को रिजल्ट आएगा।

# अजय महावर की नामांकन रैली में शामिल हुए मनोज तिवारी, 50 सीटों पर भाजपा की जीत का दावा किया

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में प्रत्याशियों के नामांकन का दौर जारी है। घोंडा विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजय महावर ने बुधवार को रैली निकाली, जिसमें भाजपा सांसद मनोज तिवारी भी मौजूद रहे। पत्रकारों से बात करते हुए मनोज तिवारी इस बार दिल्ली में भाजपा के करीब 50 सीट जीतने का दावा किया।भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया, दिल्ली में करीब 38 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नामांकन भर रहे हैं। घोंडा के भाजपा प्रत्याशी अजय महावर के नामांकन रैली में शामिल हुए। दिल्ली के खुशियों के लिए नामांकन हो, हमारी यह प्रार्थना है। पूर्व की दिल्ली सरकार पर हमला करते हुए मनोज तिवारी ने कहा, दिल्ली 27 साल से भ्रष्टाचारियों, लुटेरों और बच्चों के भविष्य को अंधेरे में धकेलने वालों के चंगुल में फंसी हुई है। इस बार दिल्ली की जनता उस चंगुल से निकालेगी। घोंडा के लोग अजय महावर को जिताएंगे, तो यह सोचेंगे कि पिछली बार दिल्ली में भाजपा की आठ ही सीट थी, लेकिन इस बार कम से कम 50 सीटों पर जीत हो। भाजपा सरकार बनने के बाद घोंडा की जो भी समस्याएं हैं, उनका निदान होगा। उन्होंने कहा, घोंडा की जनता ने समझा है कि अजय महावर को विधायक बना दिया, लेकिन पूरी दिल्ली में भाजपा की सरकार नहीं बन पाई। लेकिन इस बार सरकार बनेगी। पूरे दिल्ली में एक माहौल है। अरविंद केजरीवाल अभी भी झूठ बोलने में लगे हैं, वो पोस्टर लगा रहे हैं कि खुद मुख्यमंत्री का चेहरा है।

# वीआईपी फाउंडेशन ने 101 लोगों में बांटी राशन किट



नई दिल्लीः दिल्ली के आदर्श नगर में वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ विपिन पिव्हाल के द्वारा पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को घर-घर जाकर राशन किट भेंट की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी ली। इस दौरान वीआईपी फाउंडेशन ने लगभग 101 राशन किट भेंट की। उन्होंने बताया कि सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। जिससे की किसी भी व्यक्ति को परेशान न होना पडे। इस मौके पर वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल ने यह भी बताया कि फाउंडेशन के द्वारा समय-समय पर फ्री स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाता है और समय-समय पर पौधारोपण अभियान सहित कई प्रकार के अभियान भी चलाये जाते है। इस मौके पर डॉ. विपिन पिव्हाल के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मालवीय नगर से भाजपा प्रत्याशी सतीश उपाध्याय ने निकाली नामांकन रैली, परिवर्तन का दावा किया




नई दिल्ली। आगामी दिल्ली चुनाव के लिए तमाम प्रत्याशियों के नामांकन का दौर जारी है। बुधवार मालवीय नगर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सतीश उपाध्याय ने नामांकन रैली निकाली। उनकी रैली में भाजपा के कई दिग्गज शामिल हुए। मालवीय नगर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सतीश उपाध्याय नामांकन के लिए निकले। इस दौरान उन्होंने ग्रीन पार्क इलाके से बड़ी रैली निकाली। भाजपा प्रत्याशी के साथ भाजपा कार्यकताओं की मौजूदगी रही। नामांकन रैली में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद बांसुरी स्वराज और बॉक्सर वीरेंद्र सिंह भी शामिल हुए। भाजपा प्रत्याशी सतीश उपाध्याय ने कहा, मेरे लिए बहुत गौरव की बात है कि छोटी बहन बांसुरी और पार्टी के सभी कार्यकर्ता मेरे नामांकन रैली में मेरे साथ हैं। किसी के लिए सबसे बड़ी ताकत यही होती है। इतनी ठंड और फॉग के कारण बहुत से लोग आए हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि इस बार दिल्ली में परिवर्तन सुनिश्चित है। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा, बहन जब छोटी होती है, तब भी आशीर्वाद दे सकती है। मैं अपने बड़े भाई सतीश उपाध्याय को विजय होने का आशीर्वाद देती हूं। मालवीय नगर कार्यकताओं और मतदाताओं से मेरी प्रार्थना है कि भाजपा ने जो कर्मठ, जुझारू और अनुभवी प्रत्याशी दिया है,उन्हें पांच फरवरी के दिन इनको विजयी बनाइए। वादा करती हूं कि सतीश उपाध्याय और मैं मिलकर मालवीय नगर विधानसभा का कायाकल्प करेंगे। इतनी भीड़ इस बात का सबूत है कि दिल्ली के लोग आम आदमी पार्टी के झूठे वादों से थक गई है, इस बार जनता बदलाव चाहती है। उल्लेखनीय है कि चुनाव तारीखों के ऐलान के बाद से दिल्ली में सक्रियता बढ़ गई है। यहां पर सभी 70 विधानसभा सीटों के लिए एक ही चरण में 5 फरवरी को मतदान होगा। वहीं इसके नतीजे 8 फरवरी को सामने आएंगे।

## रिठाला विधानसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीख के ऐलान के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। राजनीतिक दल हर एक विधानसभा सीट पर जनता को साधने में लगे हैं। इसी कड़ी में रिठाला विधानसभा सीट पर चुनावी लड़ाई दिलचस्प नजर आ रही है। रिठाला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र दिल्ली के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित एक महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र है। यह दिल्ली के 70 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है और उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है।

# दिल्ली में शिक्षा क्रांति के जनक मनीष सिसोदिया के नामांकन रोड शो में उमड़ा जन सैलाब

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



दिल्ली में शिक्षा क्रांति के जनक और जंगपुरा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी प्रत्याशी मनीष सिसोदिया ने बुधवार को नामांकन रोड शो किया। जंगपुरा के अंगूरी माता मंदिर से प्राचीन शिव मंदिर तक हुए नामांकन रोड शो में भारी जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान समर्थकों ने ह्यफिर लाएंगे केजरीवालह्न के जमकर नारे लगाए और अपना खूब प्यार लुटाया। मनीष सिसोदिया ने कहा कि जंगपुरा की जनता ने रोड शो में इतनी बड़ी संख्या में शामिल होकर जो प्यार और समर्थन दिखाया, उसके लिए दिल से धन्यवाद। आपका यही साथ जंगपुरा में शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की नई इबारत लिखेगा।

मनीष सिसोदिया ने जंगपुरा की जनता से कहा कि मैं आपके बीच आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। आपके आशीर्वाद से विधायक बनकर मैं दिल्ली सरकार के बैठूंगा तो जंगपुरा के सारे तेजी से होंगे और किसी भी काम के लिए फंड की कमी नहीं होगी। इसलिए नामांकन से पहले आज आपका प्यार और आशीर्वाद मांगने आपके बीच आया हूं। उन्होंने कहा कि हर तरफ से लोगों का समर्थन मिल रहा है। लोग अपने घर की छतों पर खड़े हैं। पूरा प्यार, मोहब्बत और सम्मान दे रहे हैं। ये सब लोग मेरे अंदर एक विश्वास भर रहे हैं और मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं। जंगपुरा की जनता से इतना प्यार और सम्मान मिल रहा है, यह मेरे लिए बहुत बड़ा दिन है।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा के पास कुछ बताने के लिए नहीं है। दिल्ली में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी उनकी है। अगर कहीं कोई एनजीओ या कोई व्यक्ति कुछ कर रहा है तो वे लोग क्या कर रहे थे? क्या ये लोग सो रहे थे या उनके साथ पार्टी कर रहे थे? भाजपा वाले कहां थे? इसका मतलब कुछ तो चल रहा है। सारा कुछ प्लान्ड चल रहा है। दिल्ली में खराब कानून व्यवस्था, रेप, चेन स्नैचिंग, गैंगवॉर सब भाजपा वाले करवा रहे हैं। लोगों का कहना है कि भाजपा वाले बोल रहे हैं कि केजरीवाल की जगह स्कूल और बिजली भाजपा को दे दो। अरविंद केजरीवाल ने बिजली, स्कूल और अस्पताल इतने अच्छे कर दिए, जबकि भाजपा के पास केवल दिल्ली की कानून व्यवस्था ठीक करने की जिम्मेदारी थी, वह भी नहीं संभाली गई। अब उन्हें स्कूल, अस्पताल देकर उनकी भी हालत खराब करवा लें। मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा की परंपरा रही है कि गरीब लोगों की झुग्गियां उजाड़ो और जमीन खाली कराकर अपने दोस्तों को मॉल और बड़ी-बड़ी कमर्शियल बिल्डिंग बनाने के लिए दे दो। भाजपा ने दिल्ली में ऐसे बहुत प्रयोग किए हैं। जब रात में उनके नेता झुग्गियों में सोते थे और चार दिन बाद बुलडोजर से उनको गिरा देते थे। आज भाजपा दिल्ली की झुग्गियों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। अगर भाजपा आ गई तो सारी झुग्गियां उजाड़ देगी। उन्होंने सबको नोटिस दिलवा रखा है। अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी ही है जो झुग्गियों को तोड़ने आए बुलडोजर के सामने लेट जाते हैं। इन्हें खुद तो स्कूल और अस्पताल बनाने नहीं आते, अगर कोई और काम करे तो उसमें पंगा करते हैं। हमें लोगों का खूब समर्थन मिल रहा है। इस बार भी हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। अंगूरी माता के मंदिर से शुरू हुआ नामांकन रोड शो जंगपुरा के अंगूरी माता के मंदिर से मनीष सिसोदिया के नामांकन रोड शो की शुरूआत हुई, जो मनोकामना मंदिर, भगवान नगर चौक, सिद्धार्थ बस्ती, जंगपुरा बी, गुरुद्वारा सिंह सभा भोगल, सेंट्रल रोड, भोगल हॉस्पिटल रोड से होते हुए निजामुद्दीन वेस्ट, दरगाह हजरत निजामुद्दीन, और गालिब रोड से गुजरते हुए प्राचीन शिव मंदिर तक पहुंचा। इस दौरान हजारों की संख्या में समर्थक उनके साथ आगे बढ़ते रहे, जोश और उत्साह से भरे नजर आए। नामांकन रोड शो में उमड़ा समर्थकों का हुजूम बुधवार को जंगपुरा विधानसभा सीट से प्रत्याशी मनीष सिसोदिया पार्टी के अन्य नेताओं के साथ नामांकन रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन किया। सैकड़ों समर्थक इस नामांकन रैली में शामिल हुए और ह्यमुहर लगेगी झाड़ू परह्न के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। मनीष सिसोदिया ने भी हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन किया और झाड़ू हाथ में लेकर लोगों से आम आदमी पार्टी को वोट देने की अपील की। इस दौरान कई समर्थक ढोल की ताल पर नाचते हुए नजर आए।

# इस बार दिल्ली को मिलेगी आप दा सरकार से मुक्ति : बांसुरी स्वराज

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



दिल्ली के मालवीय नगर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सतीश उपाध्याय के पक्ष में बुधवार को भाजपा नेता बांसुरी स्वराज और बॉक्सर विजेंदर सिंह पहुंचे। दोनों ने सतीश उपाध्याय में मतदान की अपील की। इस दौरान, बांसुरी ने कहा कि मौजूदा समय में दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी से परेशान हो चुकी है।

बांसुरी स्वराज ने अपने संबोधन में कहा कि मैं जानती हूं कि अगर इस देश के सभी युवा, जैसे आप लोग, देश की कमान संभालें, तो भारत को सर्वशक्तिमान बनने से कोई नहीं रोक सकता। हम सब जानते हैं कि आम आदमी पार्टी ने एक दशक तक दिल्ली में शासन किया है। लेकिन, इस दौरान दायित्व और जिम्मेदारी का पालन सही से नहीं हुआ। अगर हम मालवीय नगर विधानसभा की बात करें, तो यहां की समस्याएं पूरी दिल्ली की समस्याओं से कहीं ज्यादा गंभीर हैं। पानी, बिजली, और बुनियादी सुविधाएं हमारे रोजमर्रा के जीवन के अहम हिस्से हैं, लेकिन जब पूरी दिल्ली की सत्ता आम आदमी पार्टी के हाथ में थी, तब इन सुविधाओं की स्थिति बहुत खराब हो गई।

उन्होंने आगे कहा कि अब बदलाव का समय आ गया है। मैं आज सतीश उपाध्याय जी को बधाई देती हूं और आपसे निवेदन करती हूं कि दिल्ली की मुक्ति का समय आ गया है। यह दिन दिल्ली को गंदे पानी, भारी बिजली के बिल और झूठ से मुक्ति दिलाने का दिन है। अब दिल्ली को आम आदमी पार्टी से नहीं, बल्कि एक सशक्त भाजपा सरकार की जरूरत है, जो यहां बदलाव ला सके। वहीं भाजपा प्रत्याशी सतीश उपाध्याय ने उनके समर्थन में आए सभी नेताओं और जन प्रतिनिधियों का दिल से धन्यवाद करते हुए कहा, आप सबका हृदय से स्वागत करता हूं। मैं बहुत लंबी बातें नहीं करना चाहता मैं बस एक बात कहना चाहता हूं कि आपके समर्थन के लिए मुझे शब्दों में व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं मिल रहे हैं। खासकर इस ठंड में, जब कल आप सब यहां आए थे और दिन-रात प्रचार में लगे थे, तब आपके समर्पण ने मुझे बहुत प्रेरित किया।ह्न

उन्होंने आगे अपने संबोधन में कहा कि मैं उन पहले बार वोट करने वाले युवाओं से मिला, जिनसे मैंने रात के आठ बजे और नौ बजे बात की। एक ने मुझसे कहा, ह्लभाई साहब, जो समाज में बंटवारा आम आदमी पार्टी कर रही है, वह ठीक नहीं है। वे हिंदू-मुस्लिम में भेद कर रहे हैं। इस बात ने मेरा दिल छू लिया। उन्होंने मुझसे कहा, भरोसा रखो, आप हमारे वोट का नतीजा देखेंगे। वहीं, बॉक्सर विजेंदर सिंह ने कहा कि आप लोगों के बीच में बहुत लोग आएंगे। आपको लुभाने की कोशिश करेंगे। लेकिन, आप लोगों को इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि ये लोग आपके हितैषी हैं या नहीं।

मालवीय नगर सीट दिल्ली की हॉट सीट्स में से एक है। 2013, 2015 और 2020 में यहां ह्यआपह्न ने परचम लहराया था। इस बार फिर आम आदमी पार्टी ने सोमनाथ भारती पर भरोसा जताते हुए टिकट थमाया है वहीं कांग्रेस ने जितेंद्र कुमार कोचर को अपना प्रत्याशी बनाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरुग्रामः हेमंत यादव ने राष्ट्रीय मुक्केबाजी स्पर्धा में जीता रजत

गुरुग्राम, । गांव गढ़ी-हरसरू निवासी हेमंत यादव ने आठवीं सीनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता 2025 में रजत पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के बरेली में 7 जनवरी से 14 जनवरी तक हुई। हेमंत यादव भारतीय रेलवे में टीटी के पद पर कार्यरत हैं। रजत पदक जीतने पर हेमंत का चयन राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है। राष्ट्रीय मुक्केबाजी में हेमंत यादव का फाइनल मुकाबला सेना के मुक्केबाज से था। हेमंत उससे 3-2 अंक से हारे और रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इससे पहले हेमंत ने अपने सभी चार मुकाबलों में प्रतिद्वंदी को एकतरफा मात दी थी। सेमीफाइनल में 5 बार के राष्ट्रीय चैंपियन मुक्केबाज को 5/2 से हराया। हेमंत के पिता फुटबॉल के पूर्व खिलाड़ी एवं फुबॉल कोच रामपाल यादव ने हेमंत के पदक जीतने पर खुशी जाहिर की है। सभी कोचों का धन्यवाद किया। हेमंत यादव पिछली तीन राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिताअओं में भी पदक जीत चुका है।

### बेटी बचाओ का नारा देने वाली भाजपा अपने अध्यक्ष की करतूत पर चुपः पंकज डावर

गुरुग्राम, । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली पर महिला को नौकरी दिलाने के बदले गैंगरेप के आरोप लगे हैं। इससे भाजपा के नेता का असली चेहरा और चरित्र सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढाओ का नारा देने वाली भाजपा की कथनी और करनी में बहुत ज्यादा अंतर है। पंकज डावर ने कहा कि बेटियों का अपमान करने वाली भाजपा ने सदा ही बेटियों पर अत्याचार करने का काम किया है। भाजपा के राज में भी देश की प्रतिभाशाली महिला खिलाडि का भाजपा के ही नेता बृजभूषण यौन शोषण किया था। भाजपा ने उसका कुछ नहीं बिगड दिया। अब हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली पर एक महिला को नौकरी दिलाने के बहाने उसके साथ गैंगरेप करने के आरोप लगे हैं। हिमाचल प्रदेश में उनके खिलाफ केस दर्ज हुआ है। इससे उनका चाल-चरित्र सामने आ गया है। डावर ने कहा कि भाजपा को तुरंत प्रभाव से मोहन लाल बड़ौली को इस पद से हटाना चाहिए। संगठन में ऐसे पद पर ऐसे नेता को नहीं बिठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आखिर किस आधार पर भारतीय जनता पार्टी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देकर महिलाओं के सम्मान की बात करती है। पंकज डावर ने कहा कि भाजपा अपने नेताओं के अपराधों को खुद ही माफ कर देती है। भाजपा को उसे अपने गिरेबान में झांकने की जरूरत है। समाज को ऐसे नेता क्या संदेश देंगे।

### गुरुग्रामः मारपीट करने व जबरन रुपए ट्रांसफर कराने के दो आरोपी काबू

गुरुग्राम, । स्कूटी के कार से टकराने पर स्कूटी सवार से मारपीट करने और उससे जबरदस्ती रुपये ट्रांसफर कराने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज किया गया है।पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि 14 जनवरी को एक व्यक्ति ने थाना सदर में एक शिकायत सेक्टर-38 में देकर कहा कि उसकी स्कूटी एक कार से टकरा गई। इस पर कार चालक द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की गई। साथ ही उसके फोन के माध्यम से 14 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए गए। इस शिकायत पर थाना सदर में केस दर्ज किया गया।अपराध शाखा सेक्टर-31 की पुलिस टीम ने इस मामले में दो आरोपियों को सेक्टर-31 गुरुग्राम से काबू किया। आरोपियों की पहचान साहिल ठाकरान निवासी गांव इस्लामपुर जिला गुरुग्राम व राजहंस निवासी गांव सीकरी भगवंतपुर जिला संभल (उत्तर-प्रदेश) के रूप में हुई। उपरोक्त आरोपियों में आरोपी साहिल ठाकरान को पुलिस कार्यवाही को बाधित करने पर गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी राजहंस को मारपीट करने व रुपए ट्रांसफर करने के अभियोग में गिरफ्तार किया गया।

# GST घोटालाः अंबाला में 568 कारोबारियों पर अरबों का जुमार्ना, फर्जी तरीके से सरकार के लगाते थे चूना




हरियाणा के अंबाला में जीएसटी घोटाले (GST Scm if Hryf) का खुलासा हुआ है जिसमें कई नामी फर्मों पर करोड़ों रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। इन फर्मों ने फर्जी खरीद-फरोख्त करके सरकार से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाया। जीएसटी विभाग ने 568 फर्मों को नोटिस जारी किए थे और उनके जवाबों से असंतुष्ट होकर जुमार्ना लगाया है। सामान खरीदा नहीं और बिल लेकर सरकार से इनपुट टैक्स क्रेडिट हासिल किया कारोबारियों के जवाब से असंतुष्ट होकर एडिशनल कमिश्नर जीएसटी ने सुनाया फैसला दीपक बहल, अंबाला। गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) घोटाले में कई नामी फर्मों का कालाधंधा सामने आया है। 568 कारोबारियों को जीएसटी विभाग ने नोटिस जारी किए थे और इनके जवाब से असंतुष्ट होकर सभी पर अरबों रुपयों का जुमार्ना लगा दिया गया है। पंचकूला स्थित जीएसटी कार्यालय से एडिशनल कमिश्नर ने इस संबंध में आठ सौ से अधिक पेज के दो अलग-अलग आदेश जारी किए। 14 करोड़ रुपये तक का लगाया गया जुमार्ना एक-एक फर्म पर चौदह करोड़ रुपये तक का जुमार्ना लगाया गया है। इन फर्मों ने महज कागजों में ही खरीद फरोख्त करके सरकार से करोड़ों रुपयों का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) ले लिया है। खास बात यह है कि इन फर्मों में अंबाला की विश्व विख्यात साइंस इंडस्ट्री की नामी फर्मों के अलावा अन्य कारोबारी शामिल हैं। जिस क्षेत्र की यह फर्में हैं, उसके अलावा अन्य कार्यों (साइंस उपकरणों के अलावा) की खरीद फरोख्त में यह खेल किया गया। अब इस तरह से सामने आया है घोटाला अब जीएसटी विभाग द्वारा 568 फर्मों का खुलासा किया गया है, जिन्होंने अरबों रुपयों का आईटीसी सरकार से हासिल किया। इस में सामने आया है कि एक ही परिवार में अलग-अलग सदस्यों के नाम से तीन-चार फर्में रजिस्टर्ड शुरू कर दी गईं। इन्हीं फर्मों में खरीद-फरोख्त का खेल किया गया और करोड़ों का आइटीसी सरकार से ले लिया। एक फर्म द्वारा सामान की फर्जी खरीद दिखाई जाती, जबकि अन्य फर्मों को सामान बेचा हुआ दिखा दिया जाता। जो फर्म जिस कार्य में काम कर रही थे, उससे अलग प्रोडक्ट की खरीद दिखाकर यह सारा खेल किया गया। इस सारे फर्जीवाड़े में इन फर्मों की बैंक डिटेल को भी खंगाला गया। जिन फर्मों को नोटिस जारी किया गया था, उन्होंने जवाब भी दिया, लेकिन जवाब से असंतुष्ट होकर विभाग ने इन सभी पर करोड़ों रुपयों का जुमार्ना ठोक दिया है। हरियाणा में आया था 1118 करोड़ का घोटाला केंद्र सरकार द्वारा देश भर में जीएसटी साल 2017 में लागू किया गया था। इसके लागू होने के बाद विभिन्न राज्यों में फर्जी इनपुट क्रेडिट टैक्स बनाने के मामले सामने आए थे। हरियाणा की बसत करे तो पहले करीब 1182 करोड़ रुपये का आइटीसी घोटाला उजागर हो चुका था, जबकि इसमें से कुछ रिकवरी भी हुई थी। बाद में अभियान चलाया गया, जिसमें तीन वर्गों में फर्मों की लिस्ट भी बनाई गई थी। इन लिस्टों को अन्य राज्यों से साझा भी किया गया, जबकि फिजिकली भी इनको चेक किया गया था। अब अफसरों को भी गाड़ियों पर लगानी होगी पीली नंबर प्लेट, रेलवे को एक-एक गाड़ी का देना होगा हिसाब 21 दिनों में वेरिफिकेशन का नंबर भी बनाया फर्जी फर्म बनाकर आइटीसी लेने वालों पर शिकंजा कसने के लिए फिजिकल वेरिफिकेशन का नियम भी बनाया गया। पहले जहां कागजातों के आधार पर जीएसटी नंबर जारी कर दिया जाता था, वहीं ऐसे मामले सामने आने लगे, जहां यह फर्म मौजूद ही नहीं होती थी। कागजों मं यह फर्में जीवित रहतीं। इन में कागजात भी दूसरे लोगों के इस्तेमा किए गए थे। इसके बाद नियम बनाया गया कि जीएसटी नंबर अप्लाई करने वाले व्यक्ति के ऑफिस सहित अन्य वेरिफिकेशन फिजिकली जाकर वेरिफाई करनी हैं।

# कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन, डीएम ने सुनी शिकायतें




प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद से आये किसान बंधुओ ने बिजली सड़क चकबंदी बैंक मंडी, स्टांप सहित अन्य संबंधित विभागों की शिकायतों को एक-एक करके जिलाधिकारी के समक्ष रखा जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित कर गुणवत्तापूर्ण समय बद्ध निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिया। किसान बन्धुओ के विद्युत विभाग के खराब मीटर, अधिक बिल व मीटर समय से न लगाए जाने संबंधित शिकायतों पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत खंड को निर्देशित करते हुए कहा कि आवेदन प्राप्त होने के पश्चात मीटर लगाए जाने की जो समय सीमा है हर हाल में मीटर लग जाए व खराब मीटर है तो सही हो जाए या बदल जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। कहा की खराब मीटर और नए मीटर लगाए जाने संबंधी जो भी आवेदन आए हुए हैं लंबित हैं उन पर प्राथमिकता के साथ कार्य हो जाए यह सुनिश्चित करें। मीटर लगाए जाने में पैसे लिए जाने संबंधी शिकायत पर जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा की इस कार्य मे दोषी कार्मिको पर प्रभावी कार्यवाही करें कंही पर भी ऐसी शिकायत नहीं मिलनी चाहिए । किसानों को किसी भी स्थिति में परेशानी का सामना ना करना पड़े। चकबन्दी संबंधी शिकायतों पर जिलाधिकारी ने प्राथमिकता से कार्यवाही कराने के निर्देश बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी को दिया। कहा कि किसी भी किसान के साथ गलत न हो। खराब सड़को के सम्बंध में जिलाधिकारी ने मौके पर निरीक्षण कर सम्बन्धित मार्गो को सुदृढ़ करने के निर्देश दिये।मंडी संबंधी प्राप्त शिकायत पर जिलाधिकारी ने मंडी निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी आनाज आये जाए उसकी खरीद समय से हो जाए अनाज की रेट लिस्ट लगाया जाए जो रेट लिस्ट है उसके हिसाब से ही अनाज की खरीदारी किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि किसान दिवस में जो भी शिकायत प्राप्त हो उनका समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो जाए यह सुनिश्चित किया जाए। कहा किसी भी किसान को बार-बार किसी भी कार्य के लिए दौडाया ना जाए एक ही बार में उसकी शिकायत का निस्तारण हो जाए। आज जो भी शिकायत आई हुई है उनका हर हाल में प्राथमिकता के साथ निस्तारण हो जाए यह सुनिश्चित करें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, उपनिदेशक कृषि अधीक्षण अभियंता विद्युत अधिशासी अभियंता विद्युत सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी और किसान यूनियन के पदाधिकारी प्रतिनिधि और किसान बन्धु मौजूद रहे।

## गुरुग्राम में दहशत फैलाने के लिए ताबड़तोड़ फायरिंग, कौशल गैंग ने नए मकान पर बरसाई गोलियां



गुरुग्राम। अशोक विहार फेस-3 में एक तीन मंजिला मकान पर ताबड़तोड़ गोलियों बरसाई गईं। आरोप है कि यह यह फायरिंग इलाके में दहशत फैलान के लिए की गई। गोलियां चलाने का आरोप कौशल गिरोह पर लगा है। सेक्टर-12 निवासी बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर राम निवास ने अभी नया मकान बनवाया है। उनके मकान पर 20 से 25 राउंड फायरिंग की बात सामने आ रही है। घटनास्थल पर खाली कारतूस पड़ मिले हैं। वहीं, मकान पर गोलियों के निशान हैं। कांच वाली खिड़कियों में छेद भी हो गए हैं।

## स्कॉर्पियो में अंदर देखा तो दंग रह गई पुलिस, सरगना समेत तीन गिरफ्तार; एक करोड़ का माल भी बरामद



प्रात: किरण संवाददाता

गुरुग्राम में पुलिस ने एक करोड़ की हेरोइन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सरगना भी शामिल है। पुलिस को सूचना मिली थी इसके बाद घेराबंदी करके पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी मुमताज जिले में नशा तस्करी का बड़ा सरगना है। आगे विस्तार से जानिए आरोपी सरगना के बारे में। गुरुग्राम में क्राइम ब्रांच तावडू टीम ने गस्त के दौरान सोहना मार्ग से तीन नशा तस्करों को मादक पदार्थ हेरोइन और एक स्कॉर्पियो कार सहित दबोचा है। इनसे एक किलो 210 ग्राम मादक पदार्थ मिला है, जिसकी कीमत पुलिस के अनुसार करीब एक करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। रोजका मेव थाना पुलिस ने इस संदर्भ में आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस को मिली थी सूचना एंटी नारकोटिक सेल नूंह व क्राइम ब्रांच तावडू प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि अपराध की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर एक टीम गस्त के दौरान नूंह सोहना मार्ग कंवरसीका बस स्टैंड पर मौजूद थी।

उसी दौरान सूचना मिली कि मुमताज उर्फ सिनम पुत्र उमरदीन निवासी रेहना, आसिफ पुत्र आस मोहम्मद निवासी शाहपुर नंगली थाना सदर नूंह और आजाद पुत्र शाहिद निवासी रहपुवा थाना पिनंगवा नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त है।

जो स्कॉर्पियो कार में सवार होकर सोहना की ओर से नशीला पदार्थ लेकर आएंगे।

आरोपियों ने भागने का किया था प्रयास सूचना के मिलते ही टीम ने सोहना रोड रोजका मेव मोड़ पर नाकाबंदी कर दी।

कुछ देर बाद सोहना की ओर से एक स्कॉर्पियो कार आई।

इस दौरान स्कॉर्पियो चालक ने सामने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया। लेकिन गाड़ी को तीन युवकों सहित काबू कर लिया गया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत, ड्यूटी के बाद लौट रहे थे घर

गुरुग्राम। सेक्टर 17/18 थाना क्षेत्र में शनिवार रात तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक मौके से ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल की सीसीटीवी फुटेज देखकर ट्रक चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। कृष्णा नगर के रहने वाले थे अश्वनी मृत युवक की पहचान कृष्णा नगर निवासी 26 वर्षीय अश्वनी भारद्वाज के रूप में की गई। इनके पिता सतीश भारद्वाज ने थाने में आरोपित चालक के विरुद्ध केस दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि बेटे अश्वनी भारद्वाज डीएलएफ फेस चार स्थित कंसल्टेंट फास्ट मीडिया कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम करते थे।

# जश्ने बुतूराब शीर्षक से हुआ अखिल भारतीय मनकबती मुशायरा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। हजरत अली के जन्म दिवस पर अमरोहा में जारी जश्न के माहौल में अखिल भारतीय मनकबती महफिल-ए-मुशायरे का आयोजन दोस्त अली कल्चरल फोरम के संयोजन में मंगलवार रात मोहल्ला कटकुई स्थित दोस्त अली हाउस में किया गया। जिसमें देश के नामचीन शायरों ने हिस्सा लिया। महफिल की अध्यक्षता मौलाना डा.शहवार हुसैन व संचालन डा.लाडले रहबर ने किया। महफिल की 125 साला यादगारी किताब का विमोचन मेहमान शायर जौहर कानपुरी, नदीम शाद देवबंदी, शमीम इलाहाबादी, नायाब हल्लोरी, आसिफ जलालपुरी, मारुफ सिरसवी, अल्तमश अब्बास मुंबई और सरवर नवाब लखनवी के हाथों किया गया। कार्यक्रम में तिलावत सूफी तस्सदुक हुसैन ने की जबकि नात जुबैर इब्ने सैफी ने पेश की। इसके बाद शायरों ने अपना कलाम पेश किया। मुंबई से आए हुए शायर अल्तमश अब्बास ने पढ़ा...यह सजदा गाहो कि खुशबू बता रही है मुझे, अली का जिक्र यहां सुबह शाम होता है। सरवर नवाब ने इस तरह खिराजे अकीदत पेश कि...अली के हाथ की मासूमियत ने खैबर पर, बस उतना जोर किया सिर्फ जितना चाहिए था। कानपुर से आए हुए जौहर कानपुरी ने पढ़ा कि....अली के साया-ए-दामन में इस तरह आए, कि फिर इधर-उधर नहीं देखा कभी हमने। गजल की दुनिया के अहम नाम नदीम शाद ने पढ़ा कि...प्यास थी अपनी मेराज पर कर्बला के वो प्यासे मगर, हाथ हो या के हो सर कलम गिड़गिड़ाना नहीं जानते। नायाब हल्लौरी ने कहा कि.... काम मुश्किलों में आए सबकी बिगड़ी बनाए, वो है मौला हमारा अली अली। इनके अलावा मारुफ सिरसवी, आसिफ जलालपुरी, शाने हैदर बेबाक, हिमायूं हैदर, लियाकत अमरोहवी, कायम अमरोहवी, समर मुज्तबा ने भी कलाम पेश किया। आखिर में मौलाना डा.शहवार हुसैन ने दुआ कराई।

# सर्दी के चलते बंद रहेंगे स्कूल, मुरादाबाद समेत इन जिलों में डीएम ने जारी किया आदेश

प्रात: किरण संवाददाता




बदायूं। बदायूं में कड़ाके की सर्दी और शीतलहर का प्रकोप अभी थमता नहीं दिख रहा। ऐसे में बच्चों को सर्दी के सितम से बचाने के लिए स्कूलों की छुट्टियां बढ़ गई हैं। कक्षा एक से कक्षा आठवीं तक के स्कूल 17 जनवरी से खुलेंगे। मंगलवार को डीएम निधि श्रीवास्तव के आदेश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने स्कूलों की छुट्टियां बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया। निर्देश दिए गए कि शीतलहर, ठंड व कोहरे के प्रकोप को देखते हुए कक्षा एक से आठवीं तक के सभी परिषदीय, सीबीएसई व आइसीएसई के स्कूल 15 व 16 जनवरी को बंद रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक डा. प्रवेश कुमार ने बताया कि सर्दी को देखते हुए कक्षा नौ से 12वीं तक के विद्यालय 18 जनवरी तक सुबह 10 बजे से तीन बजे तक संचालित होंगे। मुरादाबाद में 16 तक बंद रहेंगे कक्षा आठवीं तक के स्कूल मुरादाबाद में इन दिनों सर्दी अपने चरम पर है। जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। लोग अपने घरों से निकलने में संकोच कर रहे हैं। पूरा दिन सूर्यदेव के दर्शन तक नहीं होते। अत्यधिक शीतलहर में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को देखते हुए कक्षा आठवीं तक की छुट्टियां बढ़ाई गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार कक्षा आठवीं तक के सभी शिक्षण संस्थान 16 जनवरी तक बंद रहेंगे। इससे पहले डीएम ने 14 जनवरी तक स्कूल बंद करने के आदेश दिए थे। रामपुर में कक्षा आठ तक के सभी स्कूल रहेंगे बंद रामपुर में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। पूरे दिन कोहरा छाया रहा। धूप न निकलने के कारण ठंड और बढ़ गई। इस कारण लोगों को काफी परेशानी हुई। ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कक्षा आठ तक के बच्चों के लिए आज अवकाश घोषित कर दिया है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान आठ और अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार को मौसम पूरी तरह साफ रहा था। पूरे दिन धूप निकली थी। इससे लोग काफी राहत महसूस कर रहे थे, लेकिन मंगलवार को मौसम फिर बदल गया। सुबह से शाम तक कोहरा छाया रहा। इससे ठंड बढ़ गई। घरों से बाहर निकलने पर लोग कंपकंपी महसूस करने लगे। इसे देखते हुए जिलाधिकारी ने कक्षा आठ तक के बच्चों का 15 जनवरी का अवकाश घोषित कर दिया है। वहीं, बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से डीएम के आदेश का पालन करने के लिए सभी बोर्ड से जुड़े स्कूलों से कहा गया है। बहजोई में भी कक्षा आठ तक के स्कूल बंद बहजोई में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने जानकारी दी कि जिलाधिकारी के निर्देश पर शीतलहर के कारण छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 15 और 16 जनवरी को नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आइसीएसई बोर्ड और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों पर लागू होगा। इस कदम से ठंड के मौसम में बच्चों को राहत मिलेगी। प्रशासन ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

# ग्राम पंचायत गंगोली में सड़क निर्माण में पीला ईट प्रयोग करने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश

प्रात: किरण संवाददाता

बदायूं के ग्राम पंचायत गंगोली में सचिव व ठेकेदार ने सरकार के पैसों किया बंदरबाट अभी 3 हफ्ते पहले ग्राम गंगोली में खड़ंजा व नाले का निर्माण कराया था नाले में घटिया किस्म की सामग्री का प्रयोग किया गया गांव के लोग व महिलाएं सचिब ब ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं गांव वालों का कहना है की खड़ंजे में पुरानी ५ नई पीला ईटों का इस्तेमाल किया गया है गया है कुछ गांव वालों ने काफी विरोध किया और गांव वालों ने वीडियो बनाया था गांव वालों का कहना है कि यह जो पीला इट लगाई गई है यहां सीमेंटेड इंटरलॉक का काम होना था लेकिन सचिब ब ठेकेदार ने सीमेंटेड इंटरलॉक की जगह पीला ईंट का खड़ंजा बनवा दिया गांव वालों का कहना है की ने नाले पर कोई भी स्लिप नहीं डाला है बच्चे रोज नाले में गिर जाते हैं और बच्चों को बहुत सारी परेशानी झेलनी पड़ रही है योगी सरकार के सख्त आदेश हैं कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा लेकिन कुछ भ्रष्ट अधिकारी योगी के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं जब सचिव साहब का वर्जन लेना चाह तो सचिव ने फोन ही नहीं उठाया कुछ लोगों से बातचीत की तो लोगों ने बताया कि जब से सचिव ने गंगोली का चार्ज संभाला है तब से ग्रामीण बहुत परेशान है ग्रामीणों का आरोप है की सचिव कभी भी फोन नहीं उठाते अब देखना यह है खबर प्रकाशित होने के बाद सचिव व प्रधान व जे ङ्क ई ङ्क में बदलाव आता है या नहीं या कार्यवाही होगी

# 35 बीघा जमीन के लिए बेटे और बहुओं ने रची मां के खिलाफ खौफनाक साजिश, पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खोल दी सच्चाई



बदायूं। शहर के मोहल्ला शिवपुरम में जमीन बेचने से इनकार करने पर एक बेटे और दो बहुओं ने मिलकर मां की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मामला सामने आया तो बताया गया कि महिला ने जहरीला पदार्थ खाया है। लेकिन जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो उसमें पसलियां टूटने की बात आई। लेकिन इसके बाद भी पुलिस तहरीर मिलने से इनकार करती रही। रात साढ़े दस बजे कोतवाली इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और महिला के पति उमाशंकर की तहरीर पर प्राथमिकी पंजीकृत कर ली गई। जिसमें उनके बेटे और दो बहुओं को आरोपित बनाया गया है। मामला जमीन बेचने से इनकार करने से जुड़ा हुआ है। उमाशंकर की है कपड़े की दुकान शहर के मुहल्ला शिवपुरम के गली नंबर तीन निवासी उमाशंकर की कपड़े की दुकान है। उमाशंकर ने बताया कि वह शनिवार रात दुकान बंद करके घर आए तो उनकी पत्नी विमला बेहोश मिलीं। वह जमीन पर पड़ीं थीं। उनके बेटे और दोनों बहू घर पर मौजूद थे। वह पत्नी को लेकर सीधे मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उनकी हालत देखी जब वह इलाज शुरू करते तब उनकी मृत्यु हो गई। वह शव लेकर घर आ गए। मृत्यु पर हुआ संदेह रविवार की सुबह उन्हें पत्नी की मृत्यु संदेह हुआ। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिन से उनका बेटे और बहुएं जमीन बेचने की बात कर रहे थे। उनके पास बिनावर क्षेत्र के गांव सिरसावा में करीब 35 बीघा जमीन है। वह लोग उसे बेचने का दवाब बना रहे थे। लेकिन उनकी पत्नी विमला इससे इनकार कर देती थीं। आरोप है कि इसी जमीन बेंचने की खुन्नस में शनिवार रात बेटे राजेंद्र और उसकी पत्नी नीलम और दूसरे बेटे रंजीत की पत्नी रश्मी ने उनकी पी विमला के साथ मारपीट की है, जिसमें उनकी जान चली गई। पुलिस को सूचना दी, तब हुआ पोस्टमार्टम उन्होंने रविवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देर शाम पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो उसमें विमला की मृत्यु पसलियां टूटने से बताई गई। उनके शरीर पर पांच अन्य चोटें भी मिलीं। इस पर मारपीट की बात स्पष्ट हो गई। लेकिन पुलिस रात तक तहरीर न मिलने की बात कहती रही। पुलिस को उमाशंकर ने दिया प्रार्थना पत्र कोतवाली इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि पहले उमाशंकर ने सिर्फ पोस्टमार्टम कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। लेकिन रात में उन्होंने अपने बेटे राजेंद्र और पुत्रवधु नीलम व रश्मी पर पत्नी विमला के साथ मारपीट करने और धक्का देकर गिराने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया है। इस पर प्राथमिकी पंजीकृत कर ली गई है। एक आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी। उमाशंकर ने इसकी वजह जमीन को लेकर विवाद बताया है। जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा। ये भी पढ़ेंः भतीजे पर कमाई खर्च करता था पति, प्यार करना चाची को नहीं हुआ बर्दाश्त; उठाया ऐसा कदम कि परिवार में मच गई चीखपुकार ये भी पढ़ेंः जिंदगी भर प्रेमी के साथ रहूंगी, भरी पंचायत में किशोरी की जिद ; तीन महीने पहले दुष्कर्म में पिता-पुत्र गए थे जेल बता दें कि इस संबंध में उमाशंकर का भी एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। जिसमें वह बेटे व दोनों बहुओं पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। लेकिन दैनिक जागरण उस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

# 31 जनवरी तक कृषक कराए फार्मर रजिस्ट्री

## फार्मर रजिस्ट्री के बिना नहीं मिलेगा किसान सम्मान निधि व अन्य योजनाओं का लाभ

● विकास भवन सभागार में किया गया किसान दिवस का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

बदायूँः । मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें बैक, कृषि, ऊर्जा, सिंचाई, मत्स्य, नलकूप, गन्ना एवं उद्यान विभाग आदि से जुड़े हुए समस्त अधिकारी उपस्थित रहें।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किसान दिवस में उपस्थित समस्त अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु आदेशित किया।

उप कृषि निदेशक बदायूँ ने समस्त कृषक एवं अधिकारियों का स्वागत किया।

साथ ही फार्मर रजिस्ट्री के सम्बन्ध में जानकारी दी और बताया कि 31 जनवरी 2025 तक कृषको को फार्मर रजिस्ट्री अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र से करा सकते है। जो कृषक फार्मर रजिस्ट्री नहीं करायेगें ।

उन्हें पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना एवं अन्य योजनाओं का लाभ नही मिलेगा।

समस्त जन सेवा केन्द्र दिन और रात्रि में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कर रहे है।

कृषक देवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम आमगॉव, विकास खण्ड जगत द्वारा गन्ना के भुगतान की जानकारी चाही जिस सम्बन्ध में जिला गन्ना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि गन्ना का भुगतान नियामानुसार किया जा रहा है।

जिला कृषि अधिकारी द्वारा संकर मक्का के बीजों पर अनुदान के सम्बन्ध में कृषको को जानकारी दी तथा यन्त्रीकरण योजना के सम्बन्ध में कृषको को अवगत कराया गया है।

जो किसान कृषि यन्त्र लेना चाहते है, यन्त्र के टोकन की बुकिंग कर सकते है।

टोंकन होने के उपरान्त लाटरी के माध्यम से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त किसान यन्त्र खरीद सकते है।

सत्यापनके उपरान्त उन्हें विभाग द्वारा अनुदान नियमानुसार दिया जायेगा।

नाबार्ड अधिकारी द्वारा एग्रि क्लिनिक और एग्रि बिजिनेस केंद्र (ऐसीएंडएबीसी) योजना की कृषक को विस्तार से जानकारी दी।

मत्स्य अधिकारी द्वारा मत्स्य विभाग में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी कृषक भाईयों की दी।

मण्डी सचिव द्वारा कृषक दुर्घटना बीमा के बारे में विस्तार से कृषकों को बताया।

## गुरुग्राम में युवक की बेरहमी से हत्या, खेत में झोपड़ी में सोया था हर्ष; वारदात से इलाके में मचा हड़कंप

गुरुग्राम। भोंडसी थाना क्षेत्र के रिठौज गांव में 22 वर्षीय युवक हर्ष की हत्या सिर पर बेरहमी से कई बार सरिए से वार कर की गई थी। उसके सिर व ढोड़ी के पास इतनी बार वार किए गए कि यह पता नहीं चल पा रहा था कि उसकी हत्या कैसे हुई। शाम तक पुलिस भी यह मान रही थी कि ढोड़ी से सटाकर गोली मारी गई। शाम में पोस्टमार्टम के दौरान डाक्टरों ने किसी भारी वस्तु से वारकर हत्या करने की पुष्टि की। खेतों में बनी झोपड़ी में सो गया था युवक परिवार के मुताबिक रिठौज गांव निवासी हर्ष खटाना रविवार रात साढ़े 10 बजे गांव के बाहर अपने खेतों की निगरानी करने गया था। इसके बाद वह खेतों में बनी झोपड़ी में ही सो गया। रात में किसी ने उसकी लोहे की राड से पीट-पीट कर हत्या कर दी।

# मार्क जुकरबर्ग का भारत पर बयान - जो रोगन पॉडकास्ट

मार्क जुकरबर्ग ने झूठा दावा किया कि भारत की वर्तमान सरकार कोविड-19 की कमजोर प्रतिक्रिया के कारण चुनाव हार गई, जिसके चलते केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई। संसदीय समिति ने मेटा को मार्क के बयान पर तलब किया मेटा ने मार्क जुकरबर्ग के बयान पर माफी मांगी घटनाओं की सूची: तारीख मुद्दा बयान/प्रतिक्रिया 10 जनवरी 2025 जो रोगन के साथ एक इंटरव्यू में, श्री मार्क जुकरबर्ग ने गलत दावा किया कि 2024 के चुनावों में अधिकांश सत्तारूढ़ सरकारें, जिसमें भारत भी शामिल है, हार गईं। मार्क जुकरबर्ग ने कहा,2024 दुनिया भर में चुनावों का एक बड़ा साल था, और इन सभी देशों, भारत और अन्य कई देशों में चुनाव हुए।मौजूदा सरकारें लगभग हर जगह हार गईं। 13 जनवरी 2025 भारत के संदर्भ में यह दावा तथ्यात्मक रूप से गलत था।2024 के चुनावों में, एनडीए सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, सत्ता में बनी रही। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने मार्क जुकरबर्ग के बयान की तथ्य-जांच की और प्रतिक्रिया दी। उन्होंने ट्वीट किया: दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत ने 2024 के चुनावों में 640 मिलियन से अधिक मतदाताओं के साथ एनडीए में विश्वास व्यक्त किया।जुकरबर्ग का यह दावा कि कोविड-19 के बाद 2024 के चुनावों में भारत सहित अधिकांश सत्तारूढ़ सरकारें हार गईं, तथ्यात्मक रूप से गलत है। 13 जनवरी 2025 सूचना प्रौद्योगिकी और संचार पर संसदीय स्थायी समिति, जिसकी अध्यक्षता श्री निशिकांत दुबे कर रहे हैं, ने मेटा को इस गलत जानकारी के लिए तलब करने की योजना बनाई।श्री निशिकांत दुबे ने कहाः किसी भी लोकतांत्रिक देश के बारे में गलत जानकारी उसकी छवि खराब करती है। इस संगठन को इस गलती के लिए संसद और यहां की जनता से माफी मांगनी होगी।14 जनवरी 2025 मेटा इंडिया के सार्वजनिक नीति के उपाध्यक्ष, श्री शिवनाथ ठुकराल ने मंत्री के ट्वीट के जवाब में मेटा की ओर से माफी मांगी। उन्होंने लिखा: आदरणीय मंत्री, मार्क का यह अवलोकन कि 2024 के चुनावों में कई सत्तारूढ़ दलों को दोबारा नहीं चुना गया, कई देशों के लिए सही है, लेकिन भारत के लिए नहीं। हम इस अनजाने में हुई गलती के लिए माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण देश बना हुआ है, और हम इसके नवाचार के भविष्य में योगदान करने की उम्मीद करते हैं। विवाद का विवरण मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक. के अध्यक्ष और सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने जो रोगन पॉडकास्ट में भारत को कोविड-19 महामारी के दौरान सरकारों के प्रति असंतोष का उदाहरण दिया। उनका बयान यह सुझाव देता है कि महामारी के बाद अधिकांश सत्तारूढ़ सरकारें, जिनमें भारत भी शामिल है, अगले चुनाव हार गईं। केंद्रीय मंत्री की प्रतिक्रिया केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जुकरबर्ग के दावे की तथ्य-जांच करते हुए इसे खारिज किया। उन्होंने भारत के 2024 के चुनावों को दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक प्रयास के रूप में बताया, जिसमें 640 मिलियन से अधिक मतदाताओं ने भाग लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को एक मजबूत जनादेश दिया। मंत्री वैष्णव ने भारत सरकार द्वारा कोविड-19 के दौरान उठाए गए कुछ प्रमुख कदम भी गिनाए: 800 मिलियन नागरिकों को मुफ्त खाद्यान्न वितरण। 2.2 बिलियन मुफ्त वैक्सीन खुराक। 110 मिलियन से अधिक किसानों को वित्तीय सहायता। ह्व वसुधैव कुटुंबकमह्न (दुनिया एक परिवार है) की भावना को अपनाते हुए अन्य देशों को सहायता प्रदान करना। रणनीतिक निवेश के कारण मजबूत महामारी के बाद की आर्थिक सुधार। संसदीय समिति का कदम श्री निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली समिति ने मेटा के अधिकारियों को तलब किया है और 20-24 जनवरी के बीच चर्चा करेगी। अगर मेटा द्वारा माफी नहीं दी गई तो कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की जा सकती है। मेटा की माफी मेटा के भारत और दक्षिण एशिया के सार्वजनिक नीति निदेशक, श्री शिवनाथ ठुकराल ने सोशल मीडिया पर माफी जारी की और भारत को मेटा के नवाचारों के लिए एक महत्वपूर्ण भागीदार बताया।

# कांग्रेस-आप की जंग में इंडिया को नुकसान

ऐसे समय में जब प्रमुख विपक्षी गठबन्धन ह्यइंडियाह्न को मजबूत करने के लिये उसका नेतृत्व कर रहे कांग्रेस पर दबाव है, दिल्ली विधानसभा चुनाव में उसके और सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी के बीच जंग इतनी तेज हो गयी है कि शक है कि गठबन्धन में आप रहेगी या नहीं। चुनाव प्रचार के दौरान एक-दूसरे को नीचा दिखाने पर आमादा कांग्रेस व आप के बीच जो घट रहा है, उससे गठबन्धन की एकजुटता और भविष्य पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। सम्भव है कि इसके बाद आप इंडिया से कांग्रेस को निकालने या उसके हाथों से नेतृत्व छीनने की मुहिम छेड़ दे या स्वयं अलग हो जाये। आप के ताल्लुकात कांग्रेस से हाल के दिनों में काफी बिगड़े हैं। देखना होगा कि यह अदावत क्या गुल खिलाती है। आप का व्यवहार वैसे भी इस मायने में संदिग्ध रहा है कि उसके सभी सियासी कदमों का लाभ केन्द्र की सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी को मिलता रहा है। विस्तार की महत्वाकांक्षा के चलते पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने अनेक राज्यों के विधानसभा चुनावों में उम्मीदवार उतारने का सिलसिला बनाये रखा था। जहां तक इंडिया गठबन्धन का हिस्सा बनने के पहले की बात थी, तब तक तो ठीक था क्योंकि यह हर पार्टी का अधिकार है कि वह चाहे जहां से अपने प्रत्याशी उतारे व कहीं से चुनाव लड़े। देश का शायद ही कोई ऐसा महत्वपूर्ण राज्य होगा जहां से उसने पिछले दस वर्षों में अपने उम्मीदवार खड़े न किये हों। यह तो सही है कि इसके चलते उसने दिल्ली के बाहर पंजाब में अपनी सरकार बनाई है तथा उसे इसका श्रेय जाता है कि कांग्रेस व भाजपा के अतिरिक्त वही ऐसा दल है जिसकी दो राज्यों में सरकारें हैं। जहां तक इंडिया गठबन्धन में शामिल होने के बाद की बात है, दिल्ली विधानसभा चुनाव का ऐलान होते ही उसने तत्काल अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी- सहयोगी दलों से बात किये या तालमेल की गुंजाइशों पर विचार किये बगैर ही। इंडिया गठबन्धन का सबसे बड़ा अंतर्विरोध यह है कि अनेक राज्यों में कांग्रेस जिन दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ती है, विधानसभा चुनावों में उनके सामने होती है। इस बाबत तर्क दिया जाता है कि गठबन्धन लोकसभा के लिये है, विधानसभाओं के लिये नहीं। कई मुद्दों को लेकर सहयोगी दल राज्यों में आमने-सामने होते हैं। ऐसी स्थिति में जब वे लोकसभा का चुनाव मिलकर लड़ते हैं तो लोगों को शक होना स्वाभाविक है। इससे कांग्रेस व जिन दलों के साथ उनका राज्यों में मुकाबला होता है, दोनों के पक्के वोटरों को छोड़कर स्वतंत्र मत अक्सर भाजपा की ओर चले जाते हैं। राहुल गांधी की दो भारत जोड़ो यात्राओं के दौरान कई दलों को साथ देखा गया परन्तु चुनाव में वे अलग-अलग थे या जो दल इन यात्राओं के पहले हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खिलाफ थे, वे इसमें शामिल हुए और अंततः इंडिया के गठबन्धन का हिस्सा बने। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस का सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी के साथ गठबन्धन नहीं हो सका क्योंकि ममता बनर्जी तैयार नहीं हुईं। ऐसे ही, इंडिया में शामिल पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने राज्य में मिलकर नहीं वरन अलग चुनाव लड़ा। उसने ऐसा यहां नेशनल कांफ्रेंस के साथ स्थानीय मुद्दों पर अपने मतभेदों एवं मुकाबले के कारण किया जबकि एनसी भी इंडिया में शरीक है। आप ने पंजाब में कांग्रेस को हराकर सत्ता पाई है, जबकि उसके बाद आप इंडिया में शामिल हो गयी। यह भी पाया गया कि अनेक स्थानों पर आप के चुनाव लड़ने से अंततः भाजपा को ही फायदा हुआ जिसके कारण उसे ह्यभाजपा की बी टीमह्न तक कहा जाता है।

# क्या हैं लॉस एंजेलिस की भयावह आग के संकेत

**एंजेलिस के जंगलों में लगी आग अभी तक पूरी तरह बेकाबू बनी हुई है। आग की लपटों की भयावहता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है और अनेक लोग लापता हैं। हजारों एकड़ के इलाके में फैली इस भयानक आग के कारण लाखों लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा है। इस आग से यहां के हजारों आलीशान मकान और लाखों बेशकीमती गाड़ियां जलकर राख हो चुकी है। जिन लोगों के घर इस आग में तबाह हुए हैं उनमें अनेक विशिष्ट लोग व सेलिब्रिटीज भी शामिल हैं। इस आग के चलते अब तक अरबों डॉलर की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। एक निजी कंपनी द्वारा आग की वजह से अब तक करीब 250 अरब अमेरिकी डॉलर के आर्थिक नुकसान का अनुमान लगाया है। प्राकृतिक आपदाओं में पूरे विश्व को बढ़चढ़कर सहायता पहुँचाने वाला अमेरिका लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग को बुझा पाने में पूरी तरह असमर्थ साबित हुआ है। जिसका सबसे बड़ा कारण यह बताया जा रहा है कि जंगल की इस आग को विस्तार देने में उन प्रकृतिक तेज हवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है जो 100 से लेकर 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से इन इलाकों में चल रही हैं।**





## निर्मल रानी

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार )**

विश्व का सर्व शक्तिशाली देश अमेरिका इन दिनों गोया प्राकृतिक प्रलय की चपेट में है। एक ओर तो मध्य अमेरिका में आये भीषण बफीर्ले तूफान से करीब 6 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं। कई प्रांतों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार यह तूफान बीते एक दशक का सबसे खतरनाक तूफान है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कंसास और मिसौरी से लेकर न्यू जर्सी तक बफीर्ले तूफान की चेतावनी जारी करते हुए कहा था कि ह्यइस क्षेत्र के उन स्थानों पर जहां सबसे अधिक बर्फबारी होती है, वहां कम से कम एक दशक की सबसे भारी बर्फबारी हो सकती है। जहाँ इस बफीर्ले तूफान ने मध्य अमेरिका में कई राज्यों में जन जीवन अस्त व्यस्त किया वहीँ पिछले कई दिनों से लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग अभी तक पूरी तरह बेकाबू बनी हुई है। आग की लपटों की भयावहता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है और अनेक लोग लापता हैं। हजारों एकड़ के इलाके में फैली इस भयानक आग के कारण लाखों लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा है। इस आग से यहां के हजारों आलीशान मकान और लाखों बेशकीमती गाड़ियां जलकर राख हो चुकी है। जिन लोगों के घर इस आग में तबाह हुए हैं उनमें अनेक विशिष्ट लोग व सेलिब्रिटीज भी शामिल हैं। इस आग के चलते अब तक अरबों डॉलर की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। एक निजी कंपनी द्वारा आग की वजह से अब तक करीब 250 अरब अमेरिकी डॉलर के आर्थिक नुकसान का अनुमान लगाया है। प्राकृतिक आपदाओं में पूरे विश्व को बढ़चढ़कर सहायता पहुँचाने वाला अमेरिका लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग को बुझा पाने में पूरी तरह असमर्थ साबित हुआ है। जिसका सबसे बड़ा कारण यह बताया जा रहा है कि जंगल की इस आग को विस्तार देने में उन प्रकृतिक तेज हवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है जो 100 से लेकर 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से इन इलाकों में चल रही हैं। इस आग में हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री का काफी बड़ा इलाका और इससे जुड़े कई ऐतिहासिक स्मारक भी जलकर राख हो चुके हैं। आग बुझाने के लिये कहीं पानी की कमी है तो कहीं पानी गिराने वाले विमानों की संख्या कम है। अमेरिकी फायर फाइटर्स स्वयं को असहाय महसूस कर रहे हैं। यह आग मानवता पर कितना बड़ा प्रकृतिक संकट है इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि अमेरिका का सबसे बड़ा विरोधी देश ईरान भी ऐसे संकट में अमेरिका की मदद की पेशकश कर रहा है। ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी के प्रमुख पीर हुसैन कोलीवंद ने अमेरिकी रेड क्रॉस के सीईओ क्लिफ होल्ज को इस संबंध में संदेश भेजा है। जिसमें उन्होंने आग से हुए नुकसान पर दुख जताते हुए इसे एक बड़ी त्रासदी बताया है। कोलीवंद ने कहा कि इस आपदा में हम अमेरिका की हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि दोनों देशों के काफी लंबे समय से तनावपूर्ण रिश्ते हैं। परन्तु ईरान ने आग की भयावहता को देखते हुए दुश्मनी को भूलकर मदद का हाथ बढ़ाया है। जाहिर है कि विश्व के अब तक के सबसे भयानक व सबसे अधिक नुकसान पहुँचाने वाले इस अग्निकांड ने फिर उन्हीं सवालों पर बहस छेड़ दी है जिसकी चर्चा गत तीन दशकों से विश्वव्यापी स्तर पर की जा रही है। सवाल उठने लगा है कि क्या यह सब ग्लोबल वार्मिंग का ही नतीजा है या कुछ और? हालांकि लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी इस आग के बारे में एक खबर यह भी है कि यह किन्हीं शरारती तत्वों द्वारा लगाई गयी आग है। अमेरिकी पुलिस ने इस संदेह में कुछ गिरफ़्तारियां भी की हैं परन्तु यह बात पूरे दावे से इसलिए भी नहीं कही जा सकती क्योंकि इस इलाके में पहले भी अग्निकांड की घटनायें जंगलों में घर्षण के कारण होती रहती हैं। परन्तु जितनी अनियंत्रित आग इस बार की रही पहले कभी नहीं देखा गया। कल्पना कीजिये कि जब विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति इस आग को नियंत्रित कर पाने पूरी तरह असमर्थ है तो यदि ऐसी ही आग किसी विकासशील देश में लगी होती तो क्या आलम होता? वैसे भी पिछले कुछ वर्षों के दौरान मौसम के निरंतर बिगड़ते जा रहे मिजाज के कारण दुनिया के अनेक देशों से जलवायु परिवर्तन व इसके परिणाम सम्बन्धी जो समाचार आ रहे हैं वह बेहद चौंकाने वाले हैं। जो ग्लेशियर पूरी दुनिया की ऋतु का संतुलन बनाये रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते थे वही ग्लेशियर अब तेजी से पिघल रहे हैं। इतनी तेजी से कि समुद्र में इन बड़े बड़े हिमखंडों को टूटते और इन्हें पानी में मिलते देखने के लिये भी पर्यटन शुरू हो चुका है। यानी दुनिया की तबाही का जश्न दुनिया अपनी आँखों से देखना भी चाह रही है। तमाम रेगिस्तानी इलाके जहाँ के लोग बारिश और बर्फबारी से वाकिफ नहीं थे वहां से बाढ़ और बर्फबारी की खबरें आ रही हैं। गत वर्ष पूरे विश्व में गर्मियों के दौरान तापमान में जो ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गयी वह भी भारत सहित पूरे विश्व ने महसूस किया। इसी ग्लोबल वार्मिंग ने पहाड़ों की सुंदरता पर ग्रहण लगा दिया है। पर्वतीय क्षेत्रों में गर्मी बढ़ रही है। भूस्खलन की घटनायें बढ़ती जा रही हैं। पीने के पानी की कमी होने लगी है। ध्रुवीय भालू जैसे अनेक दुर्लभ पशु पक्षियों के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है। परन्तु पूंजीवाद के चुंगल में जकड़ी यह विश्व व्यवस्था तबाही के मुंहाने पर पहुँचने के बावजूद अभी भी विकास के नाम पर विनाश के खेल खेलती जा रही है। जलवायु संकट से कथित रूप से व्यथित परन्तु जलवायु संकट को खुद ही बढ़ावा देने वाले देश प्रायः दुनिया में जलवायु संकट के गहराते खतरों पर घड़ियाली आंसू बहाने के लिये इकठ्ठा तो होते हैं परन्तु वे अपने देशों के कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के बजाये प्रगतिशील व गरीब देशों को पैसे देकर उन्हें कार्बन उत्सर्जन कम करने का पाठ पढ़ाते हैं। यही पूंजीवादी देश दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में युद्ध भड़का कर भूमंडलीय ऊष्मीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) को और बढ़ाने का काम करते हैं। ऐसे में यदि भविष्य में पृथ्वी पर सामान्य जीवन की कल्पना करनी हो तो लॉस एंजेलिस की भयावह आग से मिलने वाले संकेतों को तत्काल समझने की सख़्त जरुरत है।

# कुम्भ से पूछिए, हिन्दू धर्म को खतरा कहाँ है

**महात्मा गाँधी ने लड़ी, नेताजी सुभास चंद्र बोस ने लड़ी, भगत सिंह ने लड़ी। असंख्य भारतियों ने लड़ी। लेकिन किसी ने धर्म खतरे में है का नारा न आजादी के पहले दिया और न आजादी के बाद दिया। हिन्दू धर्म की रक्षा करने के लिए अभी तक तो केवल शैव, वैष्णव और उदासीन अखाड़े ही थे लेकिन अब इनमें किन्नरों का अखाड़ा भी शामिल हो गया है भले ही अभी इस नए अखाड़े को अखाड़ा परिषद ने मान्यता नहीं दी है। इन अखाड़े से जुड़े असंख्य साधू-सन्यासी धर्म की रक्षा के लिए ही सांस ले रहे हैं। इनकी संख्या भारत की सशस्त्र सेना से ज्यादा है। लेकिन ये साधू समाज भी कभी किसी दूसरे धर्म के पूजाघर गिराने के लिए सामने नहीं आये। अयोध्या में बाबरी मस्जिद इन धूतों-अवधूतों ने नहीं बल्कि भाजपा कार्यकताओं और बजरंगियों ने गिराई थी।**





## राकेश अचल

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है)**

प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ को देखकर मन में आता है कि जब देश में धर्म की रक्षा के लिए इतने साधू-संत, अखाड़े और श्रृद्धालु मौजूद हैं तो इस देश में हिन्दू धर्म को खतरा कहाँ है? क्यों भारतीय जनता पार्टी और उस जैसे तमाम राजनीतिक और गैर राजनीतिक संगठनों ने धर्म की रक्षा के लिए अपने घोड़े खोल रखे हैं?। जैसा कुम्भ भारत में उपलब्ध है, वैसा तो दुनिया में कहीं और है नहीं। दरअसल धर्म के खतरे में होने की बात कभी हिन्दू धर्म के लिए जीवन समर्पित करने वाले साधू-संतों की और से की ही नहीं गयी। ये नारा तो नेताओं का नारा है और कुछ धमार्चार्य इस नारे का निनाद करने लगे, क्योंकि उन्हें इसी में अपना भविष्य नजर आने लगा। हिन्दुस्तान में अघोषित रूप से हिन्दुओं की संख्या सबसे ज्यादा है, फिर भी आजादी के बाद हिंदुत्व की उदारता की वजह से भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित नहीं किया गया, जबकि 1947 में भी हिन्दू धर्म की ध्वजा उठाने वाले चारों शंकराचार्य और 13 अखाड़े मौजूद थे। इन सभी ने देश की आजादी के लिए उतनी लड़ाई नहीं लड़ी जितनी सार्वजनिक जीवन में काम करने वाले दूसरे नेताओं ने लड़ी। महात्मा गाँधी ने लड़ी, नेताजी सुभास चंद्र बोस ने लड़ी, भगत सिंह ने लड़ी। असंख्य भारतियों ने लड़ी। लेकिन किसी ने धर्म खतरे में है का नारा न आजादी के पहले दिया और न आजादी के बाद दिया। हिन्दू धर्म की रक्षा करने के लिए अभी तक तो केवल शैव, वैष्णव और उदासीन अखाड़े ही थे लेकिन अब इनमें किन्नरों का अखाड़ा भी शामिल हो गया है भले ही अभी इस नए अखाड़े को अखाड़ा परिषद ने मान्यता नहीं दी है। इन अखाड़े से जुड़े असंख्य साधू-सन्यासी धर्म की रक्षा के लिए ही सांस ले रहे हैं। इनकी संख्या भारत की सशस्त्र सेना से ज्यादा है। लेकिन ये साधू समाज भी कभी किसी दूसरे धर्म के पूजाघर गिराने के लिए सामने नहीं आये। अयोध्या में बाबरी मस्जिद इन धूतों-अवधूतों ने नहीं बल्कि भाजपा कार्यकताओं और बजरंगियों ने गिराई थी। हिन्दू धर्म के खतरे में होने की बात कम से कम मेरे तो गले नहीं उतरती, हिन्दू धर्म यदि इतने बड़े फौज-फांटे के रहते हुए यदि खतरे में है तो इस धर्म के होने या न होने का कोई मतलब नहीं है। इस समय मै प्रयागराज में नहीं होकर भी, वहीं हूँ। लगभग सभी टीवी चैनलों के जरिये बाबाओं के उद्घोष सुन रहा हू। पढ़े-लिखे और अनपढ़ सभी किस्म के बाबा कहते हैं कि वे तो विश्व कल्याण के लिए साधनारत हैं, लेकिन उनकी कठोर साधना का प्रतिफल विश्व को तो छोड़िये भारत को ही नहीं मिल पा रहा है। इतने प्राचीन और विशाल धर्म के होते हुए भी इस देश में नफरत की आंधियां चल रहीं है। भय का वातावरण है। हैरानी तो इस बात की होती है कि देश का ये विशाल साधक समुदाय हिन्दू धर्म के अपहृत्त होने के खिलाफ अपनी धर्म ध्वजाएं नहीं उठाता। कोई अखाड़ा किसी रजनीतिक दल से नहीं पूछता कि उनके रहते हिन्दू धर्म को खतरे में क्यों बताये जा रहा है? क्यों हिंदुओं के नाम पर वोट मांगा जा रहा है। क्यों किसी ने अपने आपको हिन्दू धर्म का स्वयंभू ठेकदार घोषित कर रखा है? महाकुम्भ में आम आदमी भी आ रहा है और खास आदमी भी। आम आदमी के लिए यहां जितने इंतजाम हैं उससे कहीं ज्यादा और बेहतर इंतजाम खास आदमी के लिए हैं। अखाड़ों में भी देशी भक्तों की वजाय विदेशी भक्तों की पूछ-परख है। कोई यहाँ केवल पुण्य प्राप्ति के लिए आ रहा है तो कोई अपने घोषित और अघोषित पाप धोने के लिए। गंगा को मैला सभी कर रहे हैं। दुनिया में कौन सी ऐसी पुण्य सलिला है जो एक दिन में दो से ढाई करोड़ से ज्यादा आबादी का पाप धो दे? महाकुम्भ को लेकर जितने सवाल मेरे मन में पैदा हो रहे हैं उतने सवाल आपके मन में शायद पैदा न हों क्योंकि आप इस महा आयोजन के प्रति केवल श्रृद्धा से भरे हैं। श्रृद्धा से मै भी भरा हू। किन्तु मै प्रश्नाकुल हूँ। हमारा मीडिया प्रश्नाकुल नहीं है। हमारा मीडिया, हमारी सरकार, हमारी जनता इस समय भाव-विभोर है। आल्हादित है। उसे महाकुम्भ के सामने इस समय न दिल्ली के षणयंत्र दिख रहे हैं और न किसानों का आंदोलन। उसे न डालर के मुकाबले भारतीय रुपए की कुगति दिख रही है और न भारत की सम्प्रभुता पर मंडराते खतरे। पूरा देश इस समय धर्म की हिलोरें ले रहा है। केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि अब तो बंगाल की सरकार भी धर्म का धंधा करने पर उत्तर आयी है। बंगाल की सरकार ने महाकुम्भ के जबाब में गंगासागर स्नान के लिए दो-दो पेज के विज्ञापनों से देश के सभी भाषाओं के अखबार पाट दिए हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी को लगता है कि एक अकेले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धर्म के ठेकेदार क्यों बने रहें? बहरहाल यदि आपको मेरी बात पर भरोसा है तो निश्चिन्त हो जाइये हिन्दू धर्म को लेकर। हिन्दू धर्म को देश में कोई खतरा नहीं है है। खतरे में हैं तो केवल राजनीतिक दल और उनके नेता और ये ही देश के लिए सबसे बड़े खतरा हैं। लेकिन मुश्किल ये है कि न आप नेताओं से बच सकते हैं और न नाग-धड़ंग बाबाओं से। बाबा जहाँ त्याग की प्रतिमूर्ति हैं, वहीं उनके महंत और महा-मांडलेश्वर तथा नेता लूट-खसोट और भ्ष्टाचार्र की प्रतिमूर्ति। कुल मिलाकर हर-हर महादेव बोलिये और अपने ज्ञानचक्षु खोलिये।

# भीषण आग से अमेरिका ही नहीं, दुनिया सबक ले



## ललित गर्ग

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फेलने, भारी तबाही, महाविनाश और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के इतिहास यह जंगल की आग सबसे भयावह, सर्वाधिक विनाशकारी एवं डरावनी साबित हुई है। आग धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि और तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका कारण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं हैं। ये हवाएं इस आग को और भड़का रही हैं, तबाही का मंजर बन रही है, जिसे रोकना अमेरिका प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी सेना के सी-130 विमान और फायर हेलीकॉप्टर हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा की गति और आग की लपटों की ताकत के आगे दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के तमाम प्रयास नाकाफी एवं बेबस साबित हो रहे हैं।

अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है। वहां के नागरिक अपने पास जितने चाहें, उतने भौतिक संसाधन रख सकते हैं। सुविधावादी जीवनशैली के शिखर एवं तमाम सुरक्षा परिस्थितियों में जीने के बावजूद यह देश आज कितना असहाय एवं बेबस है। विकास की बोली बोलने वाला, विकास की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में आधुनिकता, तकनीक एवं विकास की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद ऐसी भीषण आग की तबाही का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं, उसे अपनी असलियत का पता लगा। दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, जैसे बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर, जेमी ली कर्टिस और पेरिस हिल्टन शामिल हैं एवं व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की विकास की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। ईश्वर की बनायी संरचना में दखल का ही परिणाम है कि प्रकृति इतना रौद्र एवं विध्वंसक रूप धारण किया है। अमेरिका आज दुनिया में प्रकृति के दोहन, अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं।

# महाकुम्भ : कड़ाके की ठंड के बीच श्रद्धालुओं ने लगाई संगम में डुबकी

प्रात: किरण संवाददाता



महाकुम्भ नगर। कड़ाके की ठंड के बावजूद जोश और उत्साह से लबरेज श्रद्धालुओं ने बुधवार को महाकुम्भ में त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाई। हर हर महादेव,जय श्री राम और जय गंगा मैया के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालुओं ने संगम पर स्नान किया। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के निवासी 62 वर्षीय निबर चौधरी ने कहा,मैंने पहली बार संगम में डुबकी लगाई है। डुबकी लगाने के बाद वास्तव में एक दम तरोताजा महसूस हुआ। चौधरी के साथ आए शिवराम वर्मा ने कहा कि उनका अनुभव अच्छा रहा और यहां प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था की है। पहली बार यहां आई लखनऊ निवासी नैंसी भी यहां की व्यवस्था को देखकर संतुष्ट नजर आईं। उन्होंने कहा,महाकुम्भ में अब तक मेरा अनुभव अच्छा रहा है। पड़ोसी जिले फतेहपुर के निवासी अभिषेक ने कहा, कुल मिलाकर अनुभव अच्छा रहा। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। कानपुर निवासी विजय कठेरिया ने महाकुम्भ में किए गए सुरक्षा इंतजाम की सराहना की। उन्होंने कहा,श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं और सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। बुधवार को कोई स्नान पर्व नहीं रहने के बावजूद देश और विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुम्भ में शामिल होने के लिए संगम के पास एकत्रित होकर स्नान कर रहे हैं। इससे पहले मंगलवार को विभिन्न अखाड़ों के संतों ने मकर संक्रांति के अवसर पर महाकुम्भ में पहला अमृत स्नान किया। मकर संक्रांति पर त्रिवेणी संगम में करीब 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि भालेबाजी और तलवारबाजी से लेकर पूरे जोश में डमरू बजाने तक, उनके प्रदर्शन सदियों पुरानी परंपराओं का जीवंत उदाहरण थे। पुरुष नागा साधुओं के अलावा, महिला नागा संन्यासी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। बुधवार को घाट पर मौजूद कौशांबी के निवास महेश पासी ने अपने भाई और अन्य परिजनों के साथ गंगा में डुबकी लगाई। महेश ने कहा कि उनके परिवार ने मौसम अधिक ठंडा होने के कारण मकर संक्रांति के बाद यहां आने का फैसला किया। महेश ने कहा कि उनके परिवार में बच्चे पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति पर संगम में डुबकी लगाना चाहते थे, लेकिन बुजुर्गों ने सलाह दी कि इतनी ठंड में वहां रहने से बच्चे बीमार पड़ सकते हैं और भारी भीड़ में वे बिछड़ सकते हैं, इसलिए यह निर्णय किया गया कि मकर संक्रांति के बाद महाकुम्भ में चला जाए। महाकुम्भ मेला 26 फरवरी तक चलेगा।

## महाकुंभ : दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के शिविर में वी आर जोन स्थापित

महाकुंभ नगर । महाकुंभ 2025 को डिजिटल कुंभ का रूप देने की सरकार की कोशिशों के बीच दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने भी अपने शिविर को डिजिटल रूप प्रदान किया है जिसके तहत शिविर में एक वर्चुअल रीयल्टी (वीआर) जोन स्थापित किया गया है। महाकुंभ नगर के सेक्टर नौ में नौ एकड़ क्षेत्र में स्थापित इस शिविर का बुधवार को उद्घाटन किया गया। इस मौके पर संस्थान की प्रवक्ता साध्वी तपेश्वरी भारती ने संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए बताया कि वी आर जोन में आगंतुक 3डी और वीएफएक्स तकनीक के माध्यम से महाकुंभ और पौराणिक कथाओं का अनुभव कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि संस्थान में 33 दिनों तक विभिन्न आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस बार उनके शिविर में देश विदेश से 20 लाख से अधिक लोगों के आने की संभावना है। पिछले कुंभ में 17 लाख लोग संस्थान के शिविर में आए थे।

# रिकार्ड: 5 साल के जेन शिराज ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा रचा इतिहास





प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी

लगभग 5 साल के जेन शिराज ने 2:14 मिनट में 195 देशों के नाम बिना देखे बोलकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा दिया और इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड 2025 में अपना नाम दर्ज करा इतिहास रच दिया है इस बहुत छोटे बालक को मिली बहुत बड़ी उपलब्धि पर उनके पिता डॉक्टर शिराज के पैतृक नगर स्योहारा जनपद बिजनौर में खुशी की लहर दौड़ गई और उनके घर उनके रिश्तेदारो,मित्रो शुभचिंतकों का बधाई देने वालों का तांता लग गया

मुरादाबाद/स्योहारा। लगभग 5 साल के नन्हे मासूम जेन शिराज ने फरीदाबाद (हरियाणा) में हुई एक प्रतियोगिता में 2:14 मिनट में 195 देशों के नाम लिए और इंडिया बुक का रिकार्ड 2025 के लिए अपना नाम शामिल करा इतिहास रच दिया। नगर के मौहल्ला मिलकियान निवासी और वर्तमान में सरकारी डॉक्टर के रूप में मुरादाबाद जेल में अपनी चिकित्सा सेवाएं दे रहे डॉक्टर शिराज के नन्हे सुपुत्र जेन शिराज आयु (लगभग 5 वर्ष) ने 23 दिसम्बर 2023 को फरीदाबाद में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के द्वारा हुई एक प्रतियोगिता महज 134 सेकंड यानी 2 मिनट 14 सेकंड में बिना देखे 195 देश का नाम फटाफट बोलकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड 2025में अपना नाम दर्ज करा इतिहास रच दिया और अपने परिवार और नगर स्योहारा तथा पूरे मण्डल मुरादाबाद का नाम रोशन कर दिया। इस नन्हे बालक को मिली बहुत बड़ी उपलब्धि पर सभी लोग सराहना कर रहे हैं और उनके माता-पिता की भी प्रशंसा कर रहे हैं।आपको बताते चले कि जेन शिराज के पिता डॉक्टर शिराज वर्तमान में मुरादाबाद जिगर कॉलोनी में रहते हैं और बतौर राजकीय चिकित्सक जिला कारागार मुरादाबाद कार्यरत हैं और उनकी माता जूही शिराज गवर्नमेंट हॉस्पिटल में आई सर्जन है। इस उपलब्धि पर बधाई देने वालों में मुख्य रूप से चेयरमैन स्योहारा फैसल वारसी, चेयरमैन उमरी नगर पंचायत हाजी उस्मान, वरिष्ठ समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी एवं व्यापारी नेता अरुण कुमार वर्मा, सरदार गुरदीप सिंह, व्यापारी रमेश अरोड़ा पूर्व चेयरमैन अख्तर जलील, वरिष्ठ समाजसेवी सरफराज अहमद उर्फ गुड्डा, सेवानिवृत अध्यापक जलीस अहमद चौधरी, एडवोकेट सुभानी शबाहत, वरिष्ठ पत्रकार नादिर त्यागी, डॉक्टर इमरान अहमद, फैसल हिलाल, बड़े बाबू मुफीज अहमद, फिरोज आलम, फिरोज हैदर एडवोकेट, दानिश इकबाल पूर्व जेल विजिटर, इमरान अहमद, जमशेद आलम, इंजीनियर सैयद मोअज्जम अली,आदि रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गंगा मां बुलायेंगी तो जरुर लगाने जाऊंगा संगम में डुबकी : अखिलेश

हरिद्वार/लखनऊ,। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि गंगा मां के बुलावे पर वह जरुर संगम स्नान को जाएंगे। हरिद्वार में अपने दिवंगत चाचा के अस्थि विसर्जन कार्यक्रम के बाद अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर उन्होंने हरिद्वार में गंगा स्नान किया। उन्होंने यही गंगा आगे प्रयागराज जाती है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ हजारों साल से चली आ रही सनातन परंपरा का हिस्सा है जहां सभी संत महात्माओं और साधुओं के दर्शन सुलभ होते हैं। महाकुंभ में डुबकी लगाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि गंगा मां जब उन्हें बुलाएंगी वह संगम में डुबकी लगाने जरुर जाएंगे। महाकुंभ की तैयारियों को नाकाफी बताते हुए उन्होंने कहा कि गंगा इतने आधुनिक संसाधन होने के बाद भी अगर महाकुंभ में कमियां रहती हैं तो कहीं न कहीं सवाल खड़े होते हैं। उम्मीद है कि सरकार उन तमाम कमियों पर ध्यान देगी और दूर करेगी।

### यूएई, फिजी व फिनलैंड समेत 10 देशों का 21 सदस्यीय दल बृहस्पतिवार को संगम में लगाएगा डुबकी

महाकुम्भ नगर,। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), फिजी व फिनलैंड समेत 10 देशों का 21 सदस्यीय एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल महाकुम्भ मेले के तहत बृहस्पतिवार को यहां संगम में पवित्र डुबकी लगाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस दल में गयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका व त्रिनिदाद एवं टोबैगो के सदस्य भी शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि विदेश मंत्रालय के एक्सटर्नल पब्लिसिटी एंड पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीजन द्वारा आमंत्रित 10 देशों का 21 सदस्यीय दल बुधवार को यहां पहुंच रहा है और उनके ठहरने की व्यवस्था अरैल क्षेत्र स्थित टेंट सिटी में की गई है। बयान के मुताबिक, बुधवार को दल के महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भ्रमण का कार्यक्रम है और उनके के लिए शाम पांच से साढ़े छह बजे तक हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दल के सदस्य प्रयागराज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर से रू-ब-रू होंगे। बयान में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय दल के सदस्य बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे और इसके बाद दल के सदस्यों को हेलीकॉप्टर से महाकुम्भ क्षेत्र का हवाई अनुभव कराया जाएगा। इसमें कहा गया है कि भ्रमण कार्यक्रम दोपहर डेढ़ बजे समाप्त होगा और दल हवाई अड्डे के लिए रवाना हो जाएगा।

### महाकुम्भ : खाने-पीने की चीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को मोबाइल प्रयोगशाला का हो रहा इस्तेमाल

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज में जारी महाकुम्भ में ढाबों व होटलों में उपलब्ध खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उनका मोबाइल प्रयोगशाला से मौके पर ही परीक्षण किया जा रहा है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र को पांच जोन और 25 सेक्टरों में बांटकर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है तथा प्रत्येक सेक्टर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी तैनात हैं, जो खाद्य पदार्थों की नियमित जांच कर रहे हैं। एक बयान के मुताबिक, सेक्टर 24 में संकट मोचन मार्ग पर स्थित कार्यालय से खाद्य सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं का संचालन किया जा रहा है।इसके मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में महाकुम्भ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने विशेष इंतजाम किए हैं। सहायक खाद्य आयुक्त सुशील कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं को खराब या मिलावटी भोजन से बचाने के लिए फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स का उपयोग किया जा रहा है।

# आगरा-दिल्ली एक्सप्रेस वे पर घने कोहरे के कारण कई वाहनों की टक्कर में तीन घायल



प्रात: किरण संवाददाता

अलीगढ़ । आगरा-दिल्ली एक्सप्रेस वे पर घने कोहरे के कारण बुधवार की सुबह कई वाहन आपस में टकरा गये, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और कई बकरियां मर गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब खराब दृश्यता के कारण कई वाहन आपस में टकरा गए। इसमें करीब 200 से अधिक बकरियां ले जा रहा एक ट्रक भी शामिल था। इस टक्कर में तीन ट्रकों सहित छह वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया,घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मौसम के सबसे घने कोहरे के कारण क्षेत्र में यातायात बाधित हो गया और दोपहर तक दृश्यता की समस्या बनी रही।

# मायावती का कांग्रेस पर बड़ा आरोप, कहा आरक्षण को खत्म करने में लगी है ये पार्टी

प्रात: किरण संवाददाता



लखनऊ,। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आरक्षण को खत्म करना चाहती है। मायावती बुधवार को 69 साल की हो गईं हैं। इस मौके पर उन्होंने लखनऊ के पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति के साथ पिछड़े लोगों को आरक्षण का पूरा लाभ नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और अनुसूचित जाति, जनजाति के अन्य महापुरुषों का अपमान और अनादर किया है। कांग्रेस आरक्षण के अधिकार को भी समाप्त करना चाहती है। उनके नेता ऐसी बातें कह भी चुके हैं। मायावती ने कहा कि अब कांग्रेस अनुसूचित जाति-जनजाति और बाबासाहेब की हितैषी होने का दिखावा कर रही है। राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता संविधान दिखाते हैं और नीले कपड़े पहनकर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं को लुभाना चाहते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भाजपा और समाजवादी पार्टी पर भी अलग-अलग हथकंडे अपनाकर मतदाताओं को बरगलाने का आरोप लगाया। उन्होंने अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं से इन सभी दलों से सावधान रहने और बसपा को जीत दिलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अन्य दलों की राज्य सरकार मेरी सरकार द्वारा शुरू की गई कई योजनाओं की नकल कर रही हैं। मेरी सरकार ने मजदूरों, व्यापारियों, बेरोजगारों, महिलाओं, युवाओं और विकलांगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं पेश की थी, जिनसे लोगों को काफी फायदा हुआ। पार्टी के नेता राज्य में फिर से बसपा की सरकार बनाने के लिए काम कर रहे हैं। बसपा मुखिया मायावती ने कहा कि दिल्ली में यदि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव हुआ और गड़बड़ी न हुई तो बसपा को जीत मिलने जा रही है। उन्होंने कार्यकताओं को दिल्ली के साथ बिहार चुनाव में भी जीत दिलाने के लिए जुटने की अपील की।

# अयोध्या : सपा उम्मीदवार अजीत प्रसाद नामांकन करने पहुंचे, भाजपा के उम्मीदवार को बताया बाहरी

प्रात: किरण संवाददाता



अयोध्या,। अयोध्या सीट के उपचुनाव में अजीत प्रसाद बुधवार करने पहुंचे। इस दौरान को बाहरी बताया है। दावा किया। सपा के प्रसाद के पुत्र अजीत करने से पहले पत्रकारों ने नामांकन से पहले सीट पर पूरी तैयारी है। उम्मीदवार ही नहीं था। के मिल्कीपुर विधानसभा समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को अपना नामांकन दाखिल उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार साथ ही अपनी बड़ी जीत का उम्मीदवार और सांसद अवधेश प्रसाद ने नामांकन दाखिल से बातचीत की। अजीत प्रसाद कहा कि सपा की मिल्कीपुर यहां पर भाजपा के पास तो कोई उन्होंने बाहर से लाकर किसी व्यक्ति को मैदान में उतारा है। अब बाहर और घर की लड़ाई है। अब यहां पर सपा जीतने जा रही है। भाजपा ने यहां मंत्रियों की फौज उतार रखी है। उन्होंने आगे कहा कि आज मुख्यमंत्री उनकी कैबिनेट और प्रशासन मिलकर चुनाव लड़ रहा है। यह एक छलावा है। वहां की जनता सब जान चुकी है। वो अखिलेश यादव और सपा के निशान को देख रहे हैं। हम बड़े अंतर से चुनाव जीतने जा रहे हैं। यूपी में अभी तक नौ सीटों पर हुए चुनाव को लेकर अजीत प्रसाद ने कहा कि वो सारे चुनाव भाजपा ने बेईमानी से जीते थे। मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भाजपा ने चंद्रभान पासवान को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। सपा ने इस सीट पर सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को पहले ही अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। कांग्रेस ने इस सीट पर अपना उम्मीदवार न उतारकर गठबंधन के प्रत्याशी को समर्थन देने का ऐलान किया है। वहीं बसपा ने इस सीट पर चुनाव न लड़ने की घोषणा की थी। कांग्रेस और बसपा के इस चुनाव में सीधे तौर पर न आने से भाजपा और सपा के उम्मीदवार में सीधी टक्कर होगी। ज्ञात हो कि मिल्कीपुर सीट अवधेश प्रसाद के फैजाबाद से सांसद बनने के बाद खाली हुई है। अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर पांच फरवरी को वोटिंग होगी। नतीजे आठ फरवरी को आएंगे। 10 से 17 जनवरी तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे।

# उत्तर प्रदेश के बरेली में यात्री रेलगाड़ी के आगे पटरी पर रखा बड़ा पत्थर, जांच जारी

प्रात: किरण संवाददाता



बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में बरेली-पीलीभीत रेल खंड पर यात्री रेलगाड़ी का इंजन किसी अज्ञात द्वारा पटरी पर रखे गए बड़े पत्थर से टकरा गया, हालांकि किसी बड़ी हानि की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना सोमवार शाम पांच बजकर 45 मिनट की है जब टनकपुर से बरेली सिटी जाने वाली रेलगाड़ी संख्या 75302 शाही रेलवे स्टेशन से रवाना होकर बिजौरिया रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी। उन्होंने बताया, यात्री रेलगाड़ी का इंजन बिजौरिया रेलवे स्टेशन के पास किसी अज्ञात द्वारा पटरी पर रखे गए पत्थर से टकरा गया। हालांकि कोई बड़ी हानि नहीं हुई और लोको पायलट ने ट्रेन को समय पर रोक दिया। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन के बिजौरिया रेलवे स्टेशन पहुंचने पर लोको पायलट ने रेलवे अधिकारियों के साथ-साथ राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे रेलवे अधिकारियों ने ट्रेन का निरीक्षण करने के बाद उसे आगे की यात्रा के लिए रवाना करने की अनुमति दी। इज्जत नगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने कहा, इस घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। रेलपथ के वरिष्ठ खंड अभियंता नेत्रपाल सिंह की शिकायत पर नवाबगंज थाने में मंगलवार देर रात रेलवे अधिनियम-1989 की धारा 150 (दुर्भावनापूर्ण तरीके से किसी रेलगाड़ी को नुकसान पहुंचाने की कोशिश) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि आरोपियों की पहचान कर तलाश की जा रही है।

# आर.एस.पी. इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया गया भारतीय सेना दिवस



प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा।नगर आर.एस.पी. इंटर कॉलेज में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ भारतीय सेना दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्या मधुबाला शर्मा एवं लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स के द्वारा उत्साह और हर्षोल्लास के साथ भारतीय सेना दिवस मनाया गया। सेना दिवस लेफ्टिनेंट जनरल ( फील्ड मार्शल) के.एम. करियप्पा के भारतीय थल सेना के शीर्ष कमांडर का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष में मनाया जाता है सेना दिवस के अवसर पर लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा ने एनसीसी कैडेट्स के साथ मिलकर थल सेवा की वीरता ,अदम्य साहस तथा शौर्य को याद करते हुए कार्यक्रम आयोजित किए। उन्होंने कहा कि आर्मी का उत्साह बढ़ाना चाहिए। यह दिवस उन बहादुरों के सम्मान में मनाया जाता है जो निस्वार्थ भाव से देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर देते हैं। हमारी भारतीय सेना किसी भी देश की सेना से कम नहीं है देश के इन सपूतों ने जब भी समय आया है अपनी जान की परवाह न करते हुए हमेशाह देश की रक्षा की है ' हर भारतीय अपने आप में गर्व महसूस करता है कि हमने ऐसी सेना को पाया है। कार्यक्रम में सीनियर अंडर अफसर सुजीत कुमार ,अंडर अफसर सृष्टि कौशिक, सार्जेंट प्रिंस कुमार, लांस कॉरपोरल अनुराधा, हर्षित चौहान, वंश चंद्रा आदि ने भाग लिया।

# खुलासा: पुलिस की सजगता और तत्परता से पकड़ा गया चोर



प्रात: किरण संवाददाता

मुरादाबाद/कांठ। पुलिस की सजगता और तत्परता से समय रहते मूर्ति चोर पकड़ा गया जिसका चालान कर जेल भेज दिया गया।बुधवार सुबह 10:40 बजे अक्षत विश्नोई पुत्र विजय कुमार निवासी ग्राम पहाड़मऊ थाना कांठ जनपद मुरादाबाद के द्वारा तहरीर दी कि गांव के ही शिव मंदिर से किसी अज्ञात चोर के द्वारा दो पीतल की मूर्ति इसमें एक शंकर जी की है एक हनुमान जी की है जो कि चोरी कर ली गई। तहरीर मिलने पर पुलिस ने तुरंत मुकदमा पंजीकृत किया और इस घटना का तुरन्त खुलासा करने के लिये कांठ थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र पाल सिंह ने उपनिरीक्षक विपिन कुमार को विवेचना सौंपी जिस पर उपनिरीक्षक विपिन कुमार ने कांस्टेबल आशीष कुमार के साथ मिलकर घटना का खुलासा करने के लिये गम्भीरता के साथ कार्यवाही की। घटना में अभियुक्त वसीम पुत्र रईस निवासी मौहल्ला नियाजियान, अगवानपुर, थाना सिविल लाइन, जनपद मुरादाबाद का होना पाया गया और अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के पास से मुकदमे में चोरी की गई दो पीतल की मूर्ति भगवान शंकर व हनुमानजी की व तांबे की टूटे हुआ नाग की मूर्ति बरामद कर ली गई है तथा अभियुक्त वसीम का सम्बंधित धाराओं में चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। चोरी की घटना का तुरंत खुलासा होने पर ग्रामीणों ने थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ विजेंद्र पाल सिंह और घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम तथा समस्त स्टाफ की सराहना की।

# महाकुम्भ: कड़ाके की ठंड के बीच श्रद्धालुओं ने लगाई संगम में डुबकी

प्रात: किरण संवाददाता



महाकुम्भ नगर । कड़ाके की ठंड के बावजूद जोश और उत्साह से लबरेज श्रद्धालुओं ने बुधवार को महाकुम्भ में त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाई।

हर हर महादेव,जय श्री राम और जय गंगा मैया के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालुओं ने संगम पर स्नान किया।

उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के निवासी 62 वर्षीय निबर चौधरी ने कहा,मैंने पहली बार संगम में डुबकी लगाई है।

डुबकी लगाने के बाद वास्तव में एक दम तरोताजा महसूस हुआ। चौधरी के साथ आए शिवराम वर्मा ने कहा कि उनका अनुभव अच्छा रहा ।

और यहां प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था की है। पहली बार यहां आई लखनऊ निवासी नैंसी भी यहां की व्यवस्था को देखकर संतुष्ट नजर आईं।

उन्होंने कहा,महाकुंभ में अब तक मेरा अनुभव अच्छा रहा है।

पड़ोसी जिले फतेहपुर के निवासी अभिषेक ने कहा, कुल मिलाकर अनुभव अच्छा रहा।

उन्होंने कहा कि उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

कानपुर निवासी विजय कठेरिया ने महाकुंभ में किए गए सुरक्षा इंतजाम की सराहना की।

उन्होंने कहा,श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं और सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। इससे पहले मंगलवार को विभिन्न अखाड़ों के संतों ने मकर संक्रांति के अवसर पर महाकुम्भ में पहला अमृत स्नान किया।

मकर संक्रांति पर त्रिवेणी संगम में करीब 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई।

साधु-संतों ने पारंपरिक हथियारों के साथ प्रदर्शन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मोहित कर दिया।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि भालेबाजी और तलवारबाजी से लेकर पूरे जोश में डमरू बजाने तक, उनके प्रदर्शन सदियों पुरानी परंपराओं का जीवंत उदाहरण थे।

पुरुष नागा साधुओं के अलावा, महिला नागा संन्यासी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

महाकुम्भ मेला 26 फरवरी तक चलेगा।

# क्रेडिट कार्ड एक्टिवेशन कराने का झांसा देकर खाते से उड़ाए 28060 रुपये

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा।साइबर अपराधी ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर क्रेडिट कार्ड एक्टिवेशन करने का झांसा दिया। बाद में खाते से 28060 रुपये उड़ा लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने कॉल कर पुलिस में शिकायत करने की धमकी दी तो 1000 रुपये रिफंड कर दिए। मामले में पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गशितयान में कारोबारी गुरदीप सिंह का परिवार रहता है। उनके बेटे गगनदीप सिंह के मुताबिक 20 सितंबर 2024 को उनके व्हाट्सएप पर एसबीआई क्रेडिट कार्ड एक्टिवेशन के लिए अंजान नंबर से एक मैसेज आया था। मैसेज भेजने वाले ने खुद को स्टेट बैंक का अधिकारी बताया और क्रेडिट कार्ड एक्टिवेशन करने की बात कही। गगनदीप सिंह ने एक्टिवेशन प्रक्रिया पूरी की तो उनके क्रेडिट कार्ड से 28064 रुपये निकल गए। बैंक से रुपये निकलने का स्लॉट मैसेज मिलते ही गगनदीप सिंह के होश उड़ गए। उन्होंने मैसेज भेजने वाले व्यक्ति को कॉल कर पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की बात कही। पुलिस का नाम सुनकर वह घबरा गया और रुपये वापस करने का वादा किया। इतना ही नहीं आरोपी ने उसी वक्त 1000 रुपये उनके खाते में रिफंड भी कर दिए जबकि बाकी पैसे शाम तक वापस करने की बात कही लेकिन इसके बाद खाते में कोई पैसा वापस नहीं आया। लिहाजा, गगनदीप सिंह ने साइबर क्राइम से संबंधित पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। बाद में मामले की शिकायत शहर कोतवाली पुलिस से भी की। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## संक्षिप्त खबरें

### फरीदाबाद से लापता दो नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने तलाशा

फरीदाबाद,। घर से लापता दो नाबालिग लडकियों को पुलिस चौकी नवीन नगर की टीम ने मात्र पांच घंटे में तलाश करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस चौकी नवीन नगर में 14 जनवरी को दो नाबालिक लडकियों के घर से बिना बताए निकल जाने के शिकायत दी थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना व तकनीकी सहायता से लडकियों को फरीदाबाद में होने का पता लगाया। सूचना के अंतर्गत पुलिस चौकी टीम ने कार्रवाई करते हुए लडकियों को एन.आई.टी फरीदाबाद मार्किट क्षेत्र से तलाश किया गया है। पुछताछ मे सामने आया कि दोनो लडकियां परिजनो के डाटने के कारण घर से चली गई थी। जिनकी तलाश कर पुलिस ने दोनों लडकियों को परिजनो के हवाले किया। परिजनों के द्वारा पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया गया।

### एनटीए परीक्षा को नकल रहित बनाने को प्रशासन सजग : डीसी

फरीदाबाद,। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में 22 से 31 जनवरी के बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षण (सीबीटी) की परीक्षा नकल रहित पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ में है। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की कोई भी परेशानी न हो इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। डीसी विक्रम सिंह बुधवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार में सीबीटी परीक्षाओं के सफल संचालन की तैयारियों को लेकर सम्बंधित अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। डीसी विक्रम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में बनाए गए 3 सेंटर पर जाकर निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं, बिजली, पंखे, जैमर, पेयजल, शौचालय और साफ सफाई सहित अन्य उचित व्यवस्था के प्रबंध बारे भी अधिकारी ध्यान रखें और सुरक्षा के दृष्टिगत ऐसी कोई भी परीक्षा सहयोगी सामग्री जो आपत्तिजनक है उसको केंद्र में अंदर जाने न दें। डीसी विक्रम सिंह ने बताया की नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षण (सीबीटी) की परीक्षा के लिए जिला में 03 परीक्षा केंद्र पर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिला फरीदाबाद में बने परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित हो इसके लिए मॉनिटरिंग भी की जा रही है। बैठक में एडीसी साहिल गुप्ता, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बडखल अमित मान, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज व सीटीएम अंकित कुमार सहित अन्य विभागों से संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

### फरीदाबाद के प्रतापगढ़ में कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट शुरू

**पर्यावरण के नियमों के तहत कार्य करेगी प्रोसेसिंग यूनिट**

फरीदाबाद,। नगर निगम प्रशासन ने आज करीब एक महीने से प्रतापगढ़ में बंद पड़े कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट को शुरू कर दिया है। बुधवार की सुबह जॉइंट कमिश्नर नगर निगम एनआईटी जितेंद्र गर्ग,जॉइंट कमिश्नर ग्रेटर फरीदाबाद द्वेजा और कार्यकारी अभियंता पदम भूषण पुलिस दलबल के साथ प्रतापगढ़ कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट को शुरू कराने के लिए पहुंचे, स्थानीय निवासियों के विरोध के बाद आखिर यह यूनिट शुरू करा दी गई है। बता दें कि लगभग 1 महीने से यह कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट प्रतापगढ़ और उसके आसपास के निवासियों के विरोध के चलते बंद पड़ी हुई थी लेकिन अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों के विरोध के बाद बावजूद इस प्रोसेसिंग यूनिट को शुरू कराया और स्थानीय निवासियों को समझाया कि यह कूड़ा डंपिंग यार्ड नहीं है बल्कि प्रोसेसिंग यूनिट है जहां कूड़ा आकर के उसका निस्तारण किया जाता है। मौके पर मौजूद जॉइंट कमिश्नर जितेंद्र गर्ग ने लोगों को समझाया कि पर्यावरण के नियमों को ध्यान में रखते हुए यह यूनिट चलाई जाएगी। लोगों का विरोध था कि यहां गंदगी फैलेगी और बदबू और बीमारियां फैलेंगी लेकिन इस यूनिट के लगने के बाद यहां कूड़े का ढेर नहीं बल्कि उसे कूड़े को आधुनिक तकनीक से प्रोसेस किया जाएगा, उसका निस्तारण किया जाएगा। बता दे की इस कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट बंद होने से शहर में कूड़े के उठान में दिक्कत आ रही थी। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम कमिश्नर और सभी अधिकारियों के साथ इस विषय को लेकर मीटिंग की भी इच्छा जताई थी इसलिए कल 16 जनवरी को सुबह 11:00 बजे स्थानीय निवासियों के साथ मीटिंग मुख्यालय फरीदाबाद में की जाएगी और उन्हें इस विषय से संबंधित सभी तकनीकी विषयों से अवगत करा कर प्रोसेसिंग यूनिट के फायदे भी बताए जाएंगे।

# मिशन वात्सल्य के तहत साइकोसोशल काउंसलिंग से बच्चों को मिल रहा बेहतर मार्गदर्शन

प्रात : किरण, संवाददाता




लखनऊ,। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग ने बच्चों के संरक्षण, पुनर्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। ह्यमिशन वात्सल्यह्ल के तहत राज्य में 132 राजकीय संस्थाओं और विशेषीकृत सेवाओं के माध्यम से बच्चों को एक सुरक्षित और सशक्त भविष्य प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही साइकोसोशल काउंसलिंग से बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित ह्यमिशन वात्सल्यह्ल के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 128 बच्चों को दत्तक ग्रहण के माध्यम से पुनर्वासित किया गया। इन बच्चों को नए परिवार और बेहतर जीवन का अवसर प्रदान कर, उनके भविष्य को एक नई दिशा दी गई है। इस पहल से न केवल बच्चों को स्थायी घर मिला है, बल्कि समाज में दत्तक ग्रहण की संस्कृति को भी बढ़ावा मिला है। बच्चों के जीवन में बदलाव लाने के लिए स्पॉन्सरशिप और फॉस्टर केयर कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू किया गया है। अब तक 10,659 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से लाभान्वित किया गया है। इसके अलावा, 11 बच्चों को फॉस्टर केयर के तहत देखभाल और संरक्षण दिया गया है। ये प्रयास बच्चों को आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपनी पहचान स्थापित करने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। वहीं, बाल विवाह के खिलाफ राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। राज्य स्तरीय निगरानी समिति और जनपद स्तरीय टास्क फोर्स के प्रयासों से इस वर्ष 200 से अधिक संभावित बाल विवाहों को रोका गया है। बाल विवाह अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नए नियम भी तैयार किए जा रहे हैं। यह कदम न केवल बेटियों के भविष्य को सुरक्षित कर रहा है, बल्कि समाज में जागरूकता भी फैला रहा है। राजकीय गृहों में निवासरत बच्चों की मानसिक और भावनात्मक स्थिति सुधारने के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से साइकोसोशल काउंसलर नियुक्त किए गए हैं। यह पहल बच्चों को मानसिक तनाव से उबरने, अपने जीवन के लक्ष्यों को पहचानने और आत्मनिर्भर बनने में मदद कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों के संरक्षण और आत्मनिर्भरता को सरकार की प्राथमिकता में शामिल किया है। ह्यमिशन वात्सल्यह्ल के तहत आधुनिक तकनीक, कौशल विकास और रोजगार से जुड़ी सुविधाओं के माध्यम से बच्चों को न केवल सुरक्षा दी जा रही है, बल्कि उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक अवसर भी प्रदान किए जा रहे हैं।

## फरीदाबाद: धुंध में ट्रैक्टर-ट्राली पलटे, एक की मौत

प्रात : किरण, संवाददाता




फरीदाबाद, । बल्लभगढ़ -चंदावली रोड पर धुंध के कारण असंतुलित होकर ट्रैक्टर-ट्राली पलट गए। हादसे में ट्राली के अन्दर बैठे महेश (40) की नीचे दबकर मौत हो गई जबकि चालक के हाथ में चोट आई है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। महेश के भाई गंगाराम ने बताया कि महेश के परिवार में 6 बेटियां हैं। महेश बेलदारी का काम करता था। बुधवार की सुबह करीब 8 बजे वह ट्रैक्टर से भट्टे से ईंट लेने के लिए चंदावली की तरफ जा रहा था। महेश ट्राली में अकेला बैठा हुआ था जबकि ट्रैक्टर को दूसरा शख्स चला रहा था। चंदावली रोड पर ज्यादा धुंध होने के कारण ट्रैक्टर का पहिया गड्ढे में चला गया, जिससे ट्रेक्टर-ट्राली दोनों पलट गए। ट्राली में बैठे महेश को भागने तक का मौका नही मिला और नीचे दबकर उसकी मौत हो गई। महेश जिला छाता, गांव धर्मपुरा यूपी का निवासी था। पिछले कई सालों से वह बल्लभगढ़ की डबुआ कालोनी में अपने परिवार के साथ रह रहा था। शहर थाना पुलिस जांच अधिकारी असर खान ने बताया कि मृतक के परिजनों के द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही है।

## ग्रेटर नोएडा : पार्किंग विवाद में गोलियां चलाने वाला शख्स गिरफ्तार, श्री राधा स्काई गार्डन सोसायटी का मामला

प्रात : किरण, संवाददाता



ग्रेटर नोएडा,। ग्रेटर नोएडा के श्री राधा स्काई गार्डन सोसायटी में सोमवार देर रात पार्किंग को लेकर सोसायटी निवासी और सुरक्षा कर्मियों के बीच हुए हंगामे के दौरान गोलियां चलाने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, 13 जनवरी की रात में थाना बिसरख क्षेत्र के अंतर्गत राधा स्काई गार्डन सोसायटी में गौरव सिसोदिया का पार्किंग को लेकर मेंटेनेंस के गार्डों के साथ विवाद हो गया था, जिस पर गौरव सिसोदिया के द्वारा अपने लाइसेंसी शस्त्र से हवाई फायर किए जाने की बात सामने आई थी। थाना बिसरख पुलिस द्वारा सोसाइटी के सिक्योरिटी ऑफिसर से शिकायत लेकर मामला दर्ज किया गया था और आरोपी गौरव सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। 13 जनवरी की देर रात को कार पार्किंग को लेकर सुरक्षाकर्मी और सोसायटी के एक निवासी के बीच विवाद हो गया था। मामला मारपीट तक पहुंच गया। इसी बीच निवासी का एक मित्र अपनी लाइसेंसी पिस्तौल लेकर पहुंच गया और उन्होंने कई राउंड फायरिंग कर दी। इस मारपीट और फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद मंगलवार को पुलिस ने इस मामले का संज्ञान लिया और इस पर कार्यवाही शुरू की। बताया जा रहा है कि टावर 6 के एक निवासी ने अपनी कार बेसमेंट पार्किंग में खड़ी कर दी, जिसके बाद सुरक्षाकर्मी और उनके बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ता देख टावर 3 में रहने वाले उनके एक मित्र भी मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ और मामला थाने तक पहुंचा। थाने से देर रात वापस आने के बाद दोनों पक्षों में एक बार फिर कहा-सुनी शुरू हो गई और गेट पर ही मारपीट की नौबत आ गई। इसके बाद आरोप है कि गौरव सिसोदिया, जो टावर 3 का निवासी है, उसने अपने लाइसेंसी हथियार से कई राउंड की फायरिंग कर दी।

## पुलिस ने मुठभेड़ में बदमाश को किया गिरफ्तार, लूट का सामान, अवैध हथियार बरामद




प्रात : किरण, संवाददाता

नोएडा,। नोएडा पुलिस और बदमाश के बीच बीती देर रात मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ के बाद बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से लूट का मोबाइल, अवैध तमंचा और बाइक बरामद हुई है। ये मुठभेड़ थाना सेक्टर-49 पुलिस और बदमाश के बीच हुई है। एडीसीपी मनीष मिश्रा से मिली जानकारी के मुताबिक 14 जनवरी को थाना सेक्टर-49 नोएडा पुलिस द्वारा सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास पेट्रोल पंप की तरफ चेकिंग की जा रही थी। तभी एक संदिग्ध मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति आता दिखाई दिया, जिसे रुकने का इशारा किया गया। परंतु वह नहीं रुका और मोटरसाइकिल को तेजी से चलाते हुए भागने का प्रयास करने लगा। इसी हड़बड़ाहट में मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई और उसने पुलिस टीम को अपने पास आते देख फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। एडीसीपी के मुताबिक घायल बदमाश की पहचान पिन्टू उर्फ नेवला (25), निवासी मयूर विहार फेस-3, थाना गाजीपुर पूर्वी दिल्ली के रूप में हुई है। घायल बदमाश के कब्जे से लूटा हुआ एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है, जिसे इस बदमाश ने एक दिन पहले ही थाना 49 इलाके से लूटा था। बदमाश के पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल और एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस पूछताछ में बदमाश ने बताया है कि वह अपने साथी के साथ मिलकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर लोगों के मोबाइल फोन छीनता है। बरामद मोबाइल फोन को बदमाश ने अपने साथी के साथ मिलकर 13 जनवरी को सेक्टर-48 नोएडा से छीना था। बरामद मोटरसाइकिल भी बदमाश ने सूरजपुर से चोरी की थी। ये बदमाश इससे पहले भी कई बार जेल जा चुका है। इसके अन्य साथियों की तलाश के लिए टीम का गठन कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इस बदमाश पर नोएडा, दिल्ली और गाजियाबाद के अलग-अलग थानों में 9 मामले दर्ज हैं।

## महाकुंभ 2025 : अमृत स्नान के बाद सफाई अभियान शुरू, पूरे मेला क्षेत्र को किया जा रहा स्वच्छ

महाकुंभ नगर, । पौष पूर्णिमा स्नान पर्व और मकर संक्रांति के अमृत स्नान के बाद महाकुंभ क्षेत्र को स्वच्छ करने के लिए बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान शुरू कर दिया गया है। घाटों पर गंदगी को तेजी से साफ किया जा रहा है। सफाई कर्मी लगातार घाटों पर तैनात हैं और हर प्रकार की गंदगी को हटाने का कार्य जारी है। वहीं, शौचालयों में भी स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने इस बार महाकुंभ को स्वच्छ महाकुंभ के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में इस बार स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया है। पिछले दो दिनों में महाकुंभ में 5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया है, जिसके बाद मेला प्रशासन ने स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। मेला क्षेत्र में बचे कचरे को हटाने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। श्रद्धालुओं द्वारा छोड़ी गई सामग्रियों को एकत्र कर उचित स्थान पर निस्तारित किया जा रहा है। एकत्रित कचरे को काले लाइनर बैग में जमा कर निस्तारित किए जाने की योजना पर तेजी से कार्य चल रहा है। मेले के दौरान उपयोग किए गए शौचालयों की सफाई बड़े स्तर पर हो रही है। स्वच्छता कर्मचारियों की अतिरिक्त टीमों को इस कार्य में लगाया गया है। पार्किंग से लेकर घाटों तक स्थापित किए गए शौचालयों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पिछले दो दिनों में बड़ी संख्या में इन शौचालयों का उपयोग किया गया है, जिसके बाद इन्हें फिर से उपयोग में लाए जाने की आवश्यकता को देखते हुए मेला प्रशासन ने उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मेला क्षेत्र में गंदगी न फैलाएं। उचित स्थानों पर कचरा डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। घाटों पर स्थापित पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लगातार श्रद्धालुओं से यह अपील की जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी प्रशासन की अपील पर सहयोग करते हुए कचरे को डस्टबिन में डाल रहे हैं।

## फरीदाबाद : छह घंटे की सर्जरी के बाद जोड़ा मासूम का अगूंठा

प्रात : किरण, संवाददाता

फरीदाबाद, । चारा काटने की मशीन से मासूम के दाहिने हाथ के कटे अंगूठे को 6 घंटे चली सर्जरी में मैरिंगो एशिया अस्पताल के डॉक्टरों ने जोड में सफलता हासिल की है। तिगांव क्षेत्र से लगभग 2 वर्षीय शिवाक्ष जिसका चारा काटने की मशीन में आने से दाहिने हाथ का अंगूठा कट गया था। अस्पपताल के प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. कावेश्वर घुरा ने बुधवार को बताया कि जब बच्चा हमारे पास आया था तो बच्चे का दाहिने हाथ का अंगूठा आगे की तरफ से जॉइंट वाली जगह से लगभग पूरा ही कटा हुआ था, केवल एक पतली सी चमड़ी से लटका हुआ था। बच्चे को काफी दर्द हो रहा था। परिजन बच्चे को इलाज के लिए पहले तिगांव क्षेत्र के किसी स्थानीय हॉस्पिटल में भी ले गए थे। हमने ठीक से जाँच के बाद सर्जरी कर बच्चे के अंगूठे को जोड़ दिया। सर्जरी के बाद बच्चे के हाथ का अंगूठा फिर से सामान्य रूप से कार्य कर रहा है। पूरी तरह स्वस्थ होने पर बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया गया है। अगर समय रहते इलाज न होता तो बच्चे को आगे चलकर पढने-लिखने व अन्य कार्यों को करने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता था। अंगूठा हाथ का एक ऐसा महत्वपूर्ण अंग है जो हाथ से करने वाले कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. कावेश्वर घुरा ने बताया कि यह केस काफी चुनौतीपूर्ण था। पहली चुनौती- इतने छोटे बच्चे में अंगूठे में खून की नसें इतनी बारीक थी कि माइक्रोस्कोप के मैक्सिमम मैग्निफिकेशन में भी बड़ी मुश्किल से दिख रही थी। दूसरी चुनौती-इस नस को जोड के लिए सबसे बारीक धागे का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन माइक्रोस्कोप में ये धागा भी बच्चे की खून की नस से भी काफी मोटा दिख रहा था इसलिए अंगूठे के कटे हिस्से को जोड में काफी मुश्किल आई। इतनी बारीक खून की नसों को जोड आसान काम नहीं है इसलिए सर्जरी में लगभग 6 घंटे का समय लगा। सर्जरी सफल रही। ऑपरेशन के बाद बच्चे के अंगूठे ने सामान्य रूप से काम करना शुरू कर दिया है।

## ग्रेटर नोएडा : पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर बदमाश गोली लगने के बाद गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता



ग्रेटर नोएडा,। ग्रेटर नोएडा के थाना बादलपुर पुलिस और दो बदमाशों के बीच मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार हुए हैं। इनके पास से अवैध हथियार बरामद हुआ है। इन बदमाशों ने बीते दिनों एक गाड़ी से पैसे भरा बैग चुरा लिया था और फरार हो गए थे। तब से पुलिस इनकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने कई सीसीटीवी चेक किए थे और इनकी पहचान के लिए टीमों का गठन भी किया था। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 15 जनवरी को थाना बादलपुर पुलिस द्वारा एनटीपीसी तिराहा मार्केट के आगे चेकिंग की जा रही थी, तभी एक संदिग्ध मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति धूम मानिकपुर की तरफ से आते हुए दिखाई दिए। जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो वे एनटीपीसी की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम ने बदमाशों का पीछा किया। बदमाशों की मोटरसाइकिल आगे रास्ते पर अनियंत्रित होकर गिर गई। जिस पर बदमाशों द्वारा अपने आपको घिरता देखकर पुलिस टीम पर फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायल बदमाशों की पहचान बिलाल (23) और तबरेज (22) के रूप में हुई है। बदमाशों के कब्जे से चोरी का बैग (कुल 20,005 रुपये सहित), एक मोटरसाइकिल, 2 अवैध तमंचे, 2 खोखा और 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया है कि इन बदमाशों ने 10 जनवरी को ग्राम राजतपुर में एक फैक्ट्री के गेट पर खड़ी गाड़ी से पैसे का बैग चोरी किया था। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस इन बदमाशों के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है। अभी तक मिली जानकारी में तबरेज पर 4 और बिलाल पर 2 मुकदमे दर्ज हैं।

## नोएडा के मंगरौली गांव में दबंगों ने की कई राउंड फायरिंग, पुलिस जांच में जुटी

नोएडा,। नोएडा के मंगरौली गांव में मंगलवार रात कुछ लोगों ने फायरिंग की। आरोप है कि फायरिंग प्लॉट पर कब्जे को लेकर की गई थी। पीड़ित की शिकायत पर थाना एक्सप्रेसवे पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस ने टीम गठित की है। जल्द ही फायर करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित प्रमोद शर्मा ने थाना एक्सप्रेसवे पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसका मंगरौली में एक प्लॉट है। कुछ भू माफिया तरह के लोग इस प्लॉट पर कब्जा करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे के आसपास पांच से छह लोग उनके प्लॉट पर आए और फायरिंग करके डराने लगे। साथ ही प्लॉट की चारदीवारी भी तोड़ दी। पीड़ित ने कहा कि यदि किसी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पीड़ित ने मौके से दो खोके बरामद कर पुलिस को दिए। थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। इसके लिए टीम गठित की गई है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने का काम किया जा रहा है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें कुछ लोग बाहर खड़े होकर फायरिंग करते दिखाई दे रहे हैं और उसके बाद जब घर के लोग बाहर निकलते हैं तो वह लोग गाड़ियों में बैठकर वहां से फरार हो जाते हैं। वीडियो में पीड़ित किसी शख्स का नाम भी लेते सुनाई दे रहे हैं। घर से बाहर निकले महिला और पुरुष आवाज देकर किसी को बुलाते हैं। लेकिन तब तक आरोपी वहां से फरार हो जाते हैं।

## नोएडा : कोहरे का कहर, दो वॉल्वो बस आपस में टकराई, सात घायल

नोएडा,। नोएडा के महामाया फ्लाईओवर के पास दो वोल्वो बस में टक्कर हो गई। टक्कर में आधा दर्जन से अधिक लोगों को चोट लगी है। मौके पर मौजूद ट्रैफिक कर्मियों ने बस को धक्का देकर सड़क किनारे किया जिससे जाम की स्थिति पैदा न हो। वहीं मौके पर ही लोगों को प्राथमिक चिकित्सा दी गई। टक्कर के बाद कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। बताया गया कि घने कोहरे के चलते यह हादसा हुआ। बुधवार सुबह से ही पूरे एनसीआर में घना कोहरा छाया हुआ है और विजिबिलिटी ना के बराबर है, जिसकी वजह से वाहनों की रफ्तार पर पूरी तरह से लगाम लग गई है। दोनों बसों में एक वोल्वो ग्वालियर से दिल्ली और दूसरी गोरखपुर से दिल्ली आ रही थी। सुबह करीब नौ बजे के आसपास ग्वालियर वाली वोल्वो बस ने गोरखपुर की बस को पीछे से टक्कर मार दी। सवारियों ने बताया कि ड्राइवर ने शराब पी रखी थी, इसलिए वह संतुलन खो बैठा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई गंभीर घायल नहीं है। हालांकि छह से सात लोगों को चोट लगी है, जिनका प्राथमिक इलाज किया गया। वहीं दूसरे संसाधनों से लोग अपने घर की ओर रवाना हो गए। मौके पर मौजूद ट्रैफिक कर्मियों ने लोगों की मदद से बस को धक्का देकर सड़क किनारे किया। इसके बाद यातायात सुचारू हो सका। बता दें, यह महामाया फ्लाई लिंक रोड है जो एक्सप्रेसवे को दिल्ली से जोड़ती है। इस रोड पर 24 घंटे हैवी ट्रैफिक रहता है। गनीमत यह रही कि यह भिड़ंत ज्यादा भीषण नहीं रही, जिसकी वजह से कई लोग बाल-बाल बच गए। बस आपस में टकराई, लेकिन आसपास चल रही गाड़ियों को चपेट में नहीं लिया

## फरीदाबाद : कर्मचारी की मौत पर उद्योग प्रबंधकों के खिलाफ मामला दर्ज

फरीदाबाद,। सेक्टर-37 स्थित ओलंपिक कंपनी में हुए एक गंभीर हादसे में एक कर्मचारी की मौत और तीन अन्य के घायल होने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। घायल कर्मचारी लच्छी की शिकायत पर पुलिस ने कंपनी मालिक एमबी साहनी, केडी साहनी, निदेशक बेदी सिंह, प्लॉट प्रबंधक राजेश मोर और जेबी गिल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। शिकायत में बताया कि बॉयलर में लंबे समय से तकनीकी खराबी थी, जिसकी सूचना कई बार प्रबंधन को दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। कंपनी में बॉयलर फटने से हुए जोरदार धमाके में हसीन खान नामक कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि चंद्रबहादुर, विक्रम और लच्छी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय बॉयलर में अचानक प्रेशर बढ से धमाका हुआ, जिससे ऊपर लगा टिनशेड गिर गया और चारों कर्मचारी मलबे में दब गए। घटना के बाद कंपनी में आग लग गई। जिस पर 6 दमकल गाडि की मदद से काबू पाया गया। सराय ख्वाजा थाना प्रभारी राकेश कुमार के अनुसार सभी आरोपियों को नोटिस जारी कर दिया है और मामले की जांच जारी है। मृतक हसीन खान का पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## घने कोहरे की चपेट में फरीदाबाद, वाहनों की रफ्तार हुई धीमी

फरीदाबाद, । फरीदाबाद जिले में बुधवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा। जिससे सडकों पर विजिबिलिटी बेहद कम हो गई। वाहन ड्राइवरों को दिन के उजाले में भी हेडलाइट्स जलाकर चलना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कोहरे और कड़ाके की सर्दी को देखते हुए हरियाणा सरकार ने पहले ही सभी सरकारी और निजी स्कूलों में 15 जनवरी तक छुट्टियां घोषित कर रखी हैं। मौसम की स्थिति में सुधार न होने पर छुट्टियों को और बढ़ाया जा सकता है। स्थानीय किसान जीत सिंह और पवन लंबरदार के अनुसार कोहरे से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, लेकिन यह गेहूं की फसल के लिए वरदान साबित हो रहा है। कोहरे से निकलने वाला पानी सीधे गेहूं की जड़ों तक पहुंचता है, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए कम पानी देना पड़ता है। लोगों को घर से निकलने और काम करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन कृषि क्षेत्र में यह मौसम लाभदायक साबित हो रहा है।

## फरीदाबाद में नई सड़क के निर्माण को सीएम सैनी ने दी मंजूरी

**आगरा नहर सेक्टर-8 से गांव घरोरा तक चार लेन सड़क का किया जाएगा निर्माण**

फरीदाबाद,। जिला फरीदाबाद के तिगांव विधानसभा क्षेत्र में आगरा नहर सेक्टर 8 से गांव घरोरा तक एमआईटीसी मुख्य चैनल के उपलब्ध आरओडब्ल्यू के भीतर चार लेन सड़क का निर्माण किया जायेगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सड़क के निर्माण के लिए भारत सरकार के राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर और पूर्व मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा तथा आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों द्वारा मांग की गई थी। इस सड़क के निर्माण पर लगभग 81 करोड़ रुपए खर्च आएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में, अधीक्षण अभियंता, गुरुग्राम सर्कल, पीडब्ल्यूडी बी एंड आर शाखा, गुरुग्राम ने प्रस्तुत किया था कि एचएसएमआईटीसी ने फरीदाबाद में लगभग 30 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की थी और एक मुख्य चौनल का निर्माण किया था।

## फरीदाबाद में नूंह का बदमाश चोरीशुदा ऑटो सहित गिरफ्तार

फरीदाबाद,। फरीदाबाद में अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने वाहन चोरी के मामल में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। जो नूंह का रहने वाला है। उसके पास से चोरी का ऑटो बरामद किया है। जिसे उसने दो महीने पहले चुराया था। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान नूंह के गांव नकनपुर निवासी साहिद के रूप में हुई है। 14 नवंबर को हाथरस निवासी दीपक दी शिकायत में बताया कि वर्तमान में भूड कालोनी ओल्ड फरीदाबाद में रहता है। उसका ऑटो घर के बाहर से चोरी हो गया था।



## असुरन के बाद काम करने फिर साथ आए धनुष और वेत्रिमारन, पांचवीं फिल्म के लिए मिलाया हाथ

प्रसिद्ध निर्देशक वेत्रिमारन और अभिनेता धनुष एक रोमांचक नई परियोजना पर पांचवीं बार साथ काम कर रहे हैं, जिसकी घोषणा विदुथलाई 2 के सफलता समारोह के दौरान की गई। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म वेत्रिमारन की नौवीं निर्देशित फिल्म होगी, जो एक रोमांचक अनुभव देगी। इस अनाम फिल्म का निर्माण आरएस इंफोटेनमेंट द्वारा किया जाएगा, जो विदुथलाई 2 का भी प्रोडक्शन हाउस है।
धनुष के साथ वेत्रिमारन का नया प्रोजेक्ट
यह घोषणा प्रोडक्शन हाउस आरएस इंफोटेनमेंट द्वारा 13 जनवरी को की गई, जो वेट्री की फिल्म विदुथलाई- पार्ट 2 की रिलीज के 25वें दिन थी। नई फिल्म की कहानी, कलाकारों और क्रू के बारे में विवरण अभी तक सामने नहीं आया है। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि यह फिल्म एक स्टैंडअलोन प्रोजेक्ट होगी या वडा चेन्नई की सीक्वल। इस सहयोग का संकेत सबसे पहले 2022 में धनुष की फिल्म थिरुचित्रम्बलम के ऑडियो लॉन्च के दौरान वेत्रिमारन ने दिया था।

### सूरी की भी अगली फिल्म का निर्माण करेगा प्रोडक्शन हाउस

वेत्रिमारन और धनुष की परियोजना का समर्थन करने के साथ-साथ आरएस इन्फोटेनमेंट ने अभिनेता सूरी की आगामी फिल्म के साथ अपने सहयोग की भी घोषणा की है। इस फिल्म का निर्देशन नए कलाकार मथिमारन पुगाझेंथी द्वारा किया जाएगा, जो वेत्रिमारन की टीम का अभिन्न अंग रहे हैं। मथिमारन ने विदुथलाई सीरीज की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन दोनों फिल्मों के बारे में निर्माताओं द्वारा अभी और जानकारी का खुलासा किया जाना बाकी है।
सूर्या के साथ फिल्म में व्यस्त वेत्रिमारन
इस बीच वेत्रिमारन अभिनेता सूर्या अभिनीत फिल्म वादीवासल पर भी काम कर रहे हैं, जो सीएस चेलप्पा के उपन्यास पर आधारित है। तमिलनाडु के पारंपरिक आयोजन जल्लीकट्टू की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में जीवी प्रकाश कुमार का संगीत और आर वेलराज की सिनेमैटोग्राफी होगी। वादीवासल का निर्माण वी क्रिएशन्स बैनर के तहत कलाईपुली थानु द्वारा किया गया है।

### धनुष की आने वाली फिल्में

धनुष को आखिरी बार फिल्म रयान में देखा गया था। अब अभिनेता के पास कई परियोजनाएं हैं। धनुष के पास शेखर कम्मुला की कुबेर है, जिसमें रश्मिका मंदाना और अक्किनेनी नागार्जुन शामिल हैं। साथ ही अभिनेता के पास नित्य मेनन के साथ इडली कढ़ाई और निर्देशक राजकुमार पेरियासामी के साथ एक अनाम परियोजना शामिल है।



# जान्हवी-खुशी से तुलना किए जाने पर बोलीं रवीना की बेटी राशा

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अपनी आगामी फिल्म आजाद के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अपनी फिल्म के सिनेमाघरों में आने से पहले ही, अभिनेत्री अपने लेटेस्ट ट्रैक को लेकर लोगों की काफी तारीफें बटोर रही हैं। उन्हें दर्शकों ने आज की कैटरीना का टैग भी दिया है। हालांकि, कई लोग राशा की तुलना सुहाना खान, जान्हवी कपूर और खुशी कपूर से किया है। अब राशा ने खुद इसे लेकर चुप्पी तोड़ी है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।

### राशा ने तोड़ी चुप्पी

राशा ने हाल ही में फिल्मीज्ञान के साथ एक इंटरव्यू में जान्हवी, खुशी और सुहाना से उनकी तुलना करने वालो का जवाब दिया है और कहा है कि वह इन लोगों के अपोजिट अपना काम शुरू कर रही हैं। अभी तक उनकी फिल्म रिलीज नहीं हुई है। इसलिए अभी लोगों का यह तुलना करना गलत है। राशा ने यह भी कहा कि वह इन अभिनेत्रियों की अचीवमेंट से सीखना चाहती हैं न कि कोई कंपैरिजन करना चाहती हैं। राशा ने इन दिनों आजाद में अपने डांस नंबर से धूम मचा रही हैं। उई अम्मा गाने में उनके प्रदर्शन के बारे में प्रशंसकों की मिली-जुली राय है। कुछ को राशा का यह परफॉर्मेंस कैटरीना कैफ का लोकप्रिय गाना चिकनी चमेली की याद दिला रहा है।

### लोगों की मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया

एक यूजर ने राशा की परफॉर्मेंस को देखकर कहा, राशा सच में कितना अच्छा डांस करती हैं। राशा ने सच में काफी मेहनत की है। दूसरे यूजर ने लिखा, राशा बाकी स्टार किड्स की तुलना में काफी अच्छी परफॉर्म करती हैं। एक और यूजर ने कहा, राशा जल्द ही बॉलीवुड की बड़ी स्टार बन जाएंगी, उनकी मेहनत इस गाने में साफ दिख रही है।

### इन प्रोजेक्ट्स में आएंगे नजर

खुशी और सुहाना ने जोया अख्तर की द आर्चीज से अपना डेब्यू किया, जिसमें उनके प्रदर्शन के लिए मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। खुशी आमिर खान के बेटे जुनैद के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट लवयापा की तैयारी कर रही हैं। इस बीच, सुहाना अपने पिता शाहरुख खान के साथ सिद्धार्थ आनंद की किंग में स्क्रीन साझा करेंगी।



## बिग बॉस में एंट्री नहीं आसान, 7 घंटे तक होता है इंटरव्यू

बिग बॉस 18। में इस बार अभिनेत्री यामिनी मल्होत्रा ने ग्लैमर का तड़का लगाया। हालांकि, वह ज्यादा दिनों तक घर के अंदर नहीं रह सकी और एविक्ट हो गईं। एक इंटरव्यू में यामिनी ने बिग बॉस में एंट्री लेने की प्रक्रिया के बारे में बताया, उनके अनुसार शो में एंट्री लेना इतना आसान नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यामिनी ने कहा, हमारे बहुत सारे साक्षात्कार हुए, हमने 6-7 घंटे का इंटरव्यू दिया, जिसमें चार लोग बैठे थे वह चार लोग जब हमसे सवाल पूछते है तो रैपिड सवाल पूछते हैं, हमें दबाव में डाला जाता है ताकि हमारा रिएक्शन सामने आए। इस दौरान आपके सहने की क्षमता को देखा जाता है, देखा जाता है कि आप कितनी जल्दी रिएक्ट करते हैं और कितनी समझदारी के साथ आप जवाब देते हैं। वह देखते हैं कि आप बिग बॉस के अंदर जा रहे हो तो वहां टिक पाओगे या दो दिनों के अंदर ही घर से बाहर आने के लिए रोने लगोगे शो में आपका सेलेक्शन मेंटल टोलरेंस और इंटेलिजेंस के आधार पर होता है, यह केवल ग्लैमर के बारे में नहीं है।

# धूम 4 के लिए रणबीर कपूर का होगा ट्रांसफॉर्मेशन

रणबीर कपूर के खाते में अपकमिंग मेगा बजट फिल्म धूम 4 आ चुकी है। एक्टर ने इस फिल्म की तैयारी भी शुरू कर दी है। रिपोर्ट्स हैं कि फिल्म धूम 4 के लिए रणबीर कपूर पूरी तरह से लुक ट्रांसफॉर्म करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल अप्रैल में शुरू होने वाली है। हाल ही में आई इंडिया टुडे की रिपोर्ट में फिल्म से जुड़े सूत्रों के हवाले से लिखा गया है, रणबीर कपूर को फिल्म धूम 4 में नया लुक रखना होगा और उसे शुरू करने से पहले वो अपने 2 मौजूदा प्रोजेक्ट्स पूरे करने वाले हैं। धूम 4 की शूटिंग को अप्रैल 2026 में शुरू करने की प्लानिंग है। प्रोडक्शन टीम फिलहाल फिल्म के लिए 2 फीमेल लीड को लॉक करने की कोशिश कर रही है। फिल्म के लिए साउथ इंडस्ट्री की एक्ट्रेस को कंसिडर किया जा रहा है। कुछ समय पहले ही सामने आया था कि आदित्य चोपड़ा धूम फेंचाइजी की 3 कामयाब फिल्मों के बाद इस फेंचाइजी को आगे ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म को आयान मुखर्जी डायरेक्ट कर सकते हैं, वहीं विजय कृष्ण आचार्य इस फिल्म से बतौर राइटर जुड़े हैं। इससे पहले विजय कृष्ण आचार्य ने साल 2013 में आई धूम 3 को डायरेक्ट भी किया था। बताते चलें कि धूम फेंचाइजी की 3 फिल्में, धूम, धूम 2 और धूम 3 रिलीज हो चुकी हैं। पहली फिल्म में अभिषेक बच्चन, जॉन अब्राहम, उदय चोपड़ा अहम किरदारों में थे, जबकि दूसरी फिल्म धूम 2 में अभिषेक बच्चन, ऋतिक रोशन और ऐश्वर्या राय लीड रोल में थे। साल 2013 में रिलीज हुई धूम 3 में आमिर खान ने डबल रोल निभाया था, जबकि उनके साथ कटरीना कैफ भी थीं। रणबीर कपूर के खाते में कई बड़ी फिल्में आने वाले सालों में रणबीर कपूर कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। फिलहाल उनके पास नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही मेगाबजट फिल्म रामायण है, जिसमें वो भगवान श्री राम का रोल प्ले करेंगे। इसके अलावा वो संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल पार्क में भी नजर आने वाले हैं। कुछ समय पहले ही रणबीर ने संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर साइन की है, जिसमें वो विक्की कौशल और आलिया भट्ट के साथ नजर आने वाले हैं। साथ में वो ब्रह्मास्त्र: पार्ट 2 देव में भी दिखेंगे।



## मिथिला पालकर और अमोल पाराशर की स्वीट ड्रीम का एलान

इस महीने सिनेमाघरों में कई फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं। वहीं, ओटीटी पर भी कमी नहीं है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली फिल्मों की लिस्ट में स्वीट ड्रीम्स भी है। अभिनेता मिथिला पालकर और अमोल पाराशर अभिनीत इस फिल्म की रिलीज डेट का आज सोमवार को मेकर्स ने एलान किया है।

### कौन हैं मिथिला और अमोल?

इस फिल्म का निर्देशन विक्टर मुखर्जी ने किया है। इसमें मेयांग चांग और सौरसेनी मैत्रा भी हैं। फिल्म को ज्योति देशपांडे, नेहा आनंद और प्रंजल खंधदिया ने प्रोड्यूस किया है। बात करें मिथिला की तो उन्होंने लिटिल थिंग्स (2016), सीरीज में उनके रोल के लिए जाना जाता है। काजोल के साथ वे त्रिभंगा में भी नजर आई हैं। अमोल टीवीएफ ट्रिपलिंग से लोकप्रिय हुए है। उन्हें विक्की कौशल की सरदार उधर में भी देखा गया। एक ऐसी कहानी पर आधारित फिल्म है, जो कल्पना और वास्तविकता के बीच की रेखा को धुंधला कर देती है। फिलहाल पोस्टर पर यूजर्स के मिले-जुले कमेंट आ रहे हैं।







# राजकुमार हिरानी की प्रीतम पेड्रो में विलेन बनेंगे विक्रांत

**विक्रांत मैसी पहले ही कई फिल्मों और टेलीविजन शो में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुके हैं। 2024 में उन्हें चार बैक-टू-बैक प्रोजेक्ट्स- ब्लैकआउट, हिर आई हसीन दिलरुबा, सेक्टर 36 और द साबरमती रिपोर्ट में देखा गया, जिसके लिए अभिनेता ने खूब तारीफें बटोरीं। उसके तुरंत बाद अपने कई अन्य आगामी प्रोजेक्ट्स की खबरों के बीच उन्होंने अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए ब्रेक लेने की घोषणा की। अब, जब उनके खलनायक की भूमिका निभाने की खबरें इंटरनेट पर सामने आईं तो सोशल मीडिया यूजर्स अभिनेता से उनके रिटायरमेंट के बारे में सवाल कर रहे हैं।**

### खलनायक बनेंगे विक्रांत

रिपोर्ट्स के अनुसार, विक्रांत मैसी ने राजकुमार हिरानी के डेब्यू वेब सीरीज प्रीतम पेड्रो में हीरो की भूमिका छोड़ दी है। हालांकि, अभिनेता ने एक खलनायक की भूमिका चुनी और शूटिंग शेड्यूल के दौरान उनकी उपलब्धता के कारण ऐसा हुआ। रिपोर्ट में दावा किया गया कि अस्थायी रूप से प्रीतम पेड्रो शीर्षक वाले इस शो में अब राजकुमार हिरानी के बेटे वीर हिरानी और अरशद वारसी मुख्य भूमिकाओं में होंगे। वीर, विक्रांत के लिए शुरू में तय की गई भूमिका निभाएंगे, जो एक युवा प्रेमी पुलिस अधिकारी का किरदार है। अरशद वारसी पेड्रो की भूमिका निभाएंगे, जो एक अनुभवी पुलिस अधिकारी है, जो पारंपरिक जांच विधियों पर निर्भर करता है।

### अरशद वारसी भी आएंगे नजर

कहा जा रहा है कि यह शो हिरानी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि वह न केवल अपने बेटे को फिल्म उद्योग में लॉन्च कर रहे हैं, बल्कि अपनी क्लासिक मुन्ना भाई फेंचाइजी के लगभग 19 साल बाद अरशद वारसी के साथ भी सहयोग कर रहे हैं। फिल्म में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता अविनाश अरुण, विज्ञापन फिल्म निर्माता अमित सत्यवीर सिंह के साथ सह-निर्देशक के रूप में डिज्नी प्लस हॉटस्टार सीरीज की वेब सीरीज में शामिल हो गए हैं। सीरीज को वर्तमान में मुंबई में फिल्माया जा रहा है, जिसका प्रोडक्शन मार्च 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है।
यह खबर एक्स पर सामने आने के बाद तुरंत सोशल मीडिया यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में जाकर विकरण मैसी के एक्टिंग से ब्रेक लेने की बात कही। एक यूजर ने कहा, उनके रिटायरमेंट के बारे में क्या? दूसरे यूजर ने टिप्पणी की, क्या उन्होंने सिनेमा में काम करना नहीं छोड़ दिया है? एक और कमेंट में लिखा था, विक्रांत ब्रेक ले रहा था न एक्टिंग से उसका क्या हुआ। एक अन्य यूजर ने लिखा, विक्रांत भाई रिटायर हो गए, फिर भी उन्होंने 10 फिल्में और वेब सीरीज साइन की।
दरअसल, विक्रांत मैसी ने कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर एक लंबा नोट साझा करते हुए अभिनय से ब्रेक लेने की बात कही थी, जिसे उनके रिटायरमेंट से जोड़कर देखा गया। हालांकि, बात ज्यादा आगे बढ़ने के बाद विक्रांत ने साफ किया था कि वे रिटायरमेंट नहीं, बल्कि लंबा ब्रेक लेने के बारे में बात कर रहे थे। फिर उन्होंने बताया था कि वे अपनी पत्नी के साथ क्वालिटी टाइम भी नहीं बिता पाए हैं। यहां तक कि वे उनके साथ हनीमून पर भी नए गए और अब उनका एक बेटा वरदान भी हो गया है। ऐसे में अब अभिनेता कुछ समय अपने परिवार के साथ बिताना चाहते हैं।

## फिल्म शक्ति शालिनी में नजर आएंगी कियारा

ए साल में मैडॉक ने न फिल्में अनाउंस की हैं, जिसमें शक्ति शालिनी फिल्म का नाम भी शामिल है। स्त्री, भेड़िया, मुंज्या के साथ-साथ शक्ति शालिनी भी मैडॉक के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। इसमें कियारा आडवाणी लीड रोल में नजर आएंगी। फिल्म की कहानी पर मैडॉक के दिनेश विजन और अमर कौशिक पिछले एक साल से काम कर रहे थे। फिल्म का नरेशन कियारा को खुद दुर्गेश ने ही सुनाया था और उन्हें वो काफी ज्यादा पसंद भी आया। पहले नरेशन में ही कियारा ने इस फिल्म के लिए हां कर दी थी। साथ ही साथ कियारा ने फिल्म में काम करने के लिए एक्साइटमेंट भी जताई। मेकर्स चाहते हैं कि स्त्री की तरह ये फिल्म भी रियल लोकेशन में ही शूट की जाए। टेक्निकल टीम ने लोकेशन की रेकी भी शुरू कर दी है।






## संक्षिप्त समाचार

### बजट 2025: रुपए की गिरावट से बढ़ी चिंता, बजट में इम्पोर्ट ड्यूटी पर सरकार कर सकती है बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डॉलर के मुकाबले रुपए में लगातार गिरावट ने सरकार की चिंताएं बढ़ा दी है। इससे निपटने के लिए सरकार आगामी बजट में कुछ अहम फैसले ले सकती है। श्वड्ड के मुख्य नीति सलाहकार डीके श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार आगामी बजट में पिछले कुछ महीनों में रुपये के मूल्य में आई भारी गिरावट को रोकने के लिए आयात पर उच्च शुल्क लगाने पर विचार कर सकती है। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने तर्क दिया कि उच्च आयात शुल्क से आयातकों की ओर से डॉलर की मांग पर अंकुश लगेगा और रुपए के गिरते मूल्य को रोकने में मदद मिलेगी। रुपया 13 जनवरी को 86.70 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया था। डीके श्रीवास्तव ने एक साक्षात्कार में कहा, ''अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में अचानक आई गिरावट नीति निर्माताओं के लिए एक



चुनौती बनने जा रही है। राजकोषीय पक्ष पर बजट निर्माताओं के लिए और मौद्रिक पक्ष पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लिए। उम्मीद है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सुधार होने जा रहा है और इसलिए बहुत सारे वित्तीय संसाधन दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का रुख कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि सिर्फ रुपया ही नहीं, बल्कि अन्य यूरोपीय मुद्राएं भी इसी तरह के दबाव का सामना कर रही हैं। श्रीवास्तव 15वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद के सदस्य भी हैं।'

### 5 बैंकों में सरकार बेचेगी अपनी हिस्सेदारी, शेयर बेचने की मच गई होड़

नई दिल्ली, एजेंसी। पांच राज्य के स्वामित्व वाले बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी), यूको बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक (पीएसबी) और बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) के शेयर आज बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। इन बैंकों के शेयरों में आज बड़ी गिरावट देखी जा रही है। सेंट्रल बैंक का शेयर 6 प्रतिशत गिरकर 51.55 रुपये पर आ गया। आईओबी के शेयर 7 प्रतिशत बढ़कर 50.10 रुपये पर आ गए। यूको बैंक के शेयर 6त्न से अधिक गिरकर 42.34 रुपये पर आ गए। वहीं, पीएसबी बैंक के शेयर 5त्न से अधिक गिरकर 45.49 रुपये पर और बीओएम के शेयर 4त्न से अधिक गिरकर 50.69 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। शेयरों में इन गिरावट के पीछे एक बड़ी वजह है। दरअसल, सरकार इन बैंकों में अपनी हिस्सेदारी बेच रही है।

**क्या है डिटेल**– कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, केंद्र सरकार ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) रूट के जरिए 5 पीएसयू बैंक के 10000 करोड़ फंड जुटाने की योजना को मंजूरी दे दी है। फंड जुटाने की कवायद चौथी तिमाही से छोटी-छोटी किश्तों में शुरू होगी।

### 4 साल बाद बैन हटते ही रॉकेट हुआ साइकिल कंपनी का शेयर

# 20 दिन में दोगुनी हो गई कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 20 दिन में पैसा डबल। सही पढ़ा आपने। साइकिल बनाने वाली कंपनी के शेयर ने मात्र 20 दिन में रकम दोगुनी कर दी है। इस कंपनी पर साल 2020 में ट्रेडिंग से बैन लगा था। पिछले महीने ही यह बैन हटा है। बैन हटते ही यह शेयर रॉकेट बन गया है। इसमें लगातार अपर सर्किट लग रहा है। यह कंपनी एटलस साइकिल (हरियाणा) लिमिटेड है। आज बुधवार को भी इसमें 5 फीसदी का अपर सर्किट लगा। अपर सर्किट के बाद यह शेयर सुबह 11 बजे 136.76 रुपये पर कारोबार कर रहा था। कल मंगलवार को यह शेयर 130.25 रुपये पर बंद हुआ था।

**साल 2020 में लगा था बैन**– इस कंपनी के शेयर पर दिसंबर 2020 में बैन लगा था। एटलस ने अपनी वित्त वर्ष 2024 की वार्षिक रिपोर्ट दाखिल की थी। इस रिपोर्ट में कंपनी ने कहा था कि फाइनेंशियल रिजल्ट दाखिल न करने या दाखिल करने में देरी के कारण बीएसई और एनएसई ने 16 दिसंबर 2020 को शेयरों का कारोबार बैन कर दिया था।

बीएसई और एनएसई ने पिछले साल 27 दिसंबर को एटलस के शेयरों के कारोबार पर लगा बैन हटा दिया था। यानी बैन हटने में चार साल लग गए। इसके बाद कंपनी के शेयरों में फिर से ट्रेडिंग शुरू हो गई।

#### 20 दिन में पैसा डबल

बैन हटते ही कंपनी के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। 27 दिसंबर को यह शेयर 62.99 रुपये पर खुला था और पहले ही दिन 5 फीसदी का अपर सर्किट लग गया। इसके साथ इसकी कीमत 66.13




रुपये हो गई थी। तब से लेकर अब तक इसमें लगातार तेजी आती जा रही है। अभी इस शेयर की कीमत 136.80 रुपये है। ऐसे में देखें तो 27 दिसंबर 2024 से लेकर अब तक 20 दिनों में इसमें 117 फीसदी की तेजी आ गई है। यानी इन 20 दिनों में शेयर की कीमत दोगुनी से ज्यादा हो गई है।

### पावना इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने एसआईपीसीओटी इंडस्ट्रियल पार्क में दो प्लॉट्स के लिए 99 साल का लीज़ समझौता किया

**मुंबई, एजेंसी।** पावना इंडस्ट्रीज लिमिटेड जो प्रतिष्ठित ओईएम के लिए विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाले ऑटोमोटिव पार्ट्स के निर्माण के कारोबार में संलग्न एक प्रमुख खिलाड़ी है, ने तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले (बी जिला) में स्थित एसआईपीसीओटी इंडस्ट्रियल पार्क, शूलागिरी (फ्यूचर मोबिलिटी पार्क) में दो प्लॉट्स को 99 साल के लीज़ पर लेने की घोषणा की है। इनकी कुल क्षेत्रफल 4.33 एकड़ है और इसका मूल्य 7.36 करोड़ रुपये है। इससे पहले, बोर्ड ने 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अपनी अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी थी।

## सिर्फ 10,000 रुपये उधार लेकर शुरू किया काम, खड़ा कर दिया 1,150 करोड़ का साम्राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमल खुशलानी ने सिर्फ 10,000 रुपये उधार लेकर 1,150 करोड़ रुपये का कारोबारी साम्राज्य खड़ा किया है। उनका ब्रांड मुफ्ती आज भारतीय फैशन जगत का जाना-माना नाम है। उनकी कहानी मेहनत, नए आइडिया और सपनों की ताकत को दिखाती है। 1998 में शुरू हुई उनकी यात्रा बाइक पर कपड़े बेचने से लेकर करोड़ों के कारोबार तक की है। आइए, यहां कमल खुशलानी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**पिता के निधन के बाद टूटा मुसीबतों का पहाड़**– कमल खुशलानी का जन्म सामान्य परिवार में हुआ था। 19 साल की उम्र में उनके पिता का निधन हो गया। इससे परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार की आर्थिक मदद के लिए कमल ने एक कैसेट कंपनी में नौकरी शुरू की। कठिनाइयों के बावजूद कमल को फैशन का शौक था। दोस्त और जानने वाले अक्सर उनसे कपड़ों और स्टाइल के बारे में सलाह लेते थे। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उन्होंने अपना बिजनेस शुरू करने के बारे में सोचा।



**10 हजार उधार लेकर शुरू किया काम**– 1992 में अपनी आंटी से 10,000 रुपये उधार लेकर कमल ने अपना पहला बिजनेस शुरू किया। यह एक शर्ट बनाने की कंपनी थी। इसका नाम स्न्न × स्न्न था। अपने घर से ही, जो उनका ऑफिस और गोदाम दोनों था, कमल डिजाइनिंग से लेकर प्रोडक्शन और सेल्स तक सब कुछ खुद संभालते थे। हालांकि, इस शुरुआती काम ने उन्हें एक आधार दिया। लेकिन, कमल कुछ बड़ा करना चाहते थे। 1998 में उन्होंने मुफ्ती ब्रांड लॉन्च किया। इसने आगे चलकर भारतीय पुरुषों के फैशन को बदल दिया। शुरुआती दिन आसान नहीं थे। बिना किसी ऑफिस या स्टाफ के कमल अपनी बाइक पर सूटकेस में कपड़े भरकर दुकानदारों को बेचते थे। मुफ्ती के लिए असली बदलाव 2000 के दशक की शुरुआत में आया। तब ब्रांड ने पुरुषों के लिए स्ट्रेच जींस पेश की। भारतीय बाजार में यह एक नया आइडिया था। इस इनोवेशन को ग्राहकों ने खूब पसंद किया और मुफ्ती छा गया। जल्द ही ब्रांड का विस्तार हुआ। कमल खुशलानी ने मुफ्ती के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट खोले। आज मुफ्ती के पूरे देश में 379 एक्सक्लूसिव ब्रांड स्टोर, 89 बड़े फॉर्मेट स्टोर और 1,305 मल्टी-ब्रांड आउटलेट हैं। शून्य से शिखर तक के इस सफर में कमल को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इसमें सामाजिक संदेह भी शामिल था। हालांकि, वह अपने विजन पर डटे रहे। किसी भी संदेह या बाधा से नहीं डिगे।

#### अनगिनत उद्यमियों के लिए प्रेरणा

कमल खुशलानी की कहानी उन सभी लोगों के लिए प्रेरणादायक है जो अपने सपनों को पूरा करना चाहते हैं। यह कहानी बताती है कि मुश्किलें कितनी भी बड़ी क्यों न हों, अगर इरादे मजबूत हों तो सफलता जरूर मिलती है। कमल ने सिर्फ एक ब्रांड ही नहीं बनाया, बल्कि एक ऐसी मिसाल कायम की जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उनकी कहानी यह भी दर्शाती है कि बिजनेस में सिर्फ पैसा ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों का भी बहुत महत्व होता है। मुफ्ती उनके दृढ़ संकल्प और फैशन के जुनून का प्रतीक है, जो अनगिनत उभरते उद्यमियों को हर मुश्किल के बावजूद अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित करता है।

# 9000 रुपये के पार जा सकता है केनेस टेक्नोलॉजी का शेयर

### 587 रुपये से 6700 पहुंचा है शेयर का दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केनेस टेक्नोलॉजी के शेयरों में रॉकेट सी तेजी आई है। केनेस टेक्नोलॉजी के शेयर बुधवार को बीएसई में 8 पर्सेंट से ज्यादा के उछाल के साथ 6750 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर पिछले एक साल में 140 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि केनेस टेक्नोलॉजी के शेयरों में और तेजी देखने को मिल सकती है। केनेस टेक्नोलॉजी के शेयर करीब 26 महीने में 587 रुपये से बढ़कर 6700 रुपये के पार जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 7824.95 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 2425 रुपये है।

**कंपनी के शेयरों को मिला है 9100 रुपये का टारगेट**– घरेलू ब्रोकरेज हाउस मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने केनेस टेक्नोलॉजी के शेयर खरीदने की सलाह दी है। ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों को बाय रेटिंग दी है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने केनेस टेक्नोलॉजी के शेयरों के लिए 9100 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। केनेस टेक्नोलॉजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर में ऑपरेट करती है। कंपनी का मार्केट कैप 41,500 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

### 587 रुपये से 6700 रुपये के पार पहुंचे कंपनी के शेयर

केनेस टेक्नोलॉजी का आईपीओ 10 नवंबर 2022 को खुला था और यह 14 नवंबर 2022 तक ओपन रहा। आईपीओ में केनेस टेक्नोलॉजी के शेयर का दाम 587 रुपये था। कंपनी के शेयर 22 नवंबर 2022 को बीएसई में 775 रुपये पर लिस्ट हुए थे। कंपनी के शेयर 15 जनवरी 2025 को 6750 रुपये पर पहुंच गए हैं। यानी, पिछले करीब 26 महीने में केनेस टेक्नोलॉजी के शेयर 587 रुपये से बढ़कर 6750 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों में 140 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 15 जनवरी 2024 को 2762.95 रुपये पर थे। केनेस टेक्नोलॉजी के शेयर 15 जनवरी 2025 को 6750 रुपये पर जा पहुंचे हैं।

**6 महीने में कंपनी के शेयरों में 65त्न से ज्यादा की तेजी**– केनेस टेक्नोलॉजी के शेयरों में पिछले 6 महीने में 65 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 15 जुलाई 2024 को 4050.65 रुपये पर थे। केनेस टेक्नोलॉजी के शेयर 15 जनवरी 2025 को 6750 रुपये पर जा पहुंचे हैं।

### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एसरी इंडिया ने कुंभ वेबऐप पेश किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाकुंभ मेले में स्थान खोजने में श्रद्धालुओं की मदद और उन्हें समृद्धशाली अनुभव प्रदान करने के लिए एसरी इंडिया ने kumbhlocator.esri.in नाम से एक वेबऐप लांच किया है। यह वेबऐप हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। जीआईएस आधारित यह वेबऐप मेला में ठहरने, स्नान घाटों, पार्किंग, सड़कों (लाइव ट्रैफिक के साथ), मौसम अपडेट, प्रवेश और निकासी बिंदुओं, खोया पाया केंद्रों, ई रिक्शा स्टैंड, पुलिस थानों, अग्निशमन केंद्रों, अस्पतालों आदि के बारे में सूचना उपलब्ध कराता है। महाकुंभ मेला उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। नदी के किनारे 4,000 हेक्टेयर विशाल क्षेत्र में फैले इस मेले में दुनियाभर से 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने का अनुमान है। महाकुंभ मेले के प्रथम स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के दिन गंगा और संगम में डुबकी लगाने के लिए 1.65 करोड़ से अधिक लोग इस मेले में आए। यूज़र्स इस ऐप के जरिए आयोजनों, कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों के स्थान को चिह्नित कर सकते हैं। यह महत्वपूर्ण मंदिरों और प्रयागराज के अन्य पर्यटक स्थलों को दिखाने के लिए आर्कजीआईएस स्टोरी मैप्स भी प्रदर्शित करता है। एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेंद्र कुमार ने कहा, ऊकुंभ मेला में लाखों श्रद्धालुओं का अनुभव बढ़ाने के इरादे से हमने एक वेबऐप लांच किया है। इस वेबऐप के जरिए हमारा लक्ष्य एक ही जगह सभी उपयोगी सूचना को उपलब्ध कराना है। यह हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है और इसके लिए किसी तरह के लॉगइन या डाउनलोड की जरूरत नहीं है। इसका उद्देश्य मेला के रास्तों का पता लगाने, महत्वपूर्ण स्थलों तक पहुंचने और सुविधाओं के बारे में अपडेट रहने को लेकर श्रद्धालुओं को सशक्त करना है जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और उनकी पूरी यात्रा सुखद रहे। जीआईएस टेक्नोलॉजी बेहतर नैविगेशन, सुरक्षा और संगठन के लिए टूल्स की पेशकश कर एक तीर्थस्थल पर श्रद्धालुओं का अनुभव काफी हद तक बढ़ा सकती है। यह श्रद्धालुओं को इंटरऐक्टिव और रीयल टाइम मैप्स के साथ बड़े और भीड़भाड़ वाले स्थानों को आसानी से नैविगेट करने की सहूलियत देता है जिससे उन्हें घाटों, खोया पाया केंद्रों, पुलिस थानों, फायर स्टेशनों, विश्रामालयों आदि जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर पहुंचने में मार्गदर्शन मिलता है।

# अमेरिका ने अब एआई चिप के एक्सपोर्ट पर लगाया बैन, भारत पर भी पड़ेगा असर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के सत्ता में अंतिम दिन चल रहे हैं। 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। लेकिन जो बाइडेन जाते-जाते कई ऐसे काम कर रहे हैं जिनसे भारत को परेशानी हो सकती।

पहले उन्होंने रूस की दो तेल कंपनियों पर बैन लगाया था। इनमें से एक कंपनी सीधे भारत को तेल एक्सपोर्ट करती है। अब जो बाइडेन ने एआई चिप के एक्सपोर्ट को सीमित कर दिया है। चीन समेत कई देशों पर बैन भी लगा दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एआई चिप के एक्सपोर्ट को लेकर नए नियम जारी किए हैं। अमेरिका में एनवीडिया जैसी बड़ी कंपनी चिप बनाती है। नए नियम इस कंपनी के लिए भी हैं। इन नियमों के मुताबिक अमेरिका ने एआई चिप के एक्सपोर्ट को काफी हद तक बैन कर इसे सीमित कर दिया है। अमेरिका इस कदम से चीन की बढ़ती टेक्नोलॉजी को रोकना चाहता है, लेकिन इसकी चपेट में भारत समेत दुनिया के कई देश आ सकते हैं।

**कहां होता है चिप का इस्तेमाल**– इस चिप को ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट भी कहा जाता है। इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक कार, मोबाइल समेत कई चीजों में किया जाता है। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल और एप्लिकेशन में भी इनका इस्तेमाल काफी होता है।

**क्या कहा अमेरिका ने**– चिप के एक्सपोर्ट को लेकर अमेरिका ने एक बयान भी जारी किया है। इस बयान के मुताबिक, यह नियम सुनिश्चित करता है कि हमारे सहयोगी हमारे हितों की रक्षा करते हुए एडवांस टेक्नोलॉजी तक पहुंच सकें। दरअसल, अमेरिका चाहता है कि एआई का विकास अमेरिकी मानकों के अनुसार हो। इस कारण अमेरिका चिप पर कंट्रोल करना चाहता है।

**एनवीडिया ने किया विरोध**– अमेरिका के इन नए नियमों का विरोध अमेरिकी कंपनी एनवीडिया ने किया है। एनवीडिया ने कहा कि अमेरिका का यह नियम दुनियाभर में इनोवेशन और आर्थिक विकास को पटरी से उतारने की साजिश है। वहीं चीन ने भी अमेरिका के इस फैसले को गलत ठहराया है।

**भारत पर क्या पड़ेगा असर**– अमेरिका के इस बैन से भारत पर भी असर पड़ सकता है। रिलायंस ने हाल ही में एनवीडिया को चिप का ऑर्डर दिया है। वहीं दूसरी ओर टाटा कम्युनिकेशंस, योटा डेटा सर्विसेज, ई2ई नेटवर्क्स आदि को भी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

ये कंपनियां एआई क्लाउड कंप्यूटिंग में विस्तार कर रही हैं। इन्हें चिप की जरूरत पड़ती है। साथ ही सरकार के एआई मिशन पर भी असर दिखाई दे सकता है। अमेरिका ने भारत के लिए चिप की कैपिंग सीमित की है। नए नियमों के मुताबिक भारत समेत 140 देशों को साल 2025-26 में 50 हजार चिप एक्सपोर्ट की जाएंगी। वहीं चीन और रूस समेत 23 देशों पर पूरी तरह बैन लगा दिया है। इसके अलावा अमेरिका ने यूके, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी और स्वीडन पर कोई लिमिट तय नहीं की है।

**तेल पर भी किया खेल**– यह पहली बार नहीं है जब जो बाइडेन ने रूस और चीन पर बैन लगाने के उद्देश्य से नए नियम बनाए हैं। इन नियमों की चपेट में भारत भी आया है।

## अडानी की झोली में आएगी दिग्गज ग्रुप की कंपनी, 5000 करोड़ की होगी डील!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी समूह की कंपनी अडानी रियल्टी ने रियल एस्टेट प्रमुख एम्मार इंडिया में 4,000-5,000 करोड़ रुपये में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत शुरू कर दी है। लाइव मिंट ने सूत्रों के हवाले से बताया, यह सौदा एम्मार इंडिया में 70-100 प्रतिशत स्वामित्व अधिग्रहण के लिए होगा।



एम्मार की ज्यादातर परियोजनाएं प्रमुख स्थानों पर हैं, जो बेहतर वैल्यूएशन का क्लेम करती हैं। अधिग्रहण एक नॉन-लिस्टेड कंपनी अडानी रियल्टी द्वारा किए जाने की संभावना है।

#### क्या है डिटेल

सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, डील की वैल्यूएशन को फाइनल रूप दिया जाना बाकी है, लेकिन यह कम से कम 5,000 करोड़ रुपये के आसपास होने की संभावना है। बहुत कुछ अंतिम शर्तों पर बातचीत पर निर्भर करेगा। बता दें कि यदि यह सौदा हो जाता है, तो यह रियल एस्टेट में अडानी की सबसे बड़ी खरीद होगी, जहां उसने पिछले कुछ वर्षों में कई अधिग्रहण किए हैं। बता दें कि एम्मार इंडिया का स्वामित्व उसकी ग्लोबल पैरेंट कंपनी एम्मार ग्रुप के पास है। एम्मार ग्रुप दिग्गज रियल एस्टेट डेवलपर है जिसका मुख्यालय दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में है।

**कंपनी का कारोबार**– एम्मार इंडिया को दुबई स्थित एम्मार प्रॉपर्टीज पीजेएससी द्वारा प्रवर्तित किया जाता है, जिसने 828 मीटर की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा का निर्माण और स्वामित्व किया है। 2016 में, एम्मार के भारतीय संयुक्त उद्यम एम्मार एमजीएफ लैंड लिमिटेड दो संस्थाओं में विभाजित हो गए थे- एम्मार इंडिया लिमिटेड और एमजीएफ डेवलपमेंट लिमिटेड ने अपनी मौजूदा संपत्तियों में 60.11त्न और 39.89त्न हिस्सेदारी रखी।

## स्मृति मंधाना वनडे में सबसे तेज शतक बनाने वाली भारतीय महिला बनी

● हरमनप्रीत का रिकॉर्ड तोड़ा



**राजकोट (एजेंसी)।** कप्तान स्मृति मंधाना बुधवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में केवल 70 गेंद पर शतक पूरा करके खेल के इस प्रारूप में सबसे तेज सैकड़ा जड़ने वाली भारतीय महिला क्रिकेटर बनी। नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व कर रही इस सलामी बल्लेबाज ने ओर्ला प्रेंडरगैस्ट की गेंद पर शॉर्ट फाइन लेग पर कैच थमाने से पहले 80 गेंद पर 135 रन बनाए जिसमें 12 चौके और सात छक्के शामिल हैं। मंधाना ने सबसे तेज शतक लगाने का हरमनप्रीत का पिछला भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा। हरमनप्रीत ने पिछले साल बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 87 गेंदों में शतक बनाया था।

मंधाना का शतक इस प्रारूप में संयुक्त सातवां सबसे तेज शतक है। उन्होंने इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर चार्लोट एडवर्ड्स की बराबरी की जिन्होंने 2012 में 70 गेंद पर शतक बनाया था। यही नहीं मंधाना का एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह 10वां शतक है और इस तरह से वह महिला वनडे में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गईं। इस सूची में ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग (15) और न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स (13) शीर्ष पर हैं।

## ऋषभ पंत ने दिल्ली के रणजी ट्रॉफी मैच के लिए उपलब्धता की पुष्टि की, सौराष्ट्र के खिलाफ खेलेंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सौराष्ट के खिलाफ अगले रणजी ट्रॉफी मैच में दिल्ली के लिए खेलने के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है। पंत ने आखिरी बार रणजी ट्रॉफी 2017-2018 सीजन के दौरान खेला था। अब वह राजकोट में सीधे टीम से जुड़ सकते हैं, जहां 23 जनवरी से मैच होने वाला है।

डीडीसीए प्रमुख रोहन जेटली ने बताया, ऋषभ पंत ने सौराष्ट के खिलाफ दिल्ली के अगले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है। विकेटकीपर बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में निराशाजनक प्रदर्शन किया था, जहां भारत का एक दशक से चला आ रहा दबदबा खत्म हुआ और 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 22 जनवरी से शुरू होने वाली इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20आई श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। दिल्ली फिलहाल ग्रुप डी में पांच मैचों में 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। दिलचस्प बात यह है कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, जिन्होंने आखिरी बार 2012 में रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के लिए खेला था, ने शेष दो रणजी ट्रॉफी खेलों के लिए 38 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है।

# ऑस्ट्रेलिया भाग्यशाली रहा...

## अश्विन ने बीजीटी के दौरान इस खिलाड़ी को खेल बदलने वाला बताया



**चेन्नई (तमिलनाडु) (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड का प्रवेश ऑस्ट्रेलियाई टीम के पक्ष में खेल बदलने वाला साबित हुआ। उन्होंने कहा कि मेजबान टीम उनके बिना हार जाती, क्योंकि भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ उनकी राउंड-द-विकेट गेंदें 'प्रमुख कारक' साबित हुईं।

बोलैंड पूरी सीरीज में असाधारण रहे। उन्होंने अपनी मुश्किल-से-संभालने वाली, अथक लाइन और लेंथ से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया। उनका मुख्य आकर्षण स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का चार बार विकेट लेना था। वे इस सीरीज के दौरान भारतीय टीम की आंखों में सबसे बड़ा कांटा बनकर उभरे। उन्होंने तीन मैचों में 13.19 की औसत से 21 विकेट लिए जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/45 रहा। उन्होंने पांचवें टेस्ट में 10 विकेट लिए। वह सीरीज में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, सभी ने कहा कि पैट कमिंस ने शानदार सीरीज खेली, लेकिन उन्हें बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया भाग्यशाली था कि स्कॉट बोलैंड टीम में आए। अगर बोलैंड नहीं खेलते, तो भारत सीरीज जीत जाता। जोश हेजलवुड को कोई बुरा नहीं मानना ??चाहिए; वह एक शानदार गेंदबाज हैं। लेकिन अगर वे उसी आक्रमण के साथ जारी रहते, तो हम जीत जाते। हमारे बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए बोलैंड की राउंड-द-विकेट डिलीवरी एक प्रमुख कारक थी।

अश्विन ने यह भी कहा कि क्रिकेट के दृष्टिकोण से यह सीरीज क्लास और बेहतरीन थी। अश्विन ने कहा, सिडनी में आखिरी सत्र तक सीरीज दांव पर थी। यह कितनी शानदार सीरीज थी। विशुद्ध क्रिकेट के रूप में, यह एक बेहतरीन सीरीज थी, बेहतरीन। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी दिन तक कड़ी टक्कर के बाद सीरीज जीती। उस्मान ख्वाजा ने सीरीज के बाद कहा, %मुझे बुमराह ने आउट किया (जिन्होंने 32 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द सीरीज बने) इससे पता चलता है कि सीरीज कितनी जोरदार थी।

बोलैंड ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड की बहुचर्चित तिकड़ी की मौजूदगी के कारण उन्होंने बहुत अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेले हैं। 13 टेस्ट मैचों में उन्होंने 17.66 की औसत और 6/7 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ 56 विकेट लिए हैं। उन्होंने 14 वनडे और तीन टी20 मैच भी खेले हैं, जिसमें उन्होंने इन प्रारूपों में कुल मिलाकर 19 विकेट लिए हैं। बोलैंड ने 2016 में भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। बोलैंड का टेस्ट औसत टेस्ट इतिहास में आठवां सर्वश्रेष्ठ है और इस प्रारूप में कम से कम 50 विकेट लेने वाले गेंदबाजों में पहले विश्व कप (1914-18) के बाद से सर्वश्रेष्ठ है।

## मनु भाकर भी परेशान, ओलंपिक पदकों का रंग उतरा, बदलने की शिकायत करवाई दर्ज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में जीते दो कांस्य पदकों के स्थान पर नए पदक मिलने की संभावना है क्योंकि वह उन खिलाड़ियों के बड़े समूह में से हैं जिन्होंने शिकायत की है कि उनके पदक खराब हो चुके हैं। दुनिया भर के कई खिलाड़ियों ने हाल के दिनों में अपने घिसे हुए पदकों की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। यह पता चला है कि भाकर के पदकों का रंग 'उतर' गया है और वे खराब स्थिति में हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि क्षतिग्रस्त पदकों को 'मोनैई डे पेरिस (फ्रांस का राष्ट्रीय टकसाल) द्वारा व्यवस्थित रूप से बदला जाएगा।

खिलाड़ियों को मिलने वाला नया पदक पुराने के समान ही होगा। प्रत्येक ओलंपिक पदक के केंद्र में लगे लोहे के टुकड़ों का वजन 18 ग्राम (लगभग दो-तिहाई औंस) होता है। 'मोनैई डे पेरिस' फ्रांस के लिए सिक्के और अन्य मुद्रा तैयार करती है। पेरिस ओलंपिक की आयोजन समिति सभी क्षतिग्रस्त पदक बदलने के लिए 'मोनैई डे पेरिस' के साथ मिलकर काम कर रही है। पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक 2024 में दिये गये पदकों में प्रतिष्ठित एफिल टॉवर के टुकड़े शामिल थे। पेरिस 2024 के लिए 5,084 स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक महंगे आभूषण और घड़ी बनाने वाली कंपनी चौमेट (एलवीएमएच समूह का हिस्सा) द्वारा डिजाइन किए गए थे और 'मोनाई डे पेरिस' ने इनका निर्माण किया था।

### भारतीय स्टार के भविष्य पर इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर डेविड लॉयड बोले

# विराट कोहली का समय चला गया



**लंदन (एजेंसी)।** पूर्व इंग्लैंड क्रिकेटर डेविड लॉयड ने स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली के टेस्ट भविष्य पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि उनका समय समाप्त हो गया है। कोहली हाल के दिनों में लंबे प्रारूप में खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं क्योंकि हाल के टेस्ट सत्र में उनका प्रदर्शन यादगार नहीं रहा। पूर्व भारतीय कप्तान ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक बनाया, लेकिन अपनी फॉर्म को जारी रखने में असफल रहे क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने ऑफ स्टंप के बाहर उनकी कमजोरी का फायदा उठाया।

लंबे समय से खराब फॉर्म के बाद भारतीय टेस्ट टीम में कोहली की जगह को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हाल ही में लॉयड ने कोहली के खराब प्रदर्शन पर अपने विचार साझा किए और कहा कि भारतीय बल्लेबाज अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से आगे निकल चुका है। उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर उनकी कमजोरी पर भी टिप्पणी की और कहा कि एक बार जब वह इंग्लैंड आएंगे, तो उन्हें एक बार फिर उस क्षेत्र में निशाना बनाया जाएगा।

लॉयड ने कहा, विराट कोहली जानते हैं कि वे अपने सर्वश्रेष्ठ से आगे निकल चुके हैं और इससे उन्हें दुख होगा। जब भारत इंग्लैंड आएगा, तो आपको पता होगा कि वे कहां होंगे। ऑफ स्टंप के ठीक बाहर, और बिजनेस एरिया स्लिप होगा। 36 साल की उम्र में उन्हें दिमाग में पता है कि उन्हें क्या करना चाहिए। आपकी सजगता धीरे-धीरे काम करती है। पोंटिंग ने कहा कि वे सामान्य से थोड़ा अधिक समय तक खेलते रहे। चयनकर्ताओं को पता होना चाहिए। वे उन महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्हें हमने देखा है, लेकिन वे अपने सर्वश्रेष्ठ से आगे निकल चुके हैं। कोच गौतम गंभीर की भूमिका बहुत बड़ी होगी, क्योंकि वे उस ड्रेसिंग रूम में रहे हैं। उन्होंने समय खो दिया है। उनका समय खत्म हो गया है।

इसके अलावा लॉयड ने कहा कि कोहली के पास समय नहीं है, उन्होंने उनकी कमजोर होती सजगता और प्रतिक्रिया समय का उल्लेख किया। लॉयड ने कहा, जब आप महान क्रिकेटरों के बारे में बात करते हैं, तो एक चीज जो बाकी लोगों के पास नहीं है, वह है समय। उसने समय खो दिया है। यह चला गया है। उसका समय चला गया है। यह उम्र के साथ आता है। हर कोई आपको बताता है कि आपको क्या करना है। गेंद को छोड़ दो जैसी चीजें, इसे अंत तक देखो। लेकिन यह चला गया है। ये महान अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज हैं। अगर यह आउट होने का दोहराव वाला तरीका है - टेस्ट मैच में आपको पता है कि स्लिप का एक बैंक होने वाला है। अगर आप बार-बार आउट होते हैं, तो यह किसी के लिए भी एक संकेत है कि रिफ्लेक्स और प्रतिक्रिया समय खत्म हो गया है।

### चैंपियंस ट्रॉफी

# पीसीबी ने भव्य समारोह की योजना बनाई, भारतीय कप्तान जाएंगे पाकिस्तान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत चैंपियंस ट्रॉफी के अपने मैच तटस्थ स्थल पर खेलेगा लेकिन सूत्रों के मुताबिक टीम के कप्तान आठ साल के अंतराल के बाद इस प्रतिष्ठित आयोजन के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए मेजबान देश पाकिस्तान का दौरा करेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चैंपियंस ट्रॉफी के भव्य उद्घाटन समारोह की योजना बना रहा है, जो संभवतः 16 या 17 फरवरी को आयोजित किया जाएगा, बशर्ते अभ्यास मैच का कार्यक्रम तय हो। सभी टीम के कप्तान उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे, जो आईसीसी आयोजनों के लिए एक मानक अभ्यास है।

सूत्रों के मुताबिक, चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए भारतीय टीम के कप्तान पाकिस्तान दौरा करेंगे क्योंकि पीसीबी ने 29 साल के बाद पाकिस्तान में एक बड़े अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट आयोजन की वापसी के लिए भव्य समारोह की योजना बनाई है। 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 2025, मेजबान के रूप में पाकिस्तान का पहला प्रमुख आईसीसी टूर्नामेंट होगा। इससे पहले पाकिस्तान ने भारत और श्रीलंका के साथ 1996 क्रिकेट विश्व कप की सह-मेजबानी की थी। टूर्नामेंट हाइब्रिड प्रारूप में खेला जाना है, जिसमें पाकिस्तान अधिकांश मैचों की मेजबानी करेगा, लेकिन भारत के सभी ग्रुप मैच और पहला सेमीफाइनल दुबई में खेला जाएगा। अगर भारत फाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो इसे भी दुबई में स्थानांतरित कर दिया जाएगा; अन्यथा, लाहौर चैंपियनशिप मैच की मेजबानी करेगा।

आठ टीमों के इस आयोजन में मेजबान पाकिस्तान के साथ अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल होंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में होने वाले मैच से होगी और बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होने वाला है। तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण भारत और पाकिस्तान केवल विश्व कप और एशिया कप जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में ही प्रतिस्पर्धा करते हैं। दोनों टीमों ने आखिरी बार न्यूयॉर्क में 2024 आईसीसी टी-20 विश्व कप में खेला था।

## भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास, आयरलैंड के खिलाफ बनाए रिकार्ड 435 रन

**राजकोट (एजेंसी)।** प्रतिका रावल (154) और कप्तान स्मृति मंधाना (135) की तूफानी शतकीय पारियों की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को जीत के लिए रिकार्ड 436 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां भारतीय टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रतिका रावल और कप्तान स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए रिकाड '233 रनों की साझेदारी की। 27वें ओवर में ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने स्मृति मंधाना को आउट कर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। मंधाना ने 80 गेंदों में 12 चौके और सात छक्के लगाते हुए (135)रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने मात्र 70 गेंदों में अपना 10वां एकदिवसीय शतक भी पूरा किया।



इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ऋचा घोष ने प्रतिका रावल के साथ दूसरे विकेट लिये 104 रनों की साझेदारी की। 39वें ओवर में आर्लीन केली ने ऋचा घोष को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। ऋचा घोष ने 42 गेदों में 10 चौके और एक छक्के की मदद से (59) रन बनाए।

दोहरे शतक की ओर बढ़ रही प्रतिका रावल को 44वें ओवर में फ्रेया सार्जेंट ने डेम्पसी के हाथों कैच आउट कराया। प्रतिका रावल ने 129 गेंदों में 20 चौके और एक छक्का लगाते हुए (154) रन बनाये। रावल तीसरी ऐसी भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने 150 के आंकड़े का पार किया है। तेजल हसबनिस (28), हरलीन देओल (15)रन बनाकर आउट हुई। दीप्ति शर्मा (11) और जेमिमा रॉड्रिग्स (चार) रन बनाकर नाबाद रही।

भारतीय महिला टीम के बल्लेबाजों ने आयरलैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर लेते हुए निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 435 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। आयरलैंड की ओर से ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने दो विकेट लिए। आर्लीन केली, फ्रेया सार्जेंट और जॉर्जिना डेम्पसी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## पहलवान अमन सेहरावत के ओलंपिक पदक का रंग फीका पड़ा, आईओसी से करेंगे शिकायत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 पेरिस ओलंपिक के सभी दोषपूर्ण पदकों को बदलने की खबरों के बीच भारतीय पहलवान अमन सेहरावत के कांस्य पदक का रंग भी फीका पड़ने लगा है, लेकिन पहलवान ने अभी तक इस मामले में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पेरिस 2024 में अपने ओलंपिक पदार्पण पर अमन ग्रीष्मकालीन खेलों में सबसे कम उम्र के भारतीय पदक विजेता बने, जब उन्होंने पुरुषों की 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीता।

रिपोर्टों के अनुसार 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए पदक बनाने वाली कंपनी मोनाई डे पेरिस ने कहा कि वह पदकों के खराब होने की कई शिकायतों के बाद एथलीटों के अनुरोध पर सभी क्षतिग्रस्त पदकों को बदल देगी। हालांकि अमन ने पदक बदलने के लिए आधिकारिक तौर पर अपनी शिकायत दर्ज नहीं कराई है। भारतीय पहलवान के एक करीबी सूत्र ने बताया, अमन सेहरावत ने पेरिस में जो कांस्य पदक जीता था, वह दोषपूर्ण लगता है। इसका रंग फीका पड़ने लगा है। हमने अभी तक आईओसी के साथ आधिकारिक शिकायत साझा नहीं की है।

## सूर्यकुमार यादव इंग्लैंड सीरीज में बनाएंगे ताबड़तोड़ रिकॉर्ड, बनेंगे पहले खिलाड़ी



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज गंवाने के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस से बाहर हो चुकी है। अब टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में तैयार है। भारत ने पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। इंग्लैंड जहां अपने बजबॉल श्रेणी के कारण मशहूर है तो वहीं, टीम इंडिया भी स्काईबॉल के जरिए जोरदार टक्कर देना चाहेगी। आगामी सीरीज के दौरान क्रिकेट फैंस कप्तान सूर्यकुमार यादव से काफी उम्मीदें लगाए होंगे। सूर्यकुमार इस सीरीज के दौरान बड़ा रिकॉर्ड बना सकते हैं।

सूर्यकुमार यादव ने अब तक 78 टी20 मैचों में 145 छक्के जड़े हैं। और 5 छक्के लगाकर वह 150 का आंकड़ा हासिल कर लेंगे। अगर इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने यह आंकड़ा हासिल कर लिया तो वह इसे 100 से कम पारियों में हासिल करने वाले पहले बल्लेबाज बन जाएंगे। इससे पहले यूएई के मोहम्मद वसीम ऐसा कर चुके हैं लेकिन सूर्यकुमार आईसीसी के फुल मेम्बर्स की लिस्ट में पहले बल्लेबाज होंगे। टेस्ट प्लेइंग देशों में मार्टिन गप्टिल ने यह आंकड़ा सबसे तेज हासिल किया था। गप्टिल ने 105 मैचों में 150 छक्के जड़े थे। रोहित शर्मा ने 119 मैच खेलकर 150 छक्कों का आंकड़ा हासिल किया था।

## रोहित शर्मा का जानशीन चला पृथ्वी शा की राह, टीम इंडिया में क्या कभी नहीं होगी वापसी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया में बने रहने के लिए शुभमन गिल, रोहित शर्मा, जयसवाल और ऋषभ पंत घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए तैयार है। अगर यह अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आसानी से टीम इंडिया में अपना स्थान पक्का कर लेंगे। लेकिन इनके घरेलू क्रिकेट में लौटने से अन्य क्रिकेटरों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट गया है। एक ऐसे ही क्रिकेटर ईशान किशन है। ईशान जो कभी भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के जानशीन माने जाते थे, अब टीम इंडिया में जगह बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। ईशान ने आखिरी बार 2023 नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेला था। उसके बाद कोच, कप्तान और सिलेक्टर की सलाह न मानने पर उन्हें बाहर कर दिया गया। उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से भी हटा दिया गया। उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हटाने की वजह घरेलू क्रिकेट नहीं खेलना था। अनुशासन में कोताली के कारण उनकी तुलना पृथ्वी शॉ से की गई जोकि अपनी हरकतों के कारण राज्य की टीम से भी बाहर हो चुके हैं।



**ईशान किशन को अब मौका मिलना हुआ मुश्किल** – ईशान किशन लगातार घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने कुछ आकर्षक पारियां भी खेली हैं लेकिन इसके बावजूद उनकी जल्द वापसी होती नहीं दिख रही है। वह करीब एक साल से टीम इंडिया से बाहर है। उनकी जगह श्रेयस अय्यर की वापसी के चांस बन गए हैं क्योंकि वह लगातार घरेलू क्रिकेट में बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन ईशान वैसा कमाल नहीं कर पाए हैं जैसा उन्हें करना चाहिए था। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में ईशान का चयन नहीं हुआ है। इससे साफ हो गया कि उनकी वापसी काफी मुश्किल होने वाली है।

**अंडर 19 कप्तान नहीं हो रहे सफल** – भारत के लिए अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप में बतौर कप्तान जाते प्लेयर ज्यादा सफल नहीं हो पाते। अगर विराट कोहली को छोड़ दिया जाए तो बाकी सभी क्रिकेटरों का भविष्य इतना उज्जवल नहीं है जितना होना चाहिए था। उन्मुक्त चंद 2012 में भारत के कप्तान थे। वे फिलहाल भारत से रिटायर हो चुके हैं। ईशान किशन 2016 में कप्तान थे। वह टीम इंडिया में जगह नहीं बना पा रहे हैं। पृथ्वी शॉ का भी यही हाल है। यश धूल भी साल 2022 में कप्तानी कर चुके हैं। वह घरेलू क्रिकेट में भी रन नहीं बना पाए हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### बदमाशों ने गार्ड को गोली मारकर कैश कलेक्शन टीम से लूटे 78 लाख; आरोपी हुए फरार

**जांजगीर चांपा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ से नकाबपोश बदमाशों द्वारा एक गार्ड को गोली मारकर लूट की बड़ी घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है। बदमाश घटना को अंजाम देकर 78 लाख रुपए लेकर फरार हो गए हैं। घायल गार्ड को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। मामला जांजगीर के चांपा जिले के खोखरा गांव स्थित शराब की दुकान का है। गार्ड शराब की दुकान में रुपए कलेक्शन के लिए पहुंचा था। लूट की यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम खोखरा में स्थित देशी शराब भट्ठी के पास शाम के समय हुई। कलेक्शन टीम ने क्षेत्र की अलग-अलग शराब दुकानों से लगभग 78 लाख रुपये इकट्ठा किया था। जब टीम खोखरा शराब दुकान से कैश लेने पहुंची, तभी बाइक सवार दो बदमाश वहां आ धमके। गार्ड को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने कट्टानुमा हथियार से फायरिंग की, जिससे गार्ड के पैर में गोली लग गई। गार्ड मौके पर ही गिर पड़ा और बदमाश वैन में रखे कैश से भरा बैग लेकर फरार हो गए। खून से लथपथ गार्ड को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर घटना की सूचना मिलते ही जिले में हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारियों ने तुरंत जिलेभर में नाकेबंदी करवाई और कई स्थानों पर चेकिंग प्वाइंट लगवाए। पुलिस की टीमें आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही हैं, ताकि लुटेरों की पहचान की जा सके। प्राथमिक जांच में पता चला है कि बदमाशों ने कट्टानुमा हथियार का इस्तेमाल किया है। शाम के समय हुई इस लूट की वारदात ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। पुलिस की टीमें बदमाशों की तलाश में जुटी हुई हैं। घटना को लेकर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। जांजगीर चांपा के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### गायों को काटा जा रहा है, इस्तीफा देकर लड़ूंगा; उप्र के भाजपा विधायक

**गाजियाबाद, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में भाजपा के विधायक नंद किशोर गुर्जर इन दिनों बेहद नाराज हैं। गाजियाबाद के लोनी और आसपास के इलाकों में गोकशी का आरोप लगाते हुए वह पुलिस अधिकारियों पर भड़के हुए नजर आते हैं। नंद किशोर गुर्जर ने एक बार फिर अधिकारियों को चेतावनी देते हुए यहां तक कहा कि ऐसा हाल रहा तो वह विधायकी से इस्तीफा दे देंगे और पद मुक्त होकर लड़ाई लड़ेंगे। गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी में गौवंश के अवशेष पाए जाने के बाद गुर्जर मौके पर पहुंचे थे। यहां वह पुलिसकर्मियों से सवाल-जवाब करते नजर आए। गुर्जर ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए कहा, लगता है गाजियाबाद के एक बड़े अधिकारी ने तय कर लिया है कि समाजवादी का एजेंट बनकर माननीय मुख्यमंत्री जी की छवि खराब करके रहेंगे क्योंकि इनके लिए जनपद में अब गौमाता की हत्या, तस्करी कोई मायने नहीं रखती और यह घटनाएं अब गाजियाबाद की दिनचर्या में शामिल हो गई है।

### गुरुग्राम में गैंगवार की आशंका, व्यापारी के मकान पर बाइक सवार बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

**गुरुग्राम एजेंसी।** गुरुग्राम के अशोक विहार फेज-3 की गली नंबर पांच में मंगलवार सुबह साढ़े पांच बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए एक निर्माणाधीन मकान पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। सूचना मिलने पर गुरुग्राम पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। सोशल मीडिया पर गैंगस्टर कौशल चौधरी के नाम से बनाए एक पेज पर फायरिंग की जिम्मेदारी लेते हुए दुश्मनों की मदद करने वालों को ठिकाने लगाने की धमकी दी गई। फिलहाल गुरुग्राम पुलिस ने मौके से गोलियों के खोल बरामद किए हैं। आसपास लगते घरों के सीसीटीवी की फुटेज को जांच के लिए लिया है। थाना पालम विहार में इस सिलसिले में मामला दर्ज हुआ है। बता दें कि गैंगस्टर कौशल इस समय भौंडसी जेल में बंद है। अशोक विहार के फेज-तीन के निवासियों की नींद मंगलवार सुबह ताबड़तोड़ गोलियों की आवाज से खुली।

# पानीपत की भूमि वीरों की भूमि है, जो वीरता और एकता को दर्शाती है: देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पानीपत की भूमि वीरों की भूमि है, जो वीरता और एकता को दर्शाती है और इसका संदेश भी देती है। यहीं से मराठों को एकता में रहने का सूत्र मिला और इसके बाद मराठों ने भगवे के स्वाभिमान को आगे बढ़ाते हुए हिंद स्वराज की स्थापना की। मराठों ने वीरता दिखाते हुए मंदिरों, आस्था स्थलों, पूजा स्थलों को तोड़ने वाले आक्रांताओं को सबक सिखाते हुए पुनः हिन्दुस्तान में भगवे की स्थापना की। मराठे संकुचित भावना को छोड़ देव, देश और धर्म के लिए लड़े। वे जिस मुहिम में हार गए थे, उसको दोबारा स्थापित किया। पानीपत की भूमि मराठों, वीरों के रक्त से संचित भूमि है। अगर उस समय देश के अन्य राजा मराठों की मदद के लिए आगे आते तो अब्दाली हार जाता। अगर उस समय एक होते तो सेफ होते। एक नहीं थे तो सेफ भी नहीं थे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस मंगलवार को पानीपत के काला आम्ब स्थित स्थल पर शौर्य स्मारक समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार शामिल



होगी। यह कार्यक्रम हरियाणा सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह को सम्मिलित होने का आग्रह किया जाएगा और इस स्थल को विकसित करने की रूपरेखा पर विस्तृत कार्य किया जाएगा। देवेंद्र फडणवीस ने कहा, कि पानीपत की शौर्य भूमि पर शौर्य के प्रतीक के रूप में छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा स्थापित करेंगे, ऐसा संकल्प मैं करता हूं। किसानों ने शौर्य स्मारक के लिए आवश्यक भूमि के विस्तार पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है, जिन किसानों को जमीन के लिए अभी तक मुआवजा नहीं मिला है, उनको महाराष्ट्र सरकार द्वारा उचित मूल्य दिया जाएगा। फडणवीस ने कहा कि भारत के इतिहास में छत्रपति शिवाजी महाराज इकलौते ऐसे नायक है कि जिन्होंने देश का इतिहास बदल दिया। देश ऐसी अवस्था में था कि शायद हमसे से कोई हिंदू कहलाने लायक नहीं बचता। तब मां जिजाऊ ने ऐसे वीर पुत्र को जन्म दिया और कसम दी आंक्राताओं को हटाने का लक्ष्य दिया। मां भवानी देव देश और धर्म के लड़ूंगा। छत्रपति शिवाजी महाराज ने जाति-पाति विहीन ऐसी मावड़ों की सेना बनाई। उन्होंने मुगलों से लड़ाई लड़ी। छत्रपति शिवाजी ने मुगलों को पराजित करके स्वराज्य की स्थापना की। उसके बाद हमारा मराठा साम्राज्य रुका नहीं। छत्रपति संभाजी महाराज ने जिस प्रकार से लड़ते-लड़ते उसी जमीन में औरंगजेब को जमीन में दफन कराया। मराठाओं ने जब संस्कार, संस्कृति और हिंदुत्व पर हमला हो रहा था, देश में हमारे उपासना स्थलों को तोड़ा जा रहा था, तब मुगलों से लड़ाई लड़ी। फडणवीस ने कहा कि यह मराठाओं की देन है कि आगे चलकर बाजीराव पेशवा के काल में तो अटक से लेकर कटक तक हिदवी स्वराज्य का विस्तार कर देश, धर्म एवं संस्कृति रक्षण का कार्य किया। फडणवीस ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने भगवा ध्वज के नीचे सबको एक साथ लाए।

# दिल्ली विधानसभा चुनावों में हमें केजरीवाल की मदद करनी चाहिए: शरद पवार

**मुंबई, एजेंसी।**
लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा और उसके गठबंधन के खिलाफ बने विपक्षी महागठबंधन इंडिया अलायंस के एक और साथी दल ने कांग्रेस को करारा झटका दिया है। अलायंस के बड़े घटक दल और वरिष्ठ नेता शरद पवार ने दो टूक कहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनावों में हमें केजरीवाल की मदद करनी चाहिए। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, मुंबई में मीडिया से बात करते हुए शरद पवार ने दिल्ली चुनावों पर कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में मेरी भावना है कि हमें अरविंद केजरीवाल की मदद करनी चाहिए।



हालांकि, इंडिया अलायंस पर उन्होंने भी यह बात साफ की कि इस अलायंस के तहत कभी भी राज्य विधानसभाओं के चुनाव या लोकल बॉडी इलेक्शन पर कोई बातचीत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन के फोरम पर हमेशा राष्ट्रीय चुनावों पर ही चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय चुनावों के मद्देनजर समान विचारधारा वाली पार्टियों की एकजुटता के लिए बना था। पवार ने ये भी कहा कि महाराष्ट्र में आगामी नगर निगम चुनावों के लिए इंडिया अलायंस यानी महा विकास अघाड़ी के घटक दल 8-10 दिनों में बैठक करेंगे और यह तय करेंगे कि बीएमसी चुनाव हम एक साथ लड़ेंगे या अकेले-अकेले लड़ेंगे।

बता दें कि शरद पवार से पहले इंडिया अलायंस के घटक दलों में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस की चीफ ममता बनर्जी ने भी अरविंद केजरीवाल का समर्थन करने का ऐलान किया है। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना ने भी आप को समर्थन देने के संकेत दिए हैं। इन दलों की दलील है कि भाजपा को हराने के लिए सबसे मजबूत साथी की मदद करनी चाहिए। दिल्ली में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी की मुख्य लड़ाई भाजपा से है लेकिन कांग्रेस भी आप के खिलाफ ताल ठोक रही है। इससे चुनाव रोचक हो गया है।

# कर्नाटक कांग्रेस में तकरार! आए नए मुख्यमंत्री दावेदार, सिद्धारमैया के पूरे हो रहे हैं ढाई साल

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में अगले मुख्यमंत्री को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, अब तक पार्टी या किसी नेता ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। इसी बीच खबरें हैं कि राज्य सरकार में मंत्री आरबी टिम्मापुर ने भी सीएम बनने की इच्छा जाहिर कर दी है। खास बात है कि ये घटनाक्रम ऐसे समय पर हो रहे हैं, जब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया लगभग आधा कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। 2023 में चुनाव जीतने के बाद राज्य में कथित तौर पर ढाई साल बाद सीएम बदलना तय हुआ था। टिम्मापुर ने कहा, दलित को क्यों मुख्यमंत्री पद नहीं दिया जाना चाहिए? मुझे सीएम क्यों नहीं बनाया जाना चाहिए? खास बात है कि राज्य सरकार में दलित नेता कई अहम पदों पर रहे, लेकिन अब तक कोई भी सीएम नहीं रहा है। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री पद की रेस में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार सबसे प्रबल दावेदार हैं। दरअसल, 2023 विधानसभा चुनाव में जीत के बाद कहा जा रहा था कि शिवकुमार सीएम पद के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं।



हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के नेताओं का कहना है कि अपना उत्तराधिकारी चुनने के लिए सिद्धारमैया रणनीतिक रुख अपना रहे हैं। एक नेता ने कहा, यह खुला राज है कि वह दलित मुख्यमंत्री के आसपास चर्चाएं बढ़ा रहे हैं, ताकि पार्टी के अंदर विरोध को कम किया जा सके। खासतौर से ऐसे समय पर जब उनका आधा कार्यकाल पूरा रहो रहा है। हालांकि, उनकी इस रणनीति का खासतौर से शिवकुमार कैंप विरोध कर रहा है।

मामले के जानकार लोगों का कहना है कि दलित नेता पर सहमति बनाने के लिए एससी एसटी विधायकों की बैठक बुलाई गई थी, लेकिन कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला के दखल के बाद इसे रद्द कर दिया गया। कथित तौर पर शिवकुमार के कहने पर हस्तक्षेप किया गया था। जी परमेश्वरा का कहना है, जैसा कि दिखाया जा रहा कि इसे कैंसिल कर दिया गया है। ऐसा नहीं है, सिर्फ टाला गया है। उन्होंने कहा, कोई भी बैठक को नहीं रोक सकता है। अगर कोई भी कहता है कि वे दलित मुद्दों पर बात करने के लिए बैठक बर्दाश्त नहीं कर सकते, तो हम उन्हें करारा जवाबदेंगे। हमारे पास क्षमता और ताकत है। कहा जा रहा है कि बैठक कैंसिल होने ने राज्य के कई दलित नेताओं को नाराज कर दिया है।

# यह कहते हुए दुख होता है, लेकिन हमारी पार्टी की हालत कांग्रेस जैसी हो गई है: विधायक भास्कर जाधव

**रत्नागिरी, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार के बाद शिवसेना यूबीटी के सामने नई चुनौती खड़ी हो रही है। नेता खुले मंचों से पार्टी के कामों की आलोचना कर रहे हैं। हाल ही में एक वरिष्ठ नेता और विधायक ने शिवसेना यूबीटी की तुलना कांग्रेस की हालत से कर दी। खास बात है कि ये घटनाक्रम ऐसे समय पर हुए हैं, जब मुंबई में बीएमसी यानी बृहन्मुंबई महानगरपालिका की तैयारियां जारी हैं।



विधायक भास्कर जाधव ने पार्टी के काम करने के तरीकों पर सवाल उठा दिए। सोमवार को उन्होंने रत्नागिरी जिले में चिपलून और आसपास के क्षेत्रों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी। उन्होंने कहा, यह कहते हुए दुख होता है, लेकिन हमारी पार्टी की हालत कांग्रेस जैसी हो गई है। हमारे पास काम नहीं करने वाले पदाधिकारियों और नेताओं को हटाने की हिम्मत नहीं है। वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के सुझाव सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया है कि पार्टी के पदाधिकारियों का निश्चित कार्यकाल होना चाहिए। खास बात है कि उस दौरान बैठक में पूर्व सांसद विनायक राउत और उद्धव ठाकरे के करीबी संजय कदम भी मौजूद थे। जाधव ने कहा, हमें गलत फैसलों पर विचार करना होगा और आगे की प्रक्रिया बेहतर करनी होगी। यह संगठन को मजबूत करेगा और आगामी चुनावों में अहम भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा आज हिन्दुत्व सिखा रही है, लेकिन बालासाहब ठाकरे थे, जो ताकतवर कांग्रेस के खिलाफ खड़े हुए थे। उन्होंने कहा, पार्टी के कार्यकर्ता संगठन के लिए मेहनत करना चाहते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से नेता उन लोगों का पक्ष लेते हैं, जो पैसा देते हैं। पार्टी कार्यकर्ता तब ही मेहनत कर सकेंगे, जब नेता ईमानदार होंगे। शिवसेना आग है और कभी कभी हमें जलते कोयलों पर चलना पड़ता है। इसपर, पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने कहा कि जाधव ने जो भी कहा, उसपर विचार किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे समय पर वरिष्ठ नेताओं को देखना चाहिए कि वह क्या बोल रहे हैं। वह जाधव की तरफ से पार्टी के काम करने के तरीकों पर सवाल उठाए जाने से नाराज दिखे।

# शपथ ग्रहण से पहले ट्रंप का बड़ा एलान, देशों से टैरिफ वसूल करने के लिए बनाएंगे बाह्य राजस्व सेवा एजेंसी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ ग्रहण करने से पहले बड़ा एलान किया है। ट्रंप ने विदेशी देशों के टैरिफ और अन्य राजस्व इकट्ठा करने के लिए बाह्य राजस्व सेवा नाम से नई एजेंसी बनाने की घोषणा की है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि हम उन लोगों से शुल्क वसूलेंगे जो हमसे व्यापार के जरिये पैसा कमाते हैं। उन्होंने कहा कि वे लोग हमें भुगतान करना शुरू कर देंगे। मेरी योजना बाह्य राजस्व सेवा जैसी एजेंसी बनाने की है। यह अमेरिका में कर की वसूली करने वाली आंतरिक राजस्व सेवा एजेंसी



जैसी होगी। वहीं डेमोक्रेटिक सांसदों ने ट्रंप की नई योजना का विरोध किया। सीनेट की वित्त समिति के शीर्ष डेमोक्रेट ओरेगन सीनेटर रॉन विडेन ने कहा ऐसी मूर्खतापूर्ण रीब्रांडिंग से कुछ भी छिपने वाला नहीं है। ट्रंप की योजना अमीरों को कर में छूट देने और अमेरिकी परिवारों और छोटे व्यवसायों पर कर वृद्धि करने की है। अमेरिकी संविधान के मुताबिक नई एजेंसी के गठन के लिए संसद के अधिनियम की जरूरत होती है। रिपब्लिकन के पास सदन और सीनेट दोनों में बहुमत है। वहीं अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि वह एक नई एजेंसी बनाएंगे जो मौजूदा एजेंसियों के कामों को संभालेगी। इसमें वाणिज्य विभाग, सीमा शुल्क और सीमा गश्ती शामिल है। शपथ ग्रहण करने से पहले ट्रंप ने सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) को तैयार कर दिया है। इसकी कमान दिग्गज कारोबारी एलन मस्क और उद्यमी विवेक रामास्वामी को सौंपी गई है। इस विभाग के तहत हजारों पुराने नियमों को समाप्त करने और सरकारी कर्मचारियों की संख्या घटाने की योजना बनाई गई है।

# सोमालिया तट पर जहाजों के लिए सतर्कता बरतने की अपील

**मोगादिशु, एजेंसी।** एक वैश्विक समुद्री निकाय ने मंगलवार को विदेशी जहाजों के संचालकों से सोमालिया तट और अदन की खाड़ी से गुजरते समय सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि समुद्री डकैती एक खतरा बनी हुई है। इंटरनेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स के इंटरनेशनल मैरीटाइम ब्यूरो (आईएमबी) ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि 2024 में सोमालिया तट के पास आठ समुद्री डकैती की घटनाएं दर्ज की गईं। आईएमबी के अनुसार, 2024 की पहली छमाही में दो मछली पकड़ने वाले जहाजों और एक बल्क कैरियर का अपहरण पिछले साल किया गया था जो आठ समुद्री डकैती की घटनाओं में शामिल था।

आईएमबी के निदेशक माइकल हॉवलेट ने कहा कि इसमें आत्मसंतुष्टि के लिए कोई स्थान नहीं है, क्योंकि चालक दल की सुरक्षा के लिए जारी खतरे लगातार सावधानी के महत्व को उजागर करते हैं। हॉवलेट ने कहा, मास्टर और पोत संचालकों को सख्ती से सतर्क रहने और गिनी की खाड़ी और पूर्वी अफ्रीका के जल क्षेत्र से गुजरते समय सर्वोत्तम प्रबंधन प्रथाओं में सभी सिफारिशों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आईएमबी ने कहा कि सोमाली समुद्री डाकू मुख्य जहाजों का उपयोग करके तट से 1,000 समुद्री मील से अधिक दूरी तक जहाजों को निशाना बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि हाल की घटनाएं इन अपराधियों की क्षमताओं को प्रदर्शित करती हैं जो 2017 से हमलों में कमी आने के बावजूद खतरा बने हुए हैं।

# हमास के साथ सीजफायर के विरोध में उतरे इजराइली नागरिक

### सरकार पर सरेंडर करने का आरोप लगाया; डील के समर्थन में भी प्रदर्शन

**तेल अवीव, एजेंसी।**
इजराइल और हमास के बीच सीजफायर डील के विरोध में इजराइली नागरिकों ने प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट की मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर आतंकियों के सामने सरेंडर करने का आरोप लगाया है। मंगलवार शाम डील के विरोध में सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारी इस डील को भविष्य के लिए खतरा बता रहे हैं। दूसरी तरफ सीजफायर के समर्थन में भी प्रदर्शन हुए। हजारों प्रदर्शनकारी पिछले कई दिनों से सीजफायर की मांग कर रहे हैं। मंगलवार को सीजफायर से जुड़ी खबर मिलने के बाद इन प्रदर्शनकारियों ने जश्न भी मनाया।

इजराइल और हमास में जल्द सीजफायर की घोषणा हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सीजफायर का पहला फेज 42 दिन को होगा। इजराइली




अधिकारियों ने सोमवार को बताया था कि डील के पहले फेज में 33 बंधकों को रिहा किया जाएगा। इनमें से 5 इजराइल की महिला सैनिक होंगी। इसके बदले इजराइल 250 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। 15 दिन बाद बाकी बंधकों को रिहा किया जाएगा। इस दौरान स्थायी तौर पर सीजफायर को लागू करने पर भी बातचीत की जाएगी।

गाजा में सीजफायर को लेकर इजराइल और हमास के बीच लगभग सहमति बन गई है। न्यूज एजेंसी-क्क ने मंगलवार को इस डील में शामिल दो अधिकारियों के हवाले से यह खबर दी। इस समझौते के लिए कतर की राजधानी दोहा में मिस्र, कतर और अमेरिका की मदद से बातचीत की गई। डील के लिए कल, 14 जनवरी को आखिरी बातचीत हुई। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल अल थानी ने इस बातचीत की मेजबानी की। इसमें इजराइल का प्रतिनिधित्व मोसाद चीफ डेविड बार्निया और शिन बेट चीफ रोनेन बार ने किया। वहीं, अमेरिका की तरफ से यहां पर ट्रम्प के दूत स्टीव विटकॉफ और बाइडेन के दूत ब्रेट मैकगर्क मौजूद रहे। हमास ने इस डील को स्वीकार किया है या नहीं, अभी इसकी जानकारी नहीं मिली है। वहां मंजूरी मिलने के बाद इसे इजराइली कैबिनेट में पेश किया जाएगा। वहां इसे मंजूरी मिलते ही सीजफायर डील को तुरंत लागू किया जाएगा। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक सीजफायर डील के तहत नॉर्थ गाजा से विस्थापित हुए फिलिस्तीनी नागरिकों को इजराइल वापस लौटने देगा। हालांकि इस इलाके में सुरक्षा के लिहाज से इजराइली सैनिकों की मौजूदगी बनी रह सकती है। गाजा और इजराइल के बीच बफर जोन बनाया जाएगा। बफर जोन को लेकर इजराइल और हमास दोनों की अलग-अलग मांगें हैं। इजराइल बॉर्डर से 2 किमी के बफर जोन की मांग कर रहा है।

# मार्क जुकरबर्ग का दावा: मोबाइल फोन होंगे विदा, अब आने वाला है स्मार्ट चश्मों का दौर

**वाशिंगटन , एजेंसी।** मोबाइल फोन आजकल लोगों की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन चुका है और इसके बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल हो गया है लेकिन तकनीक में बदलाव के साथ पुराने उपकरणों की जगह नए उपकरण लेने लगे हैं। ऐसा ही कुछ मोबाइल फोन के साथ भी होने वाला है। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग का मानना है कि मोबाइल फोन की तकनीक अब पुरानी हो चुकी है और भविष्य में स्मार्ट ग्लास (चश्मे) मोबाइल फोन की जगह लेंगे। जुकरबर्ग का कहना है कि आने वाले दस सालों में स्मार्ट ग्लास की लोकप्रियता और उपयोगिता स्मार्टफोन से भी ज्यादा हो जाएगी। इस्तेमाल केवल कुछ विशेष कामों के लिए करेंगे जबकि अधिकांश काम वे स्मार्ट ग्लास के जरिए कर पाएंगे। मेटा और एप्पल जैसी कंपनियां इस तकनीक पर काम कर रही हैं। मेटा रे-बैन के साथ मिलकर स्मार्ट ग्लास बनाने की तैयारी कर रही है जबकि सैमसंग और गूगल भी एआई फीचर्स के साथ स्मार्ट ग्लासेज लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं।स्मार्ट ग्लास में ऑगमेंटेड रियलिटी (संवर्धित वास्तविकता) तकनीक का इस्तेमाल होगा जो यूजर्स को डिजिटल फीचर्स के साथ कई सुविधाएं प्रदान करेगा। इन ग्लासेज में डिस्प्ले न केवल नोटिफिकेशंस बल्कि नेविगेशन और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी दिखाएगा। इन स्मार्ट ग्लासेस का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि यूजर्स को हाथों से काम करने की जरूरत नहीं पडेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129